जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 119 प्रभात जालोर, रविवार 4 अगस्त, 2024 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ नया फ्रंट खोला, चुनाव में वोटिंग प्रतिशत में हेराफेरी का

### कांग्रेस का आरोप है, लोकसभा चुनाव में भाजपा 79 सीटें मतदान प्रतिशत में हेराफेरी करके जीती है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 अगस्त। कांग्रेस पार्टी ने नरेन्द्र मोदी सरकार पर लोडेड मिसाइल दागी है और मतों में हेराफेरी करके फर्जी जीत हासिल करने का आरोप लगाया है।

यह आरोप लगाते हुए कि 2024 आम चुनावों में, कुल मतदान संख्या में हेराफेरी करके भाजपा ने 79 सीटों पर विजय हासिल की है, कांग्रेस ने आज भारतीय चुनाव आयोग से, प्रारंभिक तथा फाइनल मतदान आंकड़ों में बहुत अधिक अंतर के बारे में स्पष्टीकरण मांगा है।

वोटर फॉर डैमॉक्रेसी (वी.एफ.डी.) की एक रिपोर्ट को उद्धृत करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रैंस में कहा कि, चुनाव आयोग ने शुरु में जो कहा और अंत में जो आंकड़े दिए उसमें समग्र अंतर औसतन 4.7 प्रतिशत है, लेकिन पूरे राष्ट्र में मिलाकर ये 5 करोड़ वोट होते हैं।

- कांग्रेस के अनुसार, 2019 में मतगणना प्रारम्भिक रूप से घोषित मतदान प्रतिशत व फाइनल वोटिंग परसैन्टेज में केवल एक प्रतिशत का फर्क था, पर, 2024 में प्रारम्भिक मतदान प्रतिशत व फाइनल घोषित मतदान प्रतिशत में औसतन 4.7 प्रतिशत का फर्क था, जो जायज नहीं लगता।
- कांग्रेस के अनुसार, ओडीशा व आंध्र, जहाँ भाजपा को मतदान प्रतिशत में अप्रत्याशित सफलता मिली है, वहाँ, प्रारम्भिक व फाइनल में, 12.5 प्रतिशत का फर्क है और लक्षद्वीप में तो यह फर्क 25 प्रतिशत है।
- कांग्रेस का यह भी कहना है कि मतदान के बाद चुनाव आयोग द्वारा परिणाम घोषित करने में इतना अधिक समय लगाना भी संदेह उत्पन्न करता है। क्योंकि, आधुनिक टैक्नोलॉजी से तो मतगणना के समय हर दो घंटे में वोटों की संख्या अपडेट होती है, पर, चुनाव के प्रथम चरण के वोटिंग के आंकड़े देने में चुनाव आयोग को 11 दिन लगे थे।

वी.एफ.डी. रिपोर्ट का हवाला देते हुए दीक्षित ने खुलासा किया कि ओडीशा तथा आंध्र प्रदेश जैसे कुछ राज्य, जहाँ भाजपा व उसके सहयोगी दलों का प्रदर्शन अप्रत्याशित रूप से बहुत अच्छा रहा, प्रारंभिक तथा फाइनल मतदान आंकड़ों में अंतर 12.5 प्रतिशत का, जो कि बहुत बड़ा अंतर है तथा चुनाव आयोग को इसका, जवाब देना चाहिए।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने कहा कि एक प्रतिशत का अंतर तो समझ में आता है, लेकिन 12.5 प्रतिशत का भारी अंतर तथा लक्ष्यद्वीप जैसी जगहों पर 25 प्रतिशत तक का अंतर गंभीर प्रश्नों को जन्म देता है।

रिपोर्ट का हवाला देते हुए दीक्षित ने कहा कि रिपोर्ट ने विशेष रूप से उन 79 निर्वाचन क्षेत्रों को चिन्हित किया है जहाँ भाजपा जीती है, वहाँ पर अंतिम मतदान प्रतिशत, चुनाव आयोग द्वारा दिए गए प्रारंभिक आंकड़ों से बहुत ज्यादा बढ़ गया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 2023 में 2.16 लाख भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 अगस्त। कांग्रेस ने आज भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार पर भारतीयों द्वारा नागरिकता छोड़े जाने के मुद्दे पर कटाक्ष किया और कहा कि मौजूदा सरकार के तहत जो भय का माहौल बना है उसकी वजह से ऐसा हो रहा है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि सरकार के अपने आंकड़े जो उसने राज्यसभा में जारी किए हैं, बताते हैं कि वर्ष 2023 में 2.10 लाख भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी है जोकि 2016 में 1.23 लाख भारतीयों का दोगुना है।

- राज्यसभा में प्रस्तुत इस सरकारी आंकड़ें पर कांग्रेस ने भाजपा को घेरा और कहा कि भय के माहौल व कर प्रणाली के कारण भारतीय नागरिकता छोड़ रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि जिन भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी है वे कुशल एवं उच्च शिक्षित हैं और देश के कुशल श्रम आपूर्ति की कमी के समय इनके देश छोड़ने से भारत की अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।

रमेश ने कहा कि इनमें से कई लोग आर्थिक रूप से सम्पन्न भी है। इस साल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## वित्तीय बाज़ार में कमला हैरिस की बढ़ती साख ने ट्रम्प की चिंता बढ़ाई

### मीडिया प्लेटफॉर्म ''ट्रूथ सोशल में ट्रम्प की भागीदारी की वैल्यू 900 मिलियन डॉलर घट गई है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 अगस्त। अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दौड़ में डैमोक्रेटिक पार्टी की नई प्रत्याशी कमला हैरिस को वित्तीय बाजार बड़ी गंभीरता से ले रहे हैं। डॉनल्ड ट्रम्प के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ''टुथ सोशल'' की वैल्यू में आयी भारी कमी से इसका संकेत मिल सकता है।

टुथ सोशल में ट्रम्प की भारीदारी की मार्केट कैपिटल में 900 मिलियन डॉलर तक की कमी आई है। बाइडन के कमला हैरिस के पक्ष में पीछे हटने से पहले तक ट्रम्प की भागादारी 4 अरब डॉलर तक थी अब यह घटकर 3.1 अरब डॉलर रह गई है।

ऐसा माना जाता है कि अगर ट्रम्प राष्ट्रपति बन गए तो यह मंच उनकी सोशल मीडिया पोस्टिंग का जरिया बन जाएगा और इसी वजह से इसकी वैल्यू बढ़ गई थी।

लेकिन कमला हैरिस के डैमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी के रुप में राष्ट्रपति पद की दौड़ में सामने आने के बाद से टुथ सोशल के साथ ट्रम्प के जुड़े होने की वैल्यु वित्तीय बाजार में कम हो रही है। वो राष्ट्रपति पद के लिए जो बाइडन की तुलना में ज्यादा मजबूत उम्मीदवार के रुप में सामने आई हैं, यह बात ट्रम्प की जीत की संभावना के खिलाफ जा रही है।

- जब से डैमोक्रैटिक प्रत्याशी के रूप में कमला हैरिस का नाम सामने आया है, वित्तीय बाजार में ट्रम्प की साख कम हो रही है।
- इससे ट्रम्प काफी हताश हो रहे हैं। हाल ही में अश्वेत पत्रकारों से वार्ता करते हुए ट्रम्प कई बार आपा खो बैठे, जिससे उनकी हताशा के संकेत मिल रहे हैं।

कमला हैरिस ने डैमोक्रेटिक अभियान में और सभी प्रमुख डैमोक्रेटिक नेताओं में जोश भर दिया है। जो पहले हैरिस के खिलाफ थे वे भी उनके पक्ष में आ गए हैं। कुछ श्वेत समूह भी कमला हैरिस को समर्थन दे रहे हैं।

हैरिस को इन दिनों बड़ी सफलता मिली जब युनाइटेड ऑटो वर्कर्स, जो कि अमेरिका का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है, ने कमला हैरिस की दावेदारी का समर्थन किया।

अपने अभियान के लिए फंड जुटाने में भी हैरिस काफी तेजी से आगे बढ़ रही हैं। अमेरिका में फंड जुटाने को प्रत्याशी की लोकप्रियता और जीत का पैमाना माना जाता है। इस सप्ताह के आरंभ में ट्रम्प ने अश्वेत पत्रकारों से बात करते हुए अपने चुनाव अभियान को लेकर हताशा के संकेत दिए। कई सवालों के जवाब में तो वे काफी गुस्सा हो गए थे।

मौजूदा प्रशासन के बारे में भी ट्रम्प ने अपने ही अंदाज में बोला।

रुस में अमेरिकन बंदियों की बहुप्रतीक्षित रिहाई की सफल वार्ता के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## महाराष्ट्र के चुनाव की गहमा-गहमी चरम पर पहुंची

### उद्धव ठाकरे ने अमित शाह को टारगैट बनाते हुए कहा कि शाह, अहमद शाह अब्दाली के राजनैतिक उत्तराधिकारी हैं

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 अगस्त। महाराष्ट्र में होने वाले आगामी चुनावी युद्ध की रेखाएं खिंच गई हैं, शिव सेना (यू.बी.टी.) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने आज गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि वे अहमद शाह अब्दाली के 'राजनीतिक वंशज' हैं।

शिव सेना (यू.बी.टी.) ने आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि वह सत्ता में बने रहने के लिए 'राजनैति जिहाद'' में संलिप्त है तथा इसके लिए वह राजनीतिक दलों में तोड़फोड़ कर रही है।

पुणे में पार्टी के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए ठाकरे ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर हमला बोला और उन्हें ''औरंगजेब फैन क्लब'' का अध्यक्ष बताया।

ठाकरे ने शाह की आलोचना की और शाह को ''अहमद शाह अब्दाली'' का 'राजनीतिक उत्तराधिकारी' बताया।

- असल में अमित शाह ने कुछ अर्सा पूर्व ठाकरे को औरंगज़ेब फैन क्लब का प्रमुख कहा था, इसके जवाब में ठाकरे ने शाह को अब्दाली का वंशज बताया। अहमद शाह अब्दाली अफगान शासक था जिसने पानीपत के युद्ध में मराठों को हराया था।
- पुणे में शिव सेना कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ठाकरे ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा और कहा कि सत्ता के बने रहने के लिए भाजपा राजनैतिक ''जिहाद'' कर रही है और विभिन्न दलों को तोड़ रही है।

अब्दाली अफगान शासक था, जिसने मराठों को पानीपत के युद्ध में हराया था।

ठाकरे ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार द्वारा क्रियान्वित की गईं 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना' की आलोचना करते हुए कहा कि वह मतदाताओं में ''रेवड़ी'' बांटकर उन्हें रिश्वत देने का कार्य कर रही है।

ठाकरे ने कहा ''जब हमने मुस्लिमों को हमारे हिन्दुत्व के बारे में बताया तो वो हमारे साथ हो गए, इस पर (भाजपा ने) हमें औरंगजेब फैन क्लब कहा। तो जो आप कर रहे हो, वह सत्ता के लिए जिहाद है।''

21 जुलाई को जब शाह महाराष्ट्र के पुणे में भाजपा के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, उस समय उन्होंने महा विकास अघाड़ी गठबंधन को ''औरंगजेब फैन क्लब'' कह कर उसकी आलोचना की थी और आरोप लगाया था कि ठाकरे इस क्लब के नेता हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'कोचिंग इन्स्टिट्यूट्स की बढ़ती संख्या के लिए नीति बनाई जाए'

-सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3अगस्त। कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि भारत में तेजी से बढ़ते हुए कोचिंग संस्थानों के लिए एक समग्र नीति समाधान लाने की जरूरत है और कहा पाठ्यक्रम की समीक्षा की जानी चाहिए तथा सभी परीक्षा आयोजकों के पास अधिक संसाधनों की आवश्यकता है और शिक्षा गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए निवेश की जरूरत है।

- कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि वर्ष 2019 से 2024 के बीच कोचिंग संस्थाओं से होने वाली जी.एस.टी. वसूली 2,241 करोड़ रूपए से बढ़कर 5,517 करोड़ रूपए हो गई है। कोचिंग इन्स्टिट्यूट्स की बढ़ती संख्या के समाधान की जरूरत है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सुप्रीम कोर्ट के ''कोटा में कोटा'' देने वाले निर्णय से राजनैतिक वातावरण बहुत गर्माया

### कुछ लोग कह रहे हैं कि इससे आरक्षण के माध्यम से सोशल जस्टिस करने के प्रयास पर प्रश्न चिन्ह लग जाता है

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3अगस्त। सर्वोच्च न्यायालय का वह निर्णय, जिसमें राज्यों को यह अनुमति दे दी गई है कि वे अनुसूचि जाति एवं अनुसूचित जनजाति की आरक्षित श्रेणियों में ''कोटा के अन्दर कोटा'' निर्धारित कर सकते हैं, ने एक बवाल खड़ा कर दिया है। एन.डी.ए. के दो घटक दलों ने इस सम्बन्ध में अपनी चिन्ताएं व्यक्त कर दी हैं। केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने घोषणा कर दी है कि उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) इस निर्णय पर पुनर्विचार के लिये सर्वोच्च न्यायालय में अपील करेगी। आर.पी.आई. नेता रामदास अठावले ने भी एस.सी./एस.टी. में क्रीमी लेयर की शर्त को लागू करने की कोशिशों का विरोध किया है। अठावले भी केन्द्रीय मंत्री है।

सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले को पसन्द करने वाले लोगों का कहना है कि क्रीमी लेयर को चिन्हित करके उसे आरक्षण से बाहर करने के दरवाजे खुल जाने से सामाजिक न्याय की मौजूदा नीतियों को एकदम सटीक बनाने के रास्ते की लम्बे समय से चली आ रही बाधायें दूर हो गई हैं। इससे भिन्न एक विचार यह है कि सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय के परिणाम स्वरूप, एस.सी. और एस.टी. श्रेणियों के बीच एक राजनैतिक लड़ाई जन्म लेगी तथा एस.सी./एस.टी. के नौकरी में गारन्टीड आरक्षण राजनैतिक हितों की सनकों पर निर्भर हो जायेगा। एक ताकतवर विचार यह भी है कि इस आदेश के चलते, आरक्षण को पूरी तरह खत्म करने की प्रक्रिया की दिशा में एक शुरुआत हो जायेगी।

- ''कोटा में कोटा'' देने की शुरुआत सबसे पहले बिहार में नीतीश कुमार ने की थी, जब उन्होंने दलितों में ''महादलित'' वर्ग चिन्हित किया था।
- एन.डी.ए. के दो घटक दलों के नेताओं, चिराग पासवान और रामदास अठावले ने इस फैसले का विरोध किया व सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करने की बात कही है। चिराग का कहना है कि सदियों से छूआछूत झेल रही जातियों के उत्थान का उद्देश्य इससे पूरा नहीं होगा।
- सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समर्थन करने वाले वर्ग का कहना है कि इससे सामाजिक हकदारों को सामाजिक न्याय उपलब्ध कराने की राह में जो भी बाधाएं हैं, सब दूर हो जाएंगी, क्योंकि क्रीमी लेयर आरक्षण से बाहर हो जाएगी और वास्तविक जरूरतमंद को ही आरक्षण को लाभ मिलेगा।

प्रसंगवश बता दें कि सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा अपनाई गई प्रतिक्रियाओं के अनुरूप हैं। नीतीश कुमार ने ''महादलित'' श्रेणी को चिन्हित करके, उसे दलित श्रेणी की तुलना में सकारात्मक कार्यवाही का कहीं ज्यादा पात्र बताया था। किन्तु कुछ पर्यवेक्षकों का विचार है कि इन मुद्दों का सम्बन्ध केवल नौकरी से ही नहीं है। ऐसा कहा जा रहा है कि इस फैसले के बाद, राज्य सरकारों के लिये यह सम्भव हो सकता है कि वे ''सफाई कर्मचारी'' वाली जातियों को क्रीमी लेयर श्रेणी में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 21 साल से कम उम्र और 40 फीसदी से कम अंक वालों की नियुक्ति पर रोक

जयपुर, 3 अगस्त (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कनिष्ठ लेखाकार और तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती-2023 में उन अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने पर रोक लगा दी है, जिनकी उम्र एक जनवरी, 2024 को 21 साल से कम थी। इसके अलावा आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को छोडकर उन अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति नहीं देने को कहा है, जिनके भर्ती की लिखित परीक्षा में चालीस फीसदी से कम अंक हैं। इसके साथ ही, अदालत ने मामले में प्रमुख

- राजस्थान हाई कोर्ट ने कनिष्ठ लेखाकार और तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती 2023 के संबंध में दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पश्चिमी देशों में भारतीय मूल के जाने-माने राजनीतिज्ञ, भारत के लिये खास मददगार साबित नहीं होते!

### वे सदा भारी दबाव में रहते हैं, अपने नये ''घर'' (नये देश) के प्रति अपनी वफादारी साबित करते रहें और इस जिम्मेवारी में दबे हुए वे सबसे पहले अपने पुराने देश (मातृभूमि) के हितों का बलिदान करते रहते हैं

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 अगस्त। विदेशों में भारतीय मूल के राजनेताओं के उदय से वहां के भारतीय समुदाय के प्रभाव और सफलता का पता चलता है, लेकिन यह भारत को आवश्यक लाभ नहीं पहुंचाता। ये नेता अपने राजनीतिक सिस्टम के भीतर ही काम करते हैं और अपने नए देश के हितों को ही प्राथमिकता देते हैं। अपनी दोहरी पहचान के कारण इन नेताओं पर कड़ी नज़र रहती है, इसलिए ये भारतीय हितों की अपेक्षा अपने गृहीत देश की नीतियों का अधिक अनुसरण करने के बाद अपना रूख तय करते हैं।

कमला हैरिस का अमेरिका के उपराष्ट्रपति पद तक आरोहण और अमेरिका के आगामी राष्ट्रपति चुनाव में डॉनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ उनका डैमोक्रेटिक पार्टी का प्रत्याशी बनना एक ऐतिहासिक क्षण है, जिसका भारतीय और भारतीय अमेरिकन, दोनों जश्न मना रहे हैं। भारतीय मां की पुत्री होने के नाते अमेरिका की राजनीति में उनकी यह उपलब्धि भारतीय अमेरिकियों के लिए एक मील का पत्थर है। तथापि, डैमोक्रेटिक पार्टी के प्रगतिशील एजेण्डे के कारण बनी उनकी राजनीतिक स्थिति प्रायः भारतीय हितों के अनुकूल नहीं रही है।

उदाहरण के तौर पर, हैरिस की भतीजी मीना हैरिस ने भारत के कृषि कानूनों की आलोचना कर एक कूटनीतिक मुद्दा छेड़ दिया। सोशल मीडिया पर उनकी अलंकारिक भाषा, जिसका उद्देश्य संभवतः प्रगतिशील लोगों का समर्थन जुटाना था, ने उन लोगों को आलोचना की सामग्री प्रदान कर दी ,जो भारत में सुधारों का विरोध कर रहे थे। यहां तक कि अमेरिका की सरकार ने भी उक्त सुधारों का समर्थन किया था। इससे समझ में आता है कि उनके बयान को कमला हैरिस की स्वीकृति थी।

पश्चिमी देशों में भारतीय मूल के राजनेता अपने गृहीत देशों के हितों को नैसर्गिक रूप से प्राथमिकता देते हैं। आज के ध्रुवीकृत वैश्विक राजनीतिक माहौल में, वे अपने नए देशों के प्रति अपनी निष्ठा को साबित करने के लिए प्रायः स्वयं को बाध्य महसूस करते हैं और कभी-कभी तो ऐसा भारत के हितों की कीमत पर होता है। इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण है, अमेरिकी कांग्रेस की प्रमिला जयपाल द्वारा कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद व्यक्त किए गए विचार। भारत की

- उदाहरण के लिये, आर्टिकल 370 को सस्पैंड करने के बाद, जब हिन्दुस्तान ने इन्टरनैट पर प्रतिबंध लगाया था, आंतकवादियों को संगठित होकर वारदातें करने से रोकने के लिये, तब अमेरिका की जानी-मानी भारतीय मूल की कांग्रेस मैन प्रमिला जयपाल ने वहाँ की संसद में प्रस्ताव पारित कराने की कोशिश की भारत के खिलाफ। शायद उनका मकसद अमेरिका के विदेश मंत्रालय को ''इम्प्रैस'' करना था।
- इसी तरह का आचरण निक्की हैली, प्रीत भरारा, बॉबी जिंदल व सुएला ब्रोवरमैन का रहा है। बॉबी जिंदल, पहले भारतीय-अमेरिकी थे, जो अमेरिका में गवर्नर बने, अपनी भारतीय विरासत से दूरी बनाकर, ईसाई धर्म अपनाया, अपनी अमेरिकी पहचान को और मजबूत करने के लिए और इसका उन्हें राजनीतिक लाभ भी मिला, रिपब्लिकन पार्टी में जल्दी से जल्दी एक के बाद एक उच्च पद व जिम्मेवारी पाने में।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'मृत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति क्यों नहीं'

जयपुर, 3 अगस्त (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग के अधीन कार्यरत रहे कर्मचारियों के निधन के बाद उनके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं देने के दो अलग-अलग मामलों में प्रमुख शिक्षा सचिव और माध्यमिक शिक्षा निदेशक सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश जितेन्द्र गुर्जर व राहुल गुप्ता की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

- हाई कोर्ट ने शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की मृत्यु के बाद आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं देने के दो मामलों में प्रमुख शिक्षा सचिव व माध्यमिक शिक्षा निदेशक को नोटिस जारी किये।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**धैर्य कड़ुवा होता है, पर उसका फल मीठा होता है। –रूसो**

# आयुर्वेदोक्त भोजन से जरा-व्याधि-मुक्त भारत की परिकल्पना साकार हो सकती है

आयुर्वेद में आहार का विज्ञान बहुत विशाल है जो, रसायन और औषधियों के साथ मिलकर, हमें स्वस्थ रखने और रोगों को दूर करने में मदद करता है। आधुनिक वैज्ञानिक शोध से अब यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि शरीर में फ्री-रेडिकल्स के बढ़ने से होने वाला ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द, यह दो बाते हैं जो अंततः मानव शरीर के नाश का कारण बनती हैं। अतः यदि इन दोनों को नियंत्रित कर लें तो जरा व्याधि से मुक्ति मिल सकती है। शोध से यह भी सिद्ध हो चुका है कि आयुर्वेद-सम्मत भोजन और रसायन यही दोनों काम-एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटीइन्फ्लेमेटोरी कार्य-बेहद मज़बूत तरीके से करते हैं।

वर्ष 2016 का चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार जापानी जीवविज्ञानी योशीनोरी ओहसुमी को जिस शोध के लिये मिला है उससे एक संभावना और उभरी है कि आयुर्वेदोक्त भोजन और रसायन, ऑटोफैगी नामक प्रक्रिया को बढ़ावा देने का कार्य भी करते हैं। ऑटोफैगी एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें हमारे शरीर की कोशिकायें स्वयं को खाकर द्रव्यों का पुनर्चक्रण कर लेती हैं। इस प्रक्रिया के बाधित होने पर पार्किनसन और मधुमेह जैसी बीमारियां हो सकती हैं। ऑटोफैगी एक मौलिक प्रक्रिया है जिसका हमारे स्वास्थ्य एवं बीमारियों के सन्दर्भ में महत्वपूर्ण स्थान है।

महर्षि चरक के अनुसार आयुर्वेद के दो मूल उद्देश्य हैं (च.सं., सू.स्था., 30.26): स्वस्थस्य स्वास्थ्यरक्षणम् आतुरस्य विकारप्रशमनम्। अर्थात, स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा और पीड़ित व्यक्ति के विकार का शमन। आचार्य सुश्रुत द्वारा दी गयी स्वास्थ्य की परिभाषा के अनुरूप उपयुक्त आहार हमारे शरीर के दोष, अग्नि, धातु, व मलक्रिया को सम करता है एवं प्रसन्नता प्रदान करता है: समदोषः समाग्निश्च समधातु मलक्रियः। प्रसन्नात्मेन्द्रियमनाः स्वस्थइत्यभिधीयते।। (सु.सं.,सू.स्था.,15.41)। जिस व्यक्ति के दोष, अग्नि, धातु, और मल-त्याग सन्तुलित हों, इन्द्रिय, आत्मा एवं मन प्रसन्न हो, वही स्वस्थ कहलाता है। आहार से संतुष्टि, तत्क्षण शक्ति, और संबल मिलता है, तथा आयु, तेज, उत्साह, याददाश्त, ओज, एवं पाचन में वृद्धि होती है: आहारः प्रीणनः सद्योबलकृद्देहधारकः। आयुस्तेजःसमुत्साहस्मृत्योजोऽग्निविवर्द्धनः।। (सु.सं., चि.स्था. 24.68)।

यहाँ भोजन से प्राप्त होने वाला ओज जीने के लिये बहुत महत्वपूर्ण है, जैसा कि आचार्य चरक ने लिखा है (च.सं., सू.स्था., 17.73-74): बिभेति दुर्बलोऽभीक्ष्णं ध्यायति व्यथितेन्द्रियः। दुश्छायो दुर्मना रूक्षः क्षामश्चैवौजसः क्षये।। हृदि तिष्ठति यच्छुद्धं रक्तमीषत्सपीतकम्। ओजः शरीरे संख्यातं तन्नाशान्ना विनश्यति।। सार यह है कि ओजस के क्षय हो जाने से भय, दुर्बलता, चिंता, अकर्मण्यता, पीड़ा, निरुत्साह, निस्तेज इन्द्रियाँ, शरीर की चमक में फीकापन, मन में दुःख, चेहरे में शुष्कता, और दमदार आवाज में कमी आ जाती है। ओजस हृदय में पाया जाता है और ओजस का नाश होने से शरीर विनष्ट हो जाता है। तथाकथित-व्यंजनों के नाम पर बाज़ार में उपलब्ध कचरा-भोजन या जंक-फूडके भरोसे ओजस का सत्यानाश हो रहा है। साफ़ बात यह है कि यदि हम आयुर्वेद में दी गयी सलाह के अनुसार अपना भोजन लें तो ओजस को नष्ट होने और अंततः शरीर को नष्ट होने से बचा सकते हैं। इस दिशा में सात बातें महत्वपूर्ण हैं।

सबसे पहली बात यह है कि भोजन करने के पूर्व शरीर के समस्त आवेग शान्त हों। मन प्रसन्न व निर्मल हो। अपने स्वाभाविक भोजन-समय से बहुत पहले या बाद में भोजन करना अनुचित रहता है। रात में भोजन नहीं करना चाहिये। आधुनिक विज्ञान में हुये शोध, अनुभवजन्य ज्ञान एवं शास्त्रोक्त विचारों को एकीकृत करते हुये वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यह मान लेना उचित होगा कि ग्रीष्मकाल में रात्रि 8.00 बजे, शरदऋतु में 7.00 बजे एवं वर्षा ऋतु में सूर्यास्त के पूर्व ही भोजन करना हितकारी होगा। यथासंभव जमीन पर सुखासन या पालथी लगा कर, अपनों के साथ, प्रसन्न मन से संतुलित, पोषक और स्वादिष्ट भोजन करने का अपना आनंद है।

दूसरी बात यह है कि भोजन हितकारी, पोषक और संतुलित हो तथा अपनी पाचन शक्ति को देखते हुये ही ग्रहण किया जाये। भोजन में छः रसों-मधुर, अम्ल, लवण, कटु, तिक्त, व कसाय-का होना आवश्यक है। आहार की मात्रा व प्रकार, और इन दोनों के संदर्भ में शरीर की क्षमता, ये तीनों बहुत महत्वपूर्ण संकेतक हैं। उदाहरण के लिये, शालि व साठी चावल, मूंग आदि भले ही शीघ्र पचने वाले होते हैं परंतु इन्हें भी ठूँस-ठूँस कर खा लिया जाये तो पाचन में कठिनाई होती है। इसके विपरीत रोटी, पूड़ी, हलवा, गुड़, चीनी, दूध से बनी रबड़ी, खोवा, तिल, उड़द आदि स्वभाव से गरिष्ठ होते हैं, किन्तु समुचित या अल्प मात्रा में ग्रहण करने पर यह भी पच जाते हैं। लघु या हलके तथा सुपाच्य खाद्य पदार्थ वायु व अग्नि गुण प्रधान होने के कारण पाचकाग्नि को प्रदीप्त करने वाले स्वभाव के होते हैं और इन्हें तृप्तिपूर्वक खा लेने पर भी बहुत अधिक दोष उत्पन्न नहीं होते। किंतु गुरू या गरिष्ठ द्रव्य पृथ्वी तथा सोम गुण की अधिकता होने के कारण अग्नि को उदीप्त नहीं कर पाते, अतः जब तक कठोर व्यायाम से अग्नि-बल बढ़ा न लिया गया हो, तब तक इन्हें तृप्तिपूर्वक खाते ही दोष खड़े होने लगते हैं। अतः गरिष्ठ भोजन खाने से पूर्व अपने अग्नि-बल की हैसियत का खयाल रख लेना चाहिये। आचार्य चरक ने कहा है कि गरिष्ठ भोजन को पेट के आधे भाग की तृप्ति तक ही लेना चाहिये। लघु पदार्थों को भी उचित मात्रा में ही खाना चाहिये, क्योंकि समुचित मात्रा में किया गया भोजन ही हमें बल, वर्ण, सुख तथा आयु प्रदान करता है। पीठी की तरह गूंथे गये आटे व उड़द आदि की पीठी से बना हुआ भोजन भी गरिष्ठ होता है। अतः भोजन करने के पश्चात् पीठी से निर्मित व्यंजन, चावल या चेवड़ा आदि को अत्यल्प मात्रा में ही खाना चाहिये। असल में बहुत तेज भूखे होने पर ही इस प्रकार के खाद्य पदार्थों का लेना उचित रहता है। सुखाई हुई सब्जियाँ, कमल की जड़, कमल की नाल आदि भी गुरू द्रव्य हैं, अतः इनका सेवन भी निरंतर नहीं करना चाहिये। दही या छाछ के साथ दूध को पका कर या फटे हुये दूध से बनाये गये बनाये गये व्यंजन एवं छैना, दही, उड़द, ज़ई आदि को भी लगातार प्रतिदिन नहीं खाना चाहिये।

**आयुर्वेदोक्त भोजन और रसायन, ऑटोफैगी नामक प्रक्रिया को बढ़ावा देने का कार्य भी करते हैं। ऑटोफैगी एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें हमारे शरीर की कोशिकायें स्वयं को खाकर द्रव्यों का पुनर्चक्रण कर लेती हैं। इस प्रक्रिया के बाधित होने पर पार्किनसन और मधुमेह जैसी बीमारियां हो सकती हैं। ऑटोफैगी एक मौलिक प्रक्रिया है जिसका हमारे स्वास्थ्य एवं बीमारियों के सन्दर्भ में महत्वपूर्ण स्थान है।**

तीसरी बात यह है कि आयुर्वेद में भोजन व्यक्ति-व्यक्ति की स्थिति, प्रकृति, एवं ऋतुओं के आधार पर तय होता है। उदाहरण के लिये, सूखे मेवे, आलू, टमाटर, सेब, मटर, चना आदि वात को कुपित करते हैं, इसलिये वात प्रकृति के लोगों को इन पदार्थों को कभी-कभार ही लेना चाहये। जबकि मीठे फल, जैसे अंगूर, केला, संतरा, नारियल, व लाल चावल वात प्रकृति के लोगों के लिये लाभकारी हैं। इसी प्रकार अधिक मसालेदार भोजन, मूंगफली का तेल, खट्टे फल, केला, पपीता, टमाटर, लहसुन आदि पित्त दोष को कुपित करते हैं। जबकि, आम, संतरा, नाशपाती, हरी सलाद आदि पित्त दोष को शान्त करते हैं। इसी प्रकार केला, नारियल, खजूर, पपीता, अनन्नास व विभिन्न दुग्ध-उत्पाद कफ को कुपित करते हैं, जबकि सूखे मेवे, अनार, सफ़ेद चावल, अंकुरित अनाज आदि कफ प्रकृति के लोगों के लिये उपयोगी रहते हैं।

चौथी बात, शालिधान्य, गेहूं, जौ, साठी चावल, वनों में मिलने वाले खाद्य, हरड़, आमला, दाख-मुनक्का, परवल, मूंग, खांड, घी, वर्षा का स्वच्छ जल, दूध, मधु, अनार, सैन्धव लवण, और आँखों की ताक़त बढ़ाने के लिये रात में मधु और घी के साथ त्रिफला का सेवन किया जाना चाहिये। इसके साथ ही स्वास्थ्य की रक्षा के लिये या रोगों से मुक्ति के लिये जो भी उपयोगी आहार हो उसे लिया जा सकता है। अनुभव के अनुसार जिन पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य ना बिगड़े या कोई नया रोग उत्पन्न नहीं हो, उन्हें खाया जा सकता है। नियमित भोजन में ऐसे द्रव्यों को भी थोड़ी मात्रा में शामिल किया जा सकता है जो आहार, रसायन और औषधि, तीनों ही प्रकारों में वर्गीकृत हैं। विविध प्रकार व विविध रंगों के स्थानीय मौसमी फल, खजूर, द्राक्षा, मुनक्का, बादाम, तिल, आँवला, लहसुन, सोंठ, कालीमिर्च, पिपली, हल्दी, केसर, जीरा, धनिया, शहद, गुड़, एवं त्रिफला आदि ऐसे द्रव्य हैं जिनका थोड़ा सेवन उपयोगी रहता है। वर्षा से संग्रहित किया हुआ साफ जल ही सबसे उत्तम माना जाता है। भोजन के अंत में पानी पीना हानिकारक है। जरूरी हो तो अत्यल्प मात्रा में ही लेना चाहिये।

पांचवीं बात यह है कि कुछ खाद्य पदार्थ पकाने के बाद देर तक रख देने पर, बासी हो जाने पर या स्वरुप बदल जाने के बाद नहीं खाए जाने चाहिये। सूची तो बड़ी लम्बी है, पर सारांश में देखें तो ठंडा होने पर पुनः गर्म किया हुआ भोजन, सूख जाने के बाद पानी मिलाकर पुनः गीला किया हुआ भोजन, व कांसे के पात्र में कई दिनों तक रखा हुआ घी नहीं खाना चाहिये। अधपका, दुर्गन्धयुक्त, जला हुआ, स्वाभाविक रंग से भिन्न या रंग बदला हुये, पानी छोड़ चुके, बहुत नमक-युक्त, या बार-बार गरम किया हुआ बासी भोजन खाना हानिकारक है। गरम की हुई शहद, या शहद लेने के बाद गरम पानी पीना, रात्रि में दही या अधिक मिठाई, भोजन के अंत में मीठा और शुरुआत में तिक्त और कटु पदार्थ, गर्म पेय के तुरंत बाद ठंडा जल वर्जित हैं।

छठी बात यह है कि कुछ खाद्य पदार्थ ऐसे भी हैं जो प्रायः एक दूसरे के साथ नहीं चलते। दही व छाछ के साथ केला; नमक के साथ दूध; गुड, पिप्पली, शहद व कालीमिर्च के साथ पूड़ी; उड़द की दाल के साथ मूली; दही व दूध के साथ मूली; बासी या सूखी मूली; खट्टे फलों के साथ दूध; खीर, खोया, मलाई, व दूध के साथ खिचड़ी और अल्कोहल; खीर के साथ छाछ; दही के साथ खजूर; कमल-ककड़ी के साथ अंकुरित अनाज; शहद के साथ खजूर और दारू; और बराबर मात्रा में घी को शहद के साथ, या शहद, घी, वसा, तेल और जल को एक साथ मिलाकर नहीं खाना चाहिये। शोध में पाया गया है कि ग्रीन चाय के साथ दूध, चाय के साथ लहसुन, अनार-रस के साथ अंगूर-रस, हरे टमाटर और आलू के साथ अल्कोहल नहीं लेना चाहिये।

और अंत में, आयुर्वेद के इतिहास में 5000 वर्षों के दौरान लिखे किये गये अनेकानेक ग्रंथों को खंगाल डालने पर कहीं भी पिज़्ज़ादिवर्ग, बर्गरादिवर्ग, कुर्कुरादिवर्ग, फिंगरचिप्सादिवर्ग, या मैग्यादिवर्ग जैसे आहार द्रव्यों का वर्णन नहीं प्राप्त होता। अतः आयुर्वेद के जन्मदाता समाज के मध्य इनका उपयोग वर्ष में एकाध दो बार स्वाद बदलने के लिये ही किया जाना हितकारी हो सकता है!

**–अतिथि संपादक**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# खाद्य मिलावट के जहर से स्वास्थ्य पर कहर



अविनाश जोशी

खाद्य पदार्थों में मिलावट एक गंभीर मुद्दा है जो पीढ़ियों से हमारे भोजन की गुणवत्ता और सुरक्षा को प्रभावित कर रहा है। अब समय आ गया है कि इस प्रथा को समाप्त किया जाए और मांग की जाए कि हमारा भोजन हानिकारक प्रदार्थों से मुक्त हो। पिछले एक दशक में, दुनिया के विभिन्न हिस्सों में खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामलों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

खाद्य अपमिश्रण से आखों की रोशनी जाना, हृदय संबन्धित रोग, लीवर खराब होना, कुष्ठ रोग, आहार तंत्र के रोग, पक्षाघात व कैंसर जैसे हो सकते हैं। अनेक स्वार्थी उत्पादक एवं व्यापारी कम समय में अधिक लाभ कमाने के लिए खाद्य सामाठी में अनेक सस्ते अवयवों की मिलावट करते हैं, जो हमारे शरीर पर दुष्प्रभाव डालते हैं। नए रोगों के चलते डाक्टरों के यहां लगी रोगियों की लंबी कतारें काफी हद तक मिलावटी खाद्य पदार्थों का ही नतीजा हैं। सबसे विकट स्थिति उपभोक्ता के सामने होती है, जो ज्यादातर मामलों में असली सामान की पहचान करने की सलाहियत नहीं रखते।

हम सब अपने खाने-पीने को लेकर इतने सजग होते हैं कि भोजन में जरा भी गड़बड़ होने पर उसे छोड़ देना बेहतर समझते हैं। मगर इस बात का पता शायद ही हमें कभी चल पाता है कि बाजार में जितने भी खाद्य पदार्थ मिल रहे हैं, उनमें कितने मिलावटी हैं और वे हमारे शरीर को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं। मगर इस बीच आम लोगों के बीच मिलावटी खाद्य पदार्थों को लेकर थोड़ी जागरूकता बढ़ी है।

भारत सरकार ने खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम सहित कई कानून बनाकर इस मुद्दे की गंभीरता को स्वीकार किया है। हालाँकि, खाद्य अपमिश्रण की प्रकृति हर राज्य में अलग-अलग होती है, और बदलते पर्यावरणीय कारकों या बेहतर उत्पादन और खेती के तरीकों के परिणामस्वरूप नए मिलावटखोर पैदा हो सकते हैं। सामान्यतः बाजार में उपलब्ध खाद्य पदार्थों में मिलावट का संशय बना रहता है। दालें, अनाज, दूध, मसाले, घी से लेकर सब्जी व फल तक कोई भी खाद्य पदार्थ मिलावट से अछूता नहीं है। आज मिलावट का सबसे अधिक कुप्रभाव हमारी रोजमर्रा के जीवन में प्रयोग होने वाली जरूरत की वस्तुओं पर ही पड़ रहा है। शरीर के पोषण के लिए हमें खाद्य पदार्थों की प्रतिदिन आवश्यकता होती है। शरीर को स्वस्थ रखने हेतु प्रोटीन, वसा, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन तथा खनिज लवण आदि की पर्याप्त मात्रा को आहार में शामिल करना आवश्यक है तथा ये सभी पोषक तत्व संतुलित आहार से ही प्राप्त किये जा सकते हैं। यह तभी संभव है, जब बाजार में मिलने वाली खाद्य सामठी, दालें, अनाज, दुग्ध उत्पाद, मसाले, तेल इत्यादि मिलावट रहित हों। खाद्य अपमिश्रण से उत्पाद की गुणवत्ता काफी कम हो जाती है। खाद्य पदार्थों में सस्ते रंग इत्यादि की मिलावट करने से उत्पाद तो आकर्षक दिखने लगता है, परंतु पोषकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे ये स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं।

अब से तीन दशक पहले सुनने को मिलता था कि दूध सिंथेटिक हो सकता है। मगर काफी समय से यह यूरिया, अन्य रसायनों आदि के प्रस्ताव के बाद और जाने क्या-क्या मिलाकर तैयार किया जा रहा है। पनीर, केमिकल और पानी से और मावा मिल्क पाउडर से तैयार किया जा रहा है। हल्दी, लाल मिर्च, धनिया हींग, जीरा, काली मिर्च, सरसों का तेल, रिफाइंड तेल इसके अलावा अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की खबरें आम हो गई हैं, मगर इस पर नजर रखने वाले महकमे शायद तब तक नींद में रहते हैं, जब तक कोई बड़ी घटना सामने नहीं आ जाते है या फिर उसके बारे में लोगों को पता नहीं चल जाता।

मुश्किल यह है कि अगर कभी जांच-पड़ताल होती है और जिन दुकानदारों के खाद्य पदार्थों के नमूने फेल होते हैं, उनके मामले निचले स्तर के अधिकारियों या अदालतों में जाते हैं, जहां मामूली प्रक्रिया अपनाने के बाद उन्हें और बख्श दिया जाता है। जबकि केवल नकली मावे को ही देखें तो देश के कुछ इलाकों में यह कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है।ऐसे कारोबारियों से केवल जुर्माना लेकर छोड़ देने से अब स्थिति संभलने वाली नहीं है। दरअसल, कड़ी कार्रवाई की जरूरत इसलिए भी है कि मिलावटी खाद्य पदार्थ को खाने की वजह से किसी व्यक्ति की सेहत खराब हो जा सकती है, बल्कि स्थिति बिगड़ने से मौत भी हो सकती है। इसलिए अगर मिलावटखोरों के खिलाफ हत्या के प्रयास से संबंधित कानूनी धारा का इस्तेमाल करने की मांग की जाती है तो इसमें कोई हैरानी बात नहीं है।

सामान्य रूप से किसी खाद्य पदार्थ में कोई बाहरी तत्व मिला दिया जाए या उसमें से कोई मूल्यवान पोषक तत्व निकाल लिया जाए या भोज्य पदार्थ को अनुचित ढंग से संग्रहीत किया जाए तो उसकी गुणवत्ता में कमी आ जाती है। इसलिए उस खाद्य सामग्री या भोज्य पदार्थ को मिलावटयुक्त कहा जाएगा। भारत सरकार द्वारा खाद्य सामग्री की मिलावट की रोकथाम तथा उपभोक्ताओं को शुद्ध आहार उपलब्ध कराने के लिए सन् 1954 में खाद्य अपमिश्रण अधिनियम (पीएफए एक्ट 1954) लागू किया गया। उपभोक्ताओं के लिए शुद्ध खाद्य पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित करना स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की जिम्मेदारी है। इसको ध्यान में रखते हुए उपरोक्त खाद्य अपमिश्रण रोकथाम अधिनियम बनाया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य जहरीले एवं हानिकारक खाद्य पदार्थों से जनता की रक्षा करना,घटिया खाद्य पदार्थों की बिक्री की रोकथाम एवम धोखाधड़ी प्रथा को नष्ट करके उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना।

जब से कुछ लोगों ने इस पर गौर करना शुरू किया है, तब से कई हकीकतें उजागर होने लगी हैं। मिलावटखोरों ने ऐसे हालात पैदा कर दिए हैं कि सही माल बेचने वाले दुकानदारों को भी लोग अब शक की नजर से देखने लगे हैं। हालांकि मिलावटखोर केवल खाद्य पदार्थों में ही नहीं, अन्य सामानों की ओर भी अपने पैर फैला चुके हैं। हैरानी की बात यह है कि जब कभी कोई मामला सामने आता है, उसके बावजूद सरकार इस काम में लगे लोगों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाती। जबकि जरूरत सख्त कार्रवाई करने की है।यों हमारे आसपास हर रोज दुकानदार से लेकर किसी खाद्य पदार्थ का कारोबार करने वाले लोगों को मिलावटी सामान बेचने में जरा भी हिचक नहीं होती कि इसका इस्तेमाल करने वाले लोगों की सेहत पर इसका क्या असर पड़ेगा! मसलन, रोजमर्रा के इस्तेमाल में आने वाले दूध की गुणवत्ता को लेकर अक्सर खबरें आती रहती हैं कि इसके सेवन से घातक रोग हो सकते हैं।

अव्वल तो इसे लेकर प्रशासन गंभीर नहीं होता और जब कभी संबंधित महकमों के लोग मिलावट की गतिविधियों में लगे लोगों को पकड़ते हैं, तब भी कोई बड़ी और याद रखने वाली कार्रवाई नहीं होती। फिर कुछ दिनों बाद ऐसा धंधा करने वाले कारोबारी बेफिक्र अपना कारोबार चलाते रहते हैं। किसी पर्व-त्योहार के मौके पर बाजार में खुले तौर पर मिलावटी सामान बिकते रहते हैं, मगर कोई ऐसा तंत्र नहीं दिखता जो इन पर लगाम लगा सके।कभी शिकायत होने पर या औचक निरीक्षण में ऐसे लोग पकड़े भी जाते हैं तो कार्रवाई किसी ठोस अंजाम तक नहीं पहुंचता, ताकि अन्य लोग मिलावटी खाद्य पदार्थ न बेचें। एक ओर खाद्य पदार्थों में मिलावट कई बार सेहत पर गहरा जोखिम पैदा करता है, दूसरी ओर खाद से लेकर आम उपयोग के ज्यादातर सामानों के नकली संस्करण बाजार में मौजूद होते हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि नवजात शिशु दूध भी शुद्ध पी रहा है, इसकी कोई गारंटी नहीं है।

व्यापारी वर्ग की भी जिम्मेदारी है कि वे उपभोक्ताओं के जीवन का खयाल रखने के लिए शुद्ध सामग्री की बिक्री करें। मिलावटखोरों के खिलाफ अगर खुद कारोबारियों की ओर से ही आवाज उठेगी, तब लोगों का भरोसा भी बाजार पर बढ़ेगा। अगर कारोबार-जगत से इस मसले पर सहयोग मिलता है और वे मिलावट के विरुद्ध ठोस जमीन तैयार करा पाते हैं, तो यह एक अच्छी बात होगी।

**–अविनाश जोशी,**
**स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक**

# अजीतगढ़ किले की दीवार गिरने का मंडराया खतरा, दरकने लगे दीवारों के पत्थर


**■ तलवास के जागरुक युवाओं ने दीवारों के दरकते पत्थरों और पर्यटकों की सुरक्षा पर चिंता जताई**

**बून्दी,** (निसं)। तलवास के ऐतिहासिक अजीतगढ़ किले के मुख्य दरवाजे की दीवार गिरने का खतरा मंडराने लगा है। तलवास के जागरुक युवाओं ने दीवारों के दरकते पत्थरों और आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि वन विभाग द्वारा ट्रैकिंग के लिए बनाए गए कच्चे रास्ते का निर्माण किले के मुख्य दरवाजे से होकर न किया जाकर प्राचीन पत्थर के परकोटे से होकर किया गया है।

युवाओं ने बताया कि ट्रैकिंग हेतु कच्चे रास्ते के निर्माण करते समय लापरवाही पूर्वक जेसीबी के किए गए उपयोग से किले की दीवार की जड़ें न सिर्फ कमजोर हुई हैं अपितु मशीन के कंपन से दीवारों के कमजोर होने से इसके गिरने का खतरा बढ़ गया है। इन्होंने कहा कि ट्रैकिंग रूट में मुख्य दरवाजे का उपयोग नहीं होने से यह ऐतिहासिक दरवाजा भी अनुपयोगी हो गया है।

तलवास के युवा सूर्यकुमार पंचौली, सांवरा बिहारी जोशी, शम्भू बाबरिया, मुरली नागर, चंद्रशेखर तिवाडी, ऐश्वर्य शर्मा, अक्षय शर्मा, शिवम, आनंद शर्मा, देवराज गोचर ने बारिश में पानी के रिसाव व बहाव के कारण होने वाले हादसे की संभावना जताते हुए इस पर चिंता जताई और जिला कलेक्टर सहित वन विभाग के उच्चाधिकारियों से जल्द से जल्द इस विषय पर आवश्यक रूप से ठोस कार्यवाही करने की माँग की है। इन्होंने कहा कि बारिश में पानी के रिसाव व बहाव के कारण होने वाले किसी भी हादसे की सम्पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन सहित वन विभाग के सभी अधिकारियों की होगी।

आरवीआईआर के उप क्षेत्र निदेशक संजीव शर्मा ने बताया कि पूर्व में भी ट्रैकिंग रूट के निर्माण के समय संबंधित रेंजर को किले की दिवार की मरम्मत के प्रस्ताव तैयार करवने को कहा गया था। उनके द्वारा प्रस्ताव भिजवाए जाते उसके पहले ही उनका स्थानान्तरण हो गया। ऐसे में पुनः दीवार की मरममत के प्रस्ताव मंगवाए गए हैं। जल्दी ही बारिश के बाद रिटेनिंग वॉल का निर्माण करवा कर किले की दीवारों की मरममत करवाई जाएगी।



मशीन के कंपन से किले की दीवारों के कमजोर होने से इसके गिरने का खतरा बढ़ गया है।

# लावारिस बालक को संप्रेषण गृह भिजवाया

**चूरू,** (कासं)। चाइल्ड हेल्प लाइन की चूरू टीम ने शनिवार को दिल्ली से बीकानेर जाने वाली एक्सप्रेस सवारी गाड़ी में बिना टिकट और लावारिस हालत में मिले नाबालिग बालक को संप्रेषण गृह भिजवाया।

जिला परियोजना अधिकारी पन्नेसिंह ने बताया कि दिल्ली से बीकानेर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन में सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार व सुमंत कुमार को गाड़ी को चेक करने के दौरान साधारण कोच में लगभग 14 वर्षीय बालक गुमसुम हालत में बैठा मिला। रेलवे पुलिस प्रभारी ने बालक को रेलवे चौकी लाकर चाइल्ड हेल्प लाइन टीम को सूचना दी। चाइल्ड हेल्पलाइन की चूरू टीम ने रेलवे पुलिस चौकी पहुंचकर बालक को चाइल्ड हेल्प लाइन को सुपुर्द किया। काउंसलर वर्षा कंवर द्वारा बातचीत करने पर बालक ने बताया कि उसका नाम लोकेश डांगी है। वह उदयपुर जिले के आंजना गांव का रहने वाला है। उसके पिता का नाम प्रकाशचंद डांगी व माता का नाम केशर बाई है। बालक ने बताया कि वह दो तीन दिन से स्कूल नहीं जा रहा था। घर से स्कूल बैग और साइकिल लेकर निकल जाता था। यह सूचना स्कूल प्रिंसिपल ने घर वालों को दी तो इस बात का पता चलने पर वह भय के कारण घर से निकल गया।


# शिक्षा विभाग की नई व्यवस्था, अब राजस्थान के हर स्कूल की प्रोफाइल बनेगी

**बीकानेर,** (निसं)। प्रत्येक सरकारी स्कूल की शाला दर्पण पोर्टल पर प्रोफाइल तैयार की जाएगी। इस प्रोफाइल पर स्कूल संबंधित सभी प्रकार के डाटा ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक बीकानेर आशीष मोदी ने सभी सीडीइओ, डीइओ, सीबीईओ व संस्था प्रधानों को एक परिपत्र जारी कर निर्देशित किया है। परिपत्र में शाला दर्पण पोर्टल के डाटा के समुचित उपयोग करने के बाद विद्यालय प्रोफाइल के प्रत्येक भाग में लास्ट अपडेट डाटा आवश्यक रूप से अंकित करने को कहा गया है।

शिक्षा विभाग के अनुसार बेसिक प्रोफाइल के अन्तर्गत विद्यालय का नाम, भौगोलिक जानकारी, माध्यम, बोर्ड मान्यता क्रमांक, लोकसभा, विधानसभा, भौगोलिक सूचना, तृतीय भाषा, संचालित संकाय एवं विषय इत्यादि की सूचना अपलोड करनी होगी। सह शैक्षणिक गतिविधियों के तहत संस्था प्रधान, शाला दर्पण प्रभारी का विवरण सहित विद्यालय में संचालित एनसीसी, गाइड, स्काउट, बुलबुल, मीना मंच, यूथ एवं इको क्लब, बाल संसद के संचालन आदि की जानकारी दर्ज करनी होगी। क्रमोन्नति संबंधित जानकारी में क्रमोन्नति का वर्ष, क्रमोन्नति क्रमांक एवं क्रमोन्नति का माध्यम आदि की जानकारी अपलोड की जाएगी। विद्यालय के पास या अन्य विद्यालयों का विवरण और उसकी दूरी आदि का विवरण भी दर्ज करना होगा।

शिक्षा विभाग श्रीगंगानगर सीडीइओ पन्नालाल कड़ेला ने कहा शिक्षा विभाग अब हर सरकारी स्कूल की शाला दर्पण पोर्टल पर एक प्रोफाइल तैयार करवा रहा है। इसमें हर स्कूल का डाटा मिलेगा। विभाग की गाइड लाइन के अनुसार इस पर कार्य चल रहा है। निकटतम अन्य नागरिक सेवा संस्थानों आदि की सूचना भी दर्ज करनी होगी।

## राशिफल रविवार 4 अगस्त, 2024



पंडित अनिल शर्मा

सावन मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, रविवार, विक्रम संवत 2081, पुष्य नक्षत्र दिन 1:26 तक, सिद्धि योग दिन 10:38 तक, नाग करण सायं 4:43 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-वृष, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि और रविपुष्य योग सूर्योदय से दिन 1:26 तक है। आज देव पितृकार्य अमावस्या, हरियाली अमावस्या, चितलगी अमावस्या है। आज सरान माधुरी जयन्ती है और नक्त व्रत आरम्भ होंगे। आज फ्रेंडशिप डे है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:36 से 9:15 तक, लाभ-अमृत 9:15 से 12:33 तक, शुभ 2:14 से 3:51 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:57, सूर्यास्त 7:09



**मेष**

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा।



**वृष**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नये-पुराने मित्रों से संपर्क हो सकता है और मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।




**मिथुन**

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।



**कर्क**

अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।



**सिंह**

व्यक्तिगत परेशानियों के कारण मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में वृद्धि हो सकती है।



**कन्या**

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।



**तुला**

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**वृश्चिक**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**धनु**

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। परिवार में आपसी वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।



**मकर**

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।



**कुंभ**

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।



**मीन**

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद दूर होने लगेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।

## सार-समाचार

### अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई

**जोधपुर, (कासं)।** कमिश्नरेट की जिला पूर्व एवं पश्चिम पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया। विवेक विहार थाने के हैड कांस्टेबल विजय कुमार ने ए सेक्टर विवेक विहार में अवैध रूप से शराब बेच रहे गोविन्द पुत्र प्रतापराम मेवाड़ा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 बोतल बीयर, दो कार्टन अंठोजी शराब और दो कार्टन देशी शराब के जब्त की। इसी तरह नागौरी गेट थाने के हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार ने कागा रोड पर अवैध रूप से शराब बेच रहे अर्जुन कुमार पुत्र बंशीलाल से 14 बोतल बीयर, 18 बीयर कैन और 33 देशी शराब के पव्वे जब्त किए। वहीं देवनगर थाने के एएसआई गजेन्द्र कुमार ने भैरवा भाखर भील बस्ती कबीर नगर क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेच रहे सनरूप पुत्र प्रहलादराम नट को गिरफ्तार कर 272 पव्वे देशी शराब के जब्त किए। वहीं बासनी थाने के एएसआई गंगाराम ने हलका क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेच रहे देवीलाल मेवाड़ा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 72 पव्वे देशी शराब और बीयर की 12 बोतल जब्त की। जबकि देवनगर थाने के एएसाई पेमाराम ने नट बस्ती मसूरिया में अवैध रूप से शराब बेच रही सर्राफा नट को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी शराब के 21 पव्वे व बीयर की 9 बोतल जब्त की। रातानाड़ा थाने के एएसआई हीरालाल ने रिगदेव होटल के पास अवैध रूप से कैम्पर में बीयर की 28 बोतल एवं 3 कैन लावारिश हालात में पड़े जब्त किए।

### मंत्र चिकित्सा केन्द्र पर रूद्राभिषेक

**जोधपुर, (कासं)।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति के सान्निध्य में योग साधना एवं मंत्र चिकित्सा केन्द्र में स्थित आयुकामेश्वर महादेव का श्रावण मास के पावन पुष्य नक्षत्र के अवसर पर रुद्राभिषेक किया गया। आयुर्वेद में चिकित्सा क्रम के अंतर्गत देवव्यपाश्रय, युक्तिव्यपाश्रय, सत्वावजय आदि चिकित्सा क्रमों का विधान मिलता है, जिसमें मंत्र, औषधि मणी आदि द्वारा चिकित्सा का वर्णन मिलता है। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर प्रजापति, कुलसचिव प्रो. गोविन्द सहाय शुक्ल, संकाय सदस्यों सहित बी.ए.एम.एस. में अध्यनरत छात्रों द्वारा सामूहिक रूप से मंत्रोच्चार सहित अभिषेक किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय परिवार, देश एवं विश्व में शांति एवं भाईचारा के लिए किया गया है। छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्व कार्यक्रम में भाग लिया एवं पूजा अर्चना की। प्रातः 9:00 से शाम 4:00 तक रुद्राभिषेक पश्चात श्रृंगार आरती की गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं योग नेचुरोपैथी महाविद्यालय के संकाय सदस्य, स्नातकोत्तर अध्येता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### विष्णुचन्द्र प्रजापत को भारतश्री सम्मान

**जोधपुर, (कासं)।** करीब चालीस वर्षो से अधिक समय से मानव मात्र की सेवा में समर्पित रहने वाले समाजसेवी विष्णुचन्द्र प्रजापत का भारतश्री सम्मान के लिए चयन हुआ है। मध्यप्रदेश के इन्दौर में 11 अगस्त को गौरव भारत फाउण्डेशन द्वारा होटल मेरोटेन में यह सम्मान दिया जाएगा। बता दे कि प्रजापत वर्तमान समय में वेलकम जोधपुर कल्चरल डवलपमेन्ट सोसायटी के अध्यक्ष, प्रजापत समाज नया बास के अध्यक्ष, हिन्दू सेवा मण्डल के प्रधानमंत्री, प्रजापति कुम्हार समाज संस्थान जोधपुर महानगर के महामंत्री, श्री श्रीयादे माता जयन्ती महोत्सव के संस्थापक महामंत्री, भोगीशैल परिक्रमा यात्रा आयोजन के सचिव, वीर दुर्गादास राठौड स्मृति समिति के सदस्य, बाबा रामदेव मेला कोर कमेटी के सदस्य, टाउन वैंडिंग नगर निगम के सदस्य है। निःशुल्क सामूहिक विवाह, बच्चों की शिक्षा, भारतीय कला संस्कृति व पर्यटन, भोगीशैल परिक्रमा यात्रा का आयोजन संचालन, लावारिश शवों का अन्तिम संस्कार, अस्थियों का गंगा में विसर्जन, सामाजिक कुरितियों के विरूद्ध आवाज उठाना, द्विव्यांग एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य में समर्पित है।

### एम्स में नए शैक्षिणक सत्र का उद्घाटन

**जोधपुर, (कासं)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), जोधपुर में आज जुलाई 2024 बैच के स्नातकोत्तरों के लिए नए शैक्षिणक सत्र का उद्घाटन किया। कार्यक्रम संस्थान के सभागार में दोपहर 12 बजे प्रारम्भ हुआ और मुख्य अतिथि के रूप में पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के निदेशक प्रो. विवेक लाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में एम्स जोधपुर एसएससी के अध्यक्ष प्रो.विनीत आहूजा की उपस्थिति रही। इस नई शैक्षिणक यात्रा की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए संकाय सदस्य, रेसिडेंट्स और नए स्नातकोत्तर छात्र एकत्रित हुए। कार्यकारी निदेशक प्रो. जीडी पुरी ने अतिथियों और छात्रों का स्वागत किया। प्रो.पुरी ने पिछले कुछ वर्षों में संस्थान द्वारा हासिल की गई उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों की जानकारी दी। उनके संबोधन ने क्षेत्र के स्वास्थ्य देखभाल परिदृश्य को बदलने में संस्थान के प्रभाव को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि के रूप में पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के निदेशक प्रोफेसर विवेक लाल ने उद्घाटन भाषण दिया, जिसमें चिकित्सा क्षेत्र में समर्पण, नवाचार और करुणा के महत्व पर जोर दिया गया।

### वाहन चोरों ने चार जगह से चुराए वाहन

**जोधपुर, (कासं)।** कमिश्नरेट में सक्रिय वाहन चोरों ने अलग अलग स्थानों से चार गाडिय़ों को चुराया। शास्त्रीनगर पुलिस ने बताया कि आंगणवा निवासी सुनिल पुत्र मोतीलाल जोशी मथुरादास माथुर अस्पताल आया था। जहां से उसकी बाइक चोरी हो गई। इसी तरह कलाल कॉलोनी गली नम्बर 11 नागौरी गेट निवासी महेन्द्र पुत्र हेमराज खटीक ने शास्त्रीनगर पुलिस को बताया कि वह एमडीएम अस्पताल आया था जहां उसकी बाइक चोरी हो गई। इधर सूरसागर थाने में दी रिपोर्ट में गडेरों की ढाणी कालीबेरी निवासी सुरेश पुत्र स्व. गणपतराम मेघवाल ने पुलिस को बताया कि सूरसागर क्षेत्र से उसकी बाइक को कोई चुरा ले गया। जबकि चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड थाने में दी रिपोर्ट में मूलतः फलसूंड हाल राजीव गांधी कॉलोनी निवासी शंभूराम पुत्र नारायण राम कुमावत ने पुलिस को बताया कि सुभाष नगर विस्तार योजना शोभावतों की ढाणी आया था। जहां से उसकी गाड़ी चोरी हो गयी। उसने एक व्यक्ति को नामजद करते हुए रिपोर्ट दी है।

### भील नायक समाज का समारोह आज

**जोधपुर, (कासं)।** एकलव्य युवा संस्थान की ओर से भील नायक समाज का 11वां संभाग स्तरीय प्रतिभा समान समारोह 4 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। संस्था के मुकेश जागटिया व भाखर सिंहड़ा ने बताया कि वर्ष 2024 में कक्षा 10 व 12 में 70 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, इस वर्ष सरकारी सेवा में चयनित, खेलकूद या अन्य किसी क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम फुटवियर डिजाइन एंड डवलपमेंट इंस्टीट्ययूट मंडोर में आयोजित होगा।

### सोनार के व्यास भवन में चिकित्सा शिविर

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** माहेश्वरी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर द्वारा व्यास भवन किले ऊपर आज 4 अगस्त रविवार को 11 बजे से 2 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर रखा गया है। डा. बी.डी. जेठा (निदेशक)माहेश्वरी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर ने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर डॉ. इन्द्रा बी. शर्मा एम .बी .बी .एस . एम डी . जनरल मेडिसिन डॉ. चन्द्रिका जोशी शिशु रोग विशेषज्ञ तथा डॉ. बी.एल. शर्मा अपनी सेवाएं देगें और ब्लड प्रेशर व ब्लड शूगर की निःशुल्क जांच की जाएगी और निःशुल्क चिकित्सक परामर्श देगें। जनता से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर चिकित्सा शिविर का लाभ लें।

### मजदूरी के लिए निकला युवक लापता

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के सरदारपुरा नवीं बी-रोड पर निर्माणाधीन भवन पर काम करने वाला एक श्रमिक लापता हो गया। उसके भाई की तरफ से पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई है। सरदारपुरा पुलिस के अनुसार ब्यावर जिले के मसूंदा थानान्तर्गत दौलतपुरा द्वितीय निवासी शैतान सिंह पुत्र हालू सिंह रावत ने रिपोर्ट दी। इसमें पुलिस को बताया कि 31 जुलाई को उसका भाई विनोद सिंह नवीं बी रोड पर निर्माणाधीन मकान पर मजदूरी करने के बाद शाम के समय सामान लाने का कहकर निकला लेकिन अभी तक वापस नहीं लौटा।

### एल.एल.बी. के लिए प्रवेश परीक्षा आज

**जोधपुर, (कासं)।** जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के सत्र 2024-25 में विधि संकाय के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम एलएलबी की प्रवेश परीक्षा चार अगस्त को होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधि संकाय अधिष्ठाता प्रो. सुनील आसोपा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा चार अगस्त को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सुबह दस बजे अपनी उपस्थिति देनी होगी।

# वाटर पोल्युशन कंट्रोल ट्रीटमेंट ट्रस्ट की चुनाव प्रक्रिया जारी

**बालोतरा, (निसं)।** वाटर पोल्युशन कन्ट्रोल ट्रीटमेन्ट एंड रिसर्च फाउण्डेशन ट्रस्ट, बालोतरा के निर्वाचन कार्यक्रम के तहत नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति के अंतिम दिन 03.08.2024 को 62 आवेदन तथा निर्धारित कार्यक्रम तक कुल 64 आवेदन प्राप्त किये गये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चुनाव के लेकर सुशील कुमार, जोगेन्द्र चौधरी, भंवर लाल, शान्तिलाल बालड, सुभाषचन्द मेहता, कांति लाल, सुरेश कुमार, मनोज कुमार, किशोर कुमार, सिद्वाथ, धनराज, रुपचन्द सालेचा, रुपचन्द सालेचा, गौतम चन्द, नरेश कुमार, राजकुमार, मुकेश कुमार, रणजीत कुमार, मुकेश कुमार, मुकेश कुमार, जसवंत गोगड, मनसुखराज, संजय कुमार सिंघवी, संजय छाजेड, कमलेश कुमार ढेलडयिा, शान्ति लाल बालड, कान्तिलाल, रामाकिशन, सुभाषचन्द, मोतीलाल, चेलाराम, चेलाराम, प्रेम पंवार, संदीप कुमार, भुराराम, भुराराम, भरत कुमार, भरत कुमार, ओमप्रकाश, नेनाराम, मंगलाराम, जोगेन्द्र चौधरी, संदीप कुमार, धनराज, कमलेश कुमार, विनोद कुमार सिंघवी, राकेशकुमार, नरेश ढेलडयिा, गौतम चन्द, महेन्द्र कुमार, कमलेश कुमार चौपडा, कमलेश कुमार चौपडा, नितेश कुमार गोगड, लुणचन्द, सिद्धार्थ माहेश्वरी, नरेन्द्रकुमार छाजेड, राजेश कुमार, धनसुख, भैरूलाल चौपडा, नरेन्द्र कुमार, नरेन्द्र कुमार, महेन्द्र कुमार, महेन्द्रकुमार व ललीतकुमार ने अपने अपने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये।



बालोतरा में वाटर पोल्युशन कन्ट्रोल ट्रीटमेन्ट एण्ड रिसर्च फाउण्डेशन ट्रस्ट, बालोतरा के निर्वाचन कार्यक्रम के तहत नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति के अंतिम दिन तक 64 आवेदन प्राप्त किये गये। फोटो-राष्ट्रदूत

बालोतरा वाटर पोल्युशन कन्ट्रोल ट्रीटमेन्ट एण्ड रिसर्च फाउण्डेशन ट्रस्ट, बालोतरा के निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र गहलोत ने जानकारी देते हुए बताया कि नाम निर्देशन पत्रों की जांच 04 अगस्त.2024 को होगी तथा नाम वापसी 05 अगस्त 2024 को प्रातः 9 बजे से दोपहर तीन बजे तक होगी।

निर्वाचन कमेटी के सहायक रिर्टनिग अधिकारी ओ.पी. पुरोहित ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति कार्यक्रम शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न हुआ। यह भी बताया कि अब तक कॉटन सेगमेंट से 28 प्रिन्ट से 12 सिन्थेटिक से 9 एवं बिठुजा क्षेत्र से 15 नामांकन प्राप्त हुए हैं।

# पाली में पहली बार सोमनाथ महादेव नगर भ्रमण को निकलेंगे




पाली में सावन के महीने में पहली बार सोमनाथ महादेव नगर भ्रमण को निकलेंगे। 7 अगस्त को यात्रा उज्जैन महाकाल की तर्ज पर होगी। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली, (नि.सं.)।** पाली शहर में सावन के महीने में पहली बार सोमनाथ महादेव नगर भ्रमण को निकलेंगे, 7 अगस्त को निकलने वाली महादेव की नगर भ्रमण यात्रा उज्जैन महाकाल की तर्ज पर निकाली जाएगी।

पाली के व्यापारी हमेशा भगवान सोमनाथ के दर्शन कर अपना दुकान खोलते हैं। पुजारी कमलेश रावल ने बताया कि इस बार पहली बार सोमनाथ धानी बाजार में पगलीए करेंगे, जिसमें 108 शिव भक्त ढोल ताशे डमरू, झाजर बजाते अगुवाई में चलेंगे, 1008 महिला सर पर मंगल कलश उठाकर ड्रेस कोड में होंगी। वही सोमनाथ के प्रतीक के रूप में एक झांकी में चांदी का शिव मुकुट पच नग से सजे भगवान होंगे। सर्व समाज के सैकड़ो गणमान्य नागरिक सोमनाथ के जयकार लगाते चलेंगे। सोमनाथ के भक्त लक्ष्मी कांत लाहोटी ने बताया कि रास्ते भर में उज्जैन से मंगाई भस्मी प्रसाद के रूप में बांटी जाएगी। नगर भ्रमण यात्रा शाम 4:30 बजे रघुनाथ जी मंदिर से रवाना होकर बादशाह का झंडा, सराफा बाजार उदयपुर बाजार, गुलजार चौक, पुरानी सब्जी मंडी, रूई कटला, धान मंडी होते हुए सोमनाथ मंदिर पहुंचेगी। जहां इस जल से सहस्त्र घट धारा अभिषेक के साथ महा आरती होगी।

# पशुपति नाथ के दर्शन किए



माहेश्वरी समाज की अध्यक्ष निर्मला सत्यनारायण सूदा के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के दल ने नेपाल स्थित ज्योतिर्लिंग पशुपतिनाथ महादेव के श्रावण माह में दर्शन किए। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** माहेश्वरी समाज की अध्यक्ष निर्मला सत्यनारायण सूदा के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के दल ने नेपाल स्थित ज्योतिर्लिंग पशुपतिनाथ महादेव के श्रावण माह में दर्शन किए।

यात्रा में शामिल पुष्पा रमेश चांडक द्वारा मिली जानकारी के अनुसार जैसेलमेरिया माहेश्वरी समाज के अहमदाबाद, सूरत एवं जैसलमेर के महिला पुरुषों में छप्पनी घनश्याम केला, मीना जयप्रकाश चांडक, रानी राधेश्याम मालपानी, हरिवल्लभ घूरका, किशोरीलाल झंवर, मदनलाल मल, राधेश्याम राठी, कमलकिशोर सूदा, त्रिलोक भूतड़ा, जेठमल भूतड़ा सभी सप्तनिक दर्शन यात्रा का लाभ ले रहे हैं।14 दिवसीय यात्रा में कपिल झंवर, इंदु साँवल, सुधा भी शामिल हैं।

## आनंद ऋषि की जयंती मनाएंगे

**जोधपुर, (कासं)।** नेहरू पार्क स्थित महावीर भवन में चातुर्मासार्थ विराजित श्रमण संघीय प्रथम युवाचार्य बहुश्रुत ज्ञान योगी मिश्रीमल जी म.सा. मधुकर के प्रधान शिष्य श्रमण संघीय सलाहकार उप प्रवर्तक विनय मुनिजी म.सा. 'भीम' व तपाचार्य सन्मति मुनि म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में प्रवचनमाला निरंतर गतिमान है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संघ अध्यक्ष सुरेश पारख व महामंत्री सुनिल चौपडा ने बताया कि सोमवार 5 अगस्त को श्रमण संघीय द्वितीय पट्टधर आचार्य आनंद ऋषि म.सा. की 125 वीं जन्म जयंती आयंबिल दिवस के रूप में मनाई जाएगी।

कार्यक्रम के अवसर पर महावीर भवन नेहरू पार्क में उप प्रवर्तकश्री के सानिध्य में तथा कपडा बाजार निमाज की हवेली में महासति प्रतीकप्रभाजी मसा. के सानिध्य में आयम्बिल व्रत आराधना होगी।

## बिगड़ी सफाई, लगे कचरे के ढेर

**पाली, (नि.सं.)।** संयुक्त संघर्ष समिति वाल्मीकि समाज की ओर से चौथे दिन भी झाडू डाउन कर कार्य का बहिष्कार किया।

उन्होंने आज नगर परिषद से बारिश में रैली निकाली गई जो शहर के बाजारों से होते हुए वापस नगर परिषद आकर संपन्न हुई।

रास्ते में उन्होंने शत प्रतिशत वाल्मिकी समाज को सफाई कर्मियों में प्राथमिकता देने के नारे लगाते गए। लगातार चौथे दिन हड़ताल के चलते शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ गई है। शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे है। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगों को पूरा नहीं किए जाने तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।

# छात्र संगठनों का प्रदर्शन जारी

**जोधपुर, (कासं)।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के केंद्रीय कार्यालय के बाहर अपनी-अपनी मांगों को लेकर एनएसयूआई और एबीवीपी का धरना तीसरे दिन भी जा रहा। एनएसयूआई की तरफ से तीसरे दिन भी कार्यकर्ता भूख हड़ताल पर बैठे रहे।

वहीं एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने कुलपति व विवि प्रशासन को सद्बुद्धि देने के लिए यज्ञ किया। छात्र संगठनों ने मांगें नहीं माने जाने पर उठा आंदोलन की भी चेतावनी दी।

विश्वविद्यालय में बढ़ी हुई फीस को वापस करवाने की मांग को लेकर एनएसयूआई के कार्यकर्ता आज भी भूख हड़ताल पर बैठे। विवि प्रशासन ने पहले दिन के धरने के दौरान केवल 100 रुपए ही कम किए थे, लेकिन छात्रों की मांग है कि जितनी फीस बढ़ोतरी की गई है, वह पूरी वापस लेने तक हड़ताल जारी रहेगी।

छात्रों का कहना है कि जब तक विवि प्रशासन उनकी मांगें नहीं मानेगा तब तक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रहेगी।

छात्र नेता दीपक जाखड़ ने बताया कि चार दिन पहले छात्रों ने कुलपति को ज्ञापन देकर फीस वृद्धि के निर्णय को वापस लेने की मांग की थी। तब कुलपति ने एक कमेटी गठित की, लेकिन अभी तक कमेटी की ओर से निर्णय नहीं लिया गया है। यूनिवर्सिटी की ओर से तीन गुना फीस कर दी गई है। छात्रों पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। यहां संभाग भर के विद्यार्थी पढ़ने के लिए आते हैं जिनसे तीन गुना अधिक फीस वसूलना न्याय संगत नहीं है।

इधर एबीवीपी का छात्रसंघ चुनाव कराने, सिण्डिकेट से वित्तीय अनियमितता के आरोपी प्रो. केआर पटेल को हटाने, परीक्षाओं की फीस कम करने, छात्र-छात्राओं के लिए कैंटीन एवं शौचालय की व्यवस्था करने, शुद्ध पेयजल शौचालय उपलब्ध कराने, विवि में गत तीन वर्षों में हुई वित्तीय एवं पदोन्नित प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं की जांच करने सहित 13 मांगों को लेकर दिया जा रहा धरना भी तीसरे दिन जारी रहा। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने आज धरना स्थल पर सद्बुद्धि यज्ञ भी किया।

# भागवत महापुराण जारी

**पाली, (नि.सं.)।** श्री रतनेश्वरजी महादेव मन्दिर प्रांगण में आयोजित चातुर्मास सत्संग कथा अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के ओजस्वी प्रखर वक्ता संत भगतरामजी महाराज "शास्त्री" जैतारण के द्वारा आज भागवत महापुराण के दसवें स्कन्ध का वर्णन किया गया। चातुर्मास लाभार्थी लक्ष्मीनारायण-प्रेमलता, हरीश, सन्दीप मानधना है। सत्संग समिति के प्रवक्ता अम्बालाल सोलंकी ने बताया कि लाभार्थी परिवार व सत्संग सेवा समिति के गुरूचरण हेड़ा, हरिशचन्द्र हेडा, पुखराज शर्मा, बजरंग हुरकट, शिवकरण झंवर, रमेश मिश्रा, देवीसिंह राजपुरोहित आदि मौजूद रहे।

## धरना जारी

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** शहर में अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस व हरिजन समाज सेवा एवं विकास संस्थान जैसलमेर के बैनर तले नगर परिषद के सफाईकर्मियों की शनिवार को तीसरे दिन भी हड़ताल जारी रही। राज्यव्यापी झाड़ू डाउन हड़ताल के समर्थन में अस्थाई सफाई कर्मचारियों द्वारा झाड़ू डाउन कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया।

# राशन डीलर हाथों में कटोरा लेकर रोष जताएंगे

**जोधपुर, (कासं)।** प्रदेश में राशन डीलर की हड़ताल के चलते राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को गेहूं नहीं मिल पा रहा है।

राशन डीलरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर एक अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की थी। शनिवार को हड़ताल का तीसरा दिन है और सरकार की ओर से वार्ता के लिए कोई निमंत्रण भी नहीं मिला है। दूसरी ओर राशन डीलरों ने निर्णय किया है कि सोमवार को तहसील से लेकर उपखंड मुख्यालयों पर कटोरा लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।

राजस्थान राज्य राशन विक्रेता संघर्ष समिति के बैनर तले प्रदेश के 27 हजार राशन डीलर अपनी लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर है। तीस हजार रुपए मानदेय, 2 प्रतिशत छीजत देने, बुजुर्गों और दिव्यांगों को डोर टू डोर राशन देने की योजना को बंद करने, 8 महीने से बकाया कमीशन देने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदेश के राशन डीलर हड़ताल पर हैं। यह राशन डीलर लंबे समय से अपनी मांगों को सरकार से पूरा करवाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, लेकिन सरकार ने उनकी मांगों को लेकर अब तक कोई सुनवाई नहीं की है। वहीं एक अगस्त से हड़ताल पर होने के बावजूद अभी तक सरकार की ओर से वार्ता के लिए भी कोई न्योता नहीं आया है।

संघर्ष समिति के बैनर तले अब राशन डीलरों ने अनूठा प्रदर्शन करने का निर्णय किया है। संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष सरताज अहमद ने बताया कि हम लोग लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर समय-समय पर आंदोलन करते रहे हैं। वर्तमान में भजनलाल सरकार को भी बने हुए 8 महीने हो चुके हैं। इसके बावजूद भी हमारी सुनवाई नहीं हो रही।

उन्होंने कहा कि सोमवार को सभी जिला, तहसील और उपखंड मुख्यालयों पर राशन डीलर हाथों में कटोरा लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे ताकि हमारी आवाज सरकार तक पहुंचे। हम चाहते हैं कि सरकार हमसे वार्ता करें और हमारी समस्याओं को निपटाएं ताकि आम जनता को होने वाली परेशानी भी दूर हो सके।

## गांधी शिल्प बाजार शुरू

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में जिला स्तरीय गांधी शिल्प बाजार का शुभारंभ हुआ। केन्द्र सरकार के कपड़ा मंत्रालय के मार्केटिंग योजनान्तर्गत 7 दिवसीय प्रदर्शनी का जय भैरव वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि , मीडिया एवं संचार अधिकारी आशीष वर्मा, वरिष्ठ सहायक क्षेत्रीय निदेशक इग्नु डॉ. अजय वर्धन आचार्य, और एनएसटीआई ट्रेनिंग ऑफिसर टीएल पाराशर ने किया।

इस मेले में 50 स्टॉल हस्त निर्मित उत्पादों की लगाई गई है। इस अवसर पर आशीष वर्मा ने सभी दस्तकारों की लगाई स्टॉल विजिट की। इस दौरान उन्होंने बताया कि भारत हस्तशिल्प का सर्वोत्कृष्ट केन्द्र माना जाता है। भारत में दैनिक जीवन की सामान्य वस्तुएं भी कोमल कलात्मक रूप से गढ़ी जाती है।

# प्रभात फेरी व गोपूजन के कार्यक्रम हुए

**रेवदर, (निसं)।** श्रीगोधाम महातीर्थ पथमेड़ा की शाखा श्री मनोरमा गोलोक नंदगांव केसुआ में गोऋषि स्वामी दत्तशरणानन्दजी महाराज की पावन निश्रा में आयोजित श्री गोकरुणा चातुर्मास आराधना महोत्सव के अंतर्गत चल रही वेदलक्षणा गोमहिमा श्री भरत चरित्र कथा के पांचवे दिन संतों और हजारों गोभक्तों ने मंगलमय कथा का श्रवण कर अभिनव बृजमंडल श्री मनोरमा गोलोक नंदगांव की प्रभात फेरी और गोपूजन का आनंद लिया।

वेदलक्षणा गोमहिमा श्री भरत चरित्र कथा को संबोधित करते हुए मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्रदास जी महाराज ने कहा कि धर्मनिष्ठ पुरुष जब यह देखता है कि मेरी धर्मशिलता पर संदेह किया जा रहा है और सामने वाले व्यक्ति किसी भी प्रकार से इसे स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं, तब वह अंतिम उपाय के रूप में शपथ को स्वीकार करता है और भरतजी ने सब प्रकार के पाप गिनाए और शपथपूर्वक यह प्रमाणित किया कि भगवान श्रीराम का जो वनवास हुआ है, मेरी माता ने जो वर मांगा है उसमें हमारा कोई योगदान नहीं और वस्तुतः भरतजी का चरित्र ऐसा अद्भुत चरित्र है। उन्होंने कहा की यह सर्वथा सत्य है की भगवान हेय गुणों के भगवान खुद विरोधी है। जिनकी गणना नहीं की जा सकती। ऐसे असंखीय, अचिंतीय, अनंत गुणों के समुद्र है भगवान। भगवान तो गुण सागर हैं और दोष तो भगवान में संभव ही नहीं है, किंतु फिर भी मनुष्य अपने अशुद्ध अंतरकरण का अपनी अशुद्ध वृति का आरोप बहुधा भगवान पर भी कर देता है और जब भगवान पर ही दोषारोपण कर देता है तो महापुरुष और संत कहां छूटेंगे? उनको तो वो संत और महापुरुष की दृष्टि से देखा ही नहीं। उन्हें तो वह अपने जैसा ही एक मनुष्य समझता है। बस वो तो इतना ही समझता है हमारी और इनकी सिर्फ वेशभूषा अलग है। वो अपने मन से यही सोचता है कि इनको लोग कुछ ज्यादा मानते और हमको लोग नहीं मानते। इसलिए सच्ची और सिद्धांत की बात यह है कि भगवान और भगवत भक्त में दोष नहीं।


आम सूचना

मैं मंजुदेवी पत्नी चौथाराम जाति, माली निवासी राजेन्द्र नगर जालोर हर आम व खास को सूचित करती हूं कि मेरे खरीदसुदा प्लॉट की रजिस्टी खसरा नम्बर 1942 पट्टा नम्बर 681/2006-07 जो रामलाल पुत्र मेघाजी के नाम से पट्टा बना हुआ है रामलालजी ने जोगाराम पुत्र सवाजी को बेचान किया जोगारामजी से प्रार्थीया मंजुदेवी ने खरीद किया था जिसकी जिल्द संख्या 381 पृष्ठ संख्या 174 क्रम संख्या 2007001812 दिनांक 5-06-2007 में रजिस्टर्ड है। रामलाल ने जोगारामजी को जो बेचान किया। उस रजिस्टी के मूल दस्तावेज नही मिल रहे है। उक्त दस्तावेजो को किसी बैंक या अन्य को गिरवी नही रखे है मूल दस्तावेज कही गुम हो गये। उक्त दस्तावेज की गुमशुदी पुलिस थाना जालोर मे LR No 2235545/2024 दिनांक 11.07.2024 को दर्ज करवाई हुई है। उक्त रजिस्टी का कोई दुरूपयोग नही करे। सो सूचित रहे।

प्रार्थीया
मंजुदेवी पत्नी चौथाराम



उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना

नं.: Comml/E-auction/2024/106, दिनांक: 02.08.2024

उक्त के सन्दर्भ में विभिन्न गाड़ियों के हाइब्रिड NFR (ऑन बोर्ड खरीदारी)/ एसएलआर और वीपीयू लीजिंग एवं स्टेशनों पर पार्किंग स्टैंड/ विज्ञापन (OOH)/ए.टी.एम (ATM)/एम.पी.एस (MPS) के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलॉग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किए जा चुके हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | (1) | जोधपुर मंडल के विभिन्न गाड़ियों में हाइब्रिड NFR (ऑन-बोर्ड खरीदारी) के ठेके हेतु ई-ऑक्शन |
| | | (2) | जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग स्टेण्ड के ठेके हेतु ई-ऑक्शन |
| | | (3) | जोधपुर मंडल से संचालित गाड़ियों के एसएलआर और वीपीयू लीजिंग में स्थान लीज पर माल पार्सल की लोडिंग हेतु ई-ऑक्शन |
| | | (4) | जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर वाणिज्यिक विज्ञापन के ठेके हेतु आउट ऑफ होम आदि का ई-ऑक्शन |
| | | (5) | जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ए.टी.एम (ATM) के ठेके हेतु ई-ऑक्शन |
| | | (6) | जोधपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर एम.पी.एस (MPS) के ठेके हेतु ई-ऑक्शन |
| 2. | कार्य की अवधि | (1) | हाइब्रिड NFR (ऑन-बोर्ड खरीदारी)- 3 वर्ष |
| | | (2) | पार्किंग- 3 वर्ष / 1 वर्ष |
| | | (3) | एसएलआर और वीपीयू लीजिंग-2 वर्ष |
| | | (4) | विज्ञापन (OOH)- 3 वर्ष |
| | | (5) | ए.टी.एम (ATM)- 5 वर्ष |
| | | (6) | एम.पी.एस (MPS)-5 वर्ष |
| 3. | लॉट के ई-ऑक्शन प्रारंभ की तिथि व समय | (1) | Hybrid NFR (On-board Shopping): (1) HYB-OnB-JU-2-24, दिनांक 16.08.2024 को 11:00 बजे से |
| | | (2) | PARKING: (1) Parking-JU-45, दिनांक 16.08.2024 को 12:00 बजे से |
| | | (3) | ADVT: (1)OOH-JU-36, दिनांक 16.08.2024 को 13:00 बजे से |
| | | (4) | ATM: (1)ATM-JU-14, दिनांक 16.08.2024 को 14:00 बजे से |
| | | (5) | MPS: (1)MPS-JU-15-24, दिनांक 16.08.2024 को 15:00 बजे से |
| | | (6) | SLRs & VPU: (1)Parcel-JU-74, दिनांक 17.08.2024 को 12:00 बजे से |

वेबसाइट जहाँ से लॉट वाइज ई-ऑक्शन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है: www.ireps.gov.in

906-DK/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# गाय को बचाने के चक्कर में एसयूवी कार पलटी, चार लोगों की मौत

## पांच लोग घायल, तीन को किशनगंज अस्पताल व दो को बारां जिला अस्पताल में भर्ती कराया

**कोटा, (निसं)।** बारां जिले के भंवरगढ़ से किशनगंज के बीच भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। हादसे में मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच जने घायल हो गए। मृतक और घायल एक एसयूवी बोलेरो में सवार थे। हादसा इतना भीषण था कि इसमें गाड़ी भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

बताया जा रहा है कि नेशनल हाईवे-27 पर भंवरगढ़ से किशनगंज के बीच देर रात को ये भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। इसमें मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर जिला कलेक्टर रोहिताश कुमार सिंह तोमर और एसपी राजकुमार चौधरी ने भी जिला अस्पताल पहुंचकर हालात का जायजा लिया। मृतकों के शवों को मोर्चरी में शिफ्ट करवाया गया। घायलों को त्वरित उपचार के निर्देश दिए गए।

एसपी राजकुमार चौधरी ने बताया कि एसयूवी में सवार होकर भंवरगढ़ से बारां की तरफ ये लोग

**■ हादसा इतना भीषण था कि इसमें एसयूवी गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई**

आ रहे थे। भंवरगढ़ ढाबे के नजदीक हाईवे पर ही करीब 10.30 के आसपास इनकी एसयूवी के सामने अचानक से गोवंश आ गया। इसे बचाने का प्रयास चालक ने किया, लेकिन इसके चलते एसयूवी अनियंत्रित हो गई। इसके बाद पलटते हुए सड़क किनारे चली गई। सूचना मिलने पर नेशनल हाईवे की पेट्रोलिंग टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और इन्हें बारां जिला अस्पताल भेज दिया गया।

मृतकों में शाहबाद इलाके के रामपुर उपरेटी गांव निवासी लाखन सहरिया, फूलचंद सहरिया व हरिचंद मेहता और मध्य प्रदेश के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र निवासी राजू सहरिया शामिल हैं। जबकि दुर्घटना में पांच लोग भी बुरी तरह से जख्मी हुए हैं। जिनमें से तीन का उपचार किशनगंज अस्पताल में करवाया जा रहा है जबकि दो को बारां जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। जानकारी के अनुसार करीब एक सप्ताह पहले ही हाईवे पर बारां के नजदीक ही गोवंश सामने आ जाने के चलते दो बसों की भिड़ंत हो गई थी। इसमें भी एक बस के पलट जाने के चलते दो लोगों की मौत हुई थी व कुछ घायल हुए थे।

# कार-बोलेरो की भिड़ंत में एक की मौत, सात घायल

**सादुलपुर, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर गांव लसेड़ी के नजदीक शनिवार दोपहर को एक कार और बोलेरो जीप की हुई जबरदस्त भिड़ंत में

**■ कार में सवार लोग अमृतसर पंजाब से श्याम बाबा के दर्शनों के लिए खाटूश्यामजी आ रहे थे**

कार चालक की मौत हो गई तथा सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घायलों में गंभीर एक महिला सहित दो लोगों को हिसार रैफर किया गया है।

सूचना मिलते ही एस.आई. सुरेंद्र सिंह मय पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे तथा सभी घायलों को दो एंबुलेंस से श्रीनाथ जी अस्पताल में भर्ती करवाया। कार में सवार लोग अमृतसर पंजाब से खाटूश्याम बाबा के दर्शन के लिए जा रहे थे, जबकि बोलेरो में सवार लोग राजगढ़ तहसील के गांव सूरतपुरा से गोठया बडी बैंक में केसीसी के लिए गांव जा रहे थे। जैसे ही हाईवे पर बोलेरो जीप पहुंची। इस दौरान सामने से कार



घायल लोगों को एंबूलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया।

आ गई और दोनों में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में कार चालक रघु पुत्र राकेश अरोडा निवासी अमृतसर को चिकित्सकों ने गभीर हालत देखते हुए हिसार रेफर कर दिया था, लेकिन हिसार पहुंचने से पहले रास्ते में ही चालक ने दम तोड़ दिया।

एस.आई. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि कार में सवार लोग अमृतसर पंजाब से खाटूश्याम बाबा के दर्शन के लिए जा रहे थे तथा कार को रघु अरोड़ा चला रहा था। कार में एक वर्षीय बालिका वाणी तथा कार चालक का छह वर्षीय पुत्र अगम अरोड़ा, नीतीश पुत्र जगदीश अरोड़ा, मीनाक्षी पत्नी नीतीश कुमार तथा कार चालक रघु की पत्नी कोमल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बोलेरो जीप में तहसील गांव सूरतपुरा निवासी संजय पुत्र बजरंग नाई, कुलदीप पुत्र राजवीर जाट, मंजू पत्नी जगदीश जाट, मनीषा पत्नी कुलदीप जाट जीप में सवार होकर बैंक संबंधी काम के लिए गोठया बड़ी जा रहे थे। उन्होंने बताया कि सभी को गंभीर चोटें लगी है तथा मंजू पत्नी जगदीश व बोलेरो चालक संजय पुत्र बजरंग नाई को गंभीर चोट लगने के कारण हिसार रेफर किया गया है। देर शाम तक मामला दर्ज नहीं हुआ है।

# ट्रक में घुसी एसयूवी कार, दो युवकों की मौत

## पार्टी कर लौट रहे थे युवक, दो जने गंभीर रूप से घायल

**कोटा, (निसं)।** शहर के बाहर से गुजर रहे नेशनल हाईवे-27 के बाइपास पर बीती रात भीषण दुर्घटना हो गई। जानकारी के अनुसार पार्टी कर लौट रहे युवकों की एसयूवी कार एक ट्रक में घुस गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल है। हादसे में एसयूवी पूरी तरह से चकनाचूर हो गई। दुर्घटना के बाद यहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद हाइवे पेट्रोलिंग की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों व मृतकों को अस्पताल ले गई। शनिवार को दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

अनंतपुरा थाने के सब इंस्पेक्टर लोकेश मीणा ने बताया कि सूचना मिलने पर सबसे पहले वे मौके पर पहुंचे। घायलों को हाईवे पेट्रोलिंग एंबुलेंस के जरिए पहले ही अस्पताल पहुंचा दिया था। चूंकि यह इलाका रामपुर थाने का था, ऐसे में रामपुर पुलिस को सूचना दी गई। रामपुर थाने

**■ हादसे में एसयूवी पूरी तरह से चकनाचूर हो गई**

के सब इंस्पेक्टर भीम सिंह ने बताया कि झालावाड़ जिले के खानपुर निवासी धीरज सिंह और विज्ञान नगर निवासी अरबाज की दुर्घटना में मौत हुई है। फैजल, जयराज और दीप सिंह घायल हैं।


यह सभी लोग बूंदी जिले के बल्लोप स्थित एक रेस्टोरेंट से खाना खाकर हैंगिंग ब्रिज होते हुए बारां रोड की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान यह दुर्घटना हुई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए इसके चलते ही दुर्घटना हुई है। इसके बाद ही एसयूवी अनियंत्रित होती हुई ट्रक में घुस गई। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिये हैं।

# सूदखोरों से परेशान होकर अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

## मृतक के बेटे ने दो लोगों पर ज्यादा ब्याज मांग कर परेशान करने का आरोप लगाया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र की पटेल नगर कॉलोनी में रहने वाले एक अधेड़ ने सूदखोरों से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मृतक के पुत्र बालसिंह भाटी ने बताया कि पिता देवी सिंह (62) ने भैरूलाल और बबलू नामक दो व्यक्तियों से ब्याज पर पैसा उधार लिया हुआ था, जो ब्याज चुकाने के बावजूद घर पर आकर आए दिन परेशान करते थे। करीब एक माह से चल रहे ब्याज माफियाओं के आतंक से परेशान होकर देवी सिंह ने अपने ही घर के सामने स्थित पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि बुजुर्ग के बेटे की रिपोर्ट पर सूदखोरों के खिलाफ खुदकुशी के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। मृतक के बेटे बाल सिंह ने बताया कि उसके पिता देवीसिंह को दो लोग बबलू सांसी और भैरू गुर्जर ज्यादा ब्याज मांग कर परेशान कर रहे थे और धमकियां दी जा रही थी। इन्हीं से परेशान



मृतक देवी सिंह।

होकर उसके पिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

प्रताप नगर थाना प्रभारी गजेंद्र नरूका ने बताया कि बाल सिंह की रिपोर्ट पर बबलु सांसी व भैरू गुर्जर के खिलाफ देवीसिंह को खुदकुशी के लिए मजबूर करने के का मामला दर्ज कर लिया है। बेटे बाल ने बताया कि उसके छोटे भाई की शादी के लिए पिता देवी सिंह ने आरोपित बबलू सांसी से एक लाख और भैरू गुर्जर से 50 हजार रुपये ब्याज पर उधार लिये थे। देवी सिंह ही इस राशि की किश्तें व ब्याज अदा कर रहे थे। बाल सिंह का कहना कि दोनों आरोपित देवी सिंह को ज्यादा ब्याज राशि मांग कर परेशान कर रहे थे। घटना के वक्त सुबह जब उसके पिता का शव फंदे से झूल रहा था, तब भी उनकी जेब में पड़े मोबाइल पर सूदखोर का फोन आ रहा था।

इस दौरान पुलिस भी मौजूद थी। परिजनों ने कॉल रिसीव किया। यह कॉल भैरूलाल गुर्जर का था और वह पैसे की ही मांग कर रहा था। वहीं सूदखोरी के आरोपित बबलु सांसी पर मृतक के बेटे बाल सिंह ने एक और आरोप लगाया कि उसके पिता की बाइक थी, जिसे भी आरोपित छीन ले गया था। यह बाइक आज तक उसने नहीं लौटाई। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए सभी आरोपी की जांच शुरू कर दी है।

# तीन लाख की रिश्वत लेते अधिकारी गिरफ्तार

## जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र प्रतापगढ़ के संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक को गिरफ्तार किया

**जयपुर/प्रतापगढ़, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की प्रतापगढ़ टीम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जिला प्रतापगढ़ के संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक राजीव गर्ग को परिवादी से तीन लाख रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की प्रतापगढ़ टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि सातवें वेतनमान का स्थिरीकरण, पेंशन प्रकरण का भुगतान एवं एरियर का भुगतान करने की एवज में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जिला प्रतापगढ़ का संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक राजीव गर्ग तीन लाख 50 हजार रुपये रिश्वत राशि की मांग कर रहा है।

एसीबी की प्रतापगढ़ टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए आरोपित राजीव गर्ग को तीन लाख रूपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपित द्वारा शिकायत से पूर्व भी परिवादी से 50 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे। एसीबी को कार्रवाई के दौरान आरोपित के जयपुर स्थित मकान एवं एक फ्लेट की तलाशी के लिये पहुंची तो दोनों बन्द मिले जिन्हें सील किया गया है। न्यायालय से आरोपित का रिमांड लिया जाकर उसकी उपस्थिति में ही उक्त ठिकानों की तलाशी ली जायेगी।

# जालोर में दो दिन से बारिश का दौर जारी, नदी-नालों में पानी की आवक

## बाडमेर जिले के रामसर में सर्वाधिक तीन इंच बरसात हुई, राहत मिली

**जालोर, (कासं)।** जिलेभर में गत दो दिन से लगातार रूक-रूक कर कभी रिमझिम तो कभी झमाझम बारिश से नदी-नालों में पानी की आवक देखी गई।

**■ जालोर शहर के कई निचले इलाकों में बारिश के चलते पानी नजर आने लगा**

जालोर में शुक्रवार व शनिवार को रूक-रूक कर बारिश का दौर जारी रहने से चारों ओर पानी ही पानी नजर आने लगा है। वहीं जालोर शहर के कलैक्ट्रेट गेट, रोडवेज बस स्टेण्ड गेट के आगे निकासी नहीं होने से पानी भर जाने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के कई निचले इलाकों में लगातार बारिश के चलते पानी नजर आने लगा है। लगातार बारिश का दौर जारी रहने से तापमान में गिरावट देखी गई। जिला कलेक्टर ने भी बारिश के समय नदी-नालों में वाहन नहीं उतारने व पानी के पास नहीं जाने की सलाह दी है। जिले के कई नालों व बांधों में पानी की आवक नजर आई। वहीं मानसून की



जालोर में बारिश के बाद कलेक्ट्रेट गेट के आगे पानी भर गया।

अच्छी बारिश के चलते किसानों के चेहरों पर खुशी देखी गई।

**बाडमेर संवाददाता के अनुसार :-** प्रचंड गर्मी से धधक रहे बाडमेर पर मौसम विभाग के भारी बारिश के अलर्ट के बीच शनिवार को अलसुबह ही बारिश का दौर शुरू हो गया जो दिनभर कभी तेज तो कभी धीमे होते हुए चलता रहा। मौसम विभाग के यैलो अलर्ट के बाद जिला कलेक्टर ने शनिवार को जिले की सभी स्कूलों और आंगनबाड़ियों का अवकाश घोषित कर दिया। जिले में अच्छी बारिश होने से किसानों के चेहरे पर खुशी छा गई है। उनका मानना है कि ये बारिश फसलों के लिए फायदेमंद साबित होगी। पिछले 24 घण्टों में बाडमेर जिले के रामसर में सर्वाधिक करीब तीन इंच और सबसे कम धोरीमन्ना में 2 एमएम बारिश हुई है। बाडमेर में 38, बाडमेर ग्रामीण में 36, चौहटन में 32, शिव में 10, धोरीमन्ना में दो, धनाऊ में 16 एमएम, रामसर में 80 एमएम, गडरारोड 4.5 एमएम और नोखडा में 18 मिलीमीटर बारिश हुई है। शनिवार सुबह बारिश शुरू होने के बाद जिला कलेक्टर निशान्त जैन ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शहर के जल भराव वाले इलाकों का जायजा लेकर पानी की निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# झाड़ोल में पौने दो इंच, उदयपुर शहर में रिमझिम बरसात हुई

## जिले में केचमेंट सहित कई जगहों पर अच्छी बारिश, झीलों में पानी की आवक शुरू होने की आस बंधी



राजसमंद में मोही कस्बे के बनास नदी एनीकट पर चादर चलने से बहता पानी।

**उदयपुर, (कासं)।** लेकसिटी में शनिवार को दिनभर रिमझिम बारिश होती रही। जिले में केचमेंट सहित कई जगहों पर अच्छी बारिश के समाचार मिले हैं। शाम पांच बजे तक बीते 12 घंटों में झाड़ोल में सर्वाधिक 40 मिमी (पौने दो इंच) बारिश रिकॉर्ड की गई।

लेकसिटी में आज हो रही बारिश ने झीलों के भरने की आस बंधा दी है। शहर में हालांकि रिमझिम का दौर चला लेकिन केचमेंट के कई हिस्सों में अच्छी बरसात हुई है। पीछोला को भरने वाली सीसारमा नदी और फतहसागर को भरने वाली मदार नहर अभी नहीं चली है लेकिन लेकसिटी में मौसम विभाग के येलो अलर्ट के बीच रविवार को कई हिस्सों में 200 मिमी तक बारिश की संभावना जताई गई है। इधर, सिंचाई विभाग के बाढ़ नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार शाम पांच बजे तक बीते 12 घंटों में सर्वाधिक बारिश झाड़ोल में 40 मिमी, उदयपुर शहर में 6 मिमी, स्वरूपसागर 5 मिमी, उदयसागर 11 मिमी, मदार 23 मिमी, अलसीगढ़ 18 मिमी, वल्लभनगर 11 व ओगणा में 21 मिमी बरसात हुई है।

# मोही के बनास नदी एनीकट पर चादर चली

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे के बनास नदी स्थित एनीकट पर शनिवार को चादर चल रही है। गांव में शुक्रवार को दिनभर हुई बारिश के चलते नदी-नालों में पानी बहने लगा। बनास नदी स्थित एनिकट पर चादर चल रही है। बनास नदी में पानी की आवक को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

# बाइक सहित नदी की रपट में बहे दो युवक

**पाली, (नि.सं.)।** पाली के निकट खेरवा बनियावास गांव की नदी पिछले दो दिन से बह रही है। शुक्रवार दोपहर करीब 3:30 बजे दो युवक एक फीट चल रही रपट पर ग्रामीण के मना करने पर भी चले गए। जहां बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक के साथ दोनों पानी में बह गए। गनीमत रही कि नदी में करीब 3 फीट पानी था, जिससे दोनों को ग्रामीणों ने बचा लिया। बानियावास सरपंच प्रतिनिधि सरवन राम ने बताया कि दोनों युवक शराब पिए हुए थे। लोगों के मना करते हुए भी नदी की रपट में बाइक उतार दी थी।


न्यायालय उपजिला कलेक्टर महोदय, गंगापुर सिटी
हरिदास बनाम तेजसिंह वगैरहा
दावा विभाजन घोषणा इन्द्राज दुरुस्ती एवं स्थायी निषेधाज्ञा एवं प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा संख्या 9/2024
मु.नं. 10/2024 विवाधक सम्मन
नोटिस बनाम

तेजसिंह पुत्र स्व. किशोरीलाल जाति जाटव, निवासी मिर्जापुर हाल निवासी गली नम्बर 7, अक्षत विला बिहार सोगरिया रोड कोटा। सम्पो देवी पत्नी मोहनसिंह पुत्री स्व. किशोरीलाल हालनिवासी प्रताप नगर सैक्टर नम्बर 5 तहसील सांगानेर जयपुर, ललिता पत्नी गंगासिंह पुत्री स्व. किशोरीलाल निवासी महलपुर चूरा पोस्ट वंशी पहाडपुर तहसील रुपवास जिला भरतपुर कमला पत्नी हरिचरण पुत्री स्व. किशोरीलाल जाटव निवासी महलपुर चूरा वंशी पहाडपुर तहसील रुपवास जिला भरतपुर, सुरेश पुत्र स्व. नारायण निवासी अम्बेडकर धर्मशाला के पास, गंगापुर सिटी, नरेश पुत्र स्व. नारायण निवासी अम्बेडकर धर्मशाला के पास, गंगापुर सिटी, दिया पत्नी स्व. राजू पुत्र पुत्र स्व. नारायण, हेमु पुत्र स्व. राजू पुत्र स्व. नारायण, कांति पुत्री स्व. नारायण, अक्षय कुमार पुत्र स्व. अशोक, ज्योती पुत्री स्व. अशोक, शोभना पुत्री स्व. अशोक, सोना पुत्री स्व. अशोक, नागेन्द्र पुत्र स्व. ओमप्रकाश निवासीयान अम्बेडकर धर्मशाला के सामने, मिर्जापुर गंगापुर सिटी जिला गंगापुर सिटी, भूरेलाल पुत्र चिरंजीलाल हाल निवासी राठोर बेकरी के पीछे, गली नम्बर 6, पूनम कालोनी, कोटा, मोहनसिंह पुत्र स्व. बुद्धराम, योगेन्द्र सिंह पुत्र बुद्धराम, निवासी गली नम्बर 8 पूनम कालोनी कोटा, मोहनदेवी पुत्री स्व. बुद्धराम निवासी आर.के. पुरम डी. मार्ट के पास, कुसुमलता पुत्री स्व. बुद्धराम निवासी गली नम्बर 8 पूनम कालोनी, कोटा, रतनबाई पत्नी स्व. भीमसिंह, महेन्द्र पुत्र स्व. भीमसिंह, प्रवीण पुत्र भीमसिंह, योगेश पुत्र भीमसिंह, सिद्धार्थ पुत्र स्व. केदार, केसू पुत्र स्व. केदार, कविता पुत्री स्व. केदार, भारती पुत्री स्व. केदार, पूनी पत्नी स्व. सम्पत्त, तेजसिंह पुत्र स्व. सम्पत निवासी अम्बेडकर धर्मशाला के पास, मिर्जापुर गंगापुर सिटी, गोरधन पुत्र हजारी निवासी नेहरु कालोनी गंगापुर सिटी, धन्नालाल पुत्र कोरीलाल जाति बैरवा निवासी वार्ड नम्बर 18, गंगापुर सिटी, प्रेमबाई पुत्री स्व. चिरंजीलाल पत्नी सोनपाल, जाति जाटव निवासी कन्जौली का पुरा पोस्ट काचरोली तहसील हिण्डोन सिटी, जिला करोली, सावित्री देवी पुत्री स्व. चिरंजीलाल पत्नी रामस्वरुप जाटव निवासी कन्जौली का पुरा, तहसील हिण्डोन सिटी जिला करौली प्रेमलता पुत्री स्व. चिरंजीलाल पत्नी बालेश्वर निवासी थाई के पास जाटव वस्ती हिण्डौन सिटी जिला करौली, शांति पुत्री स्व. चिरंजीलाल पत्नी शांतिस्वरुप, जाति जाटव निवासी थाई के पास जाटव वस्ती हिण्डौन सिटी जिला करौली ज्ञानसिंह पुत्र स्व. नथिया, शेरसिंह पुत्र रतनलाल, किसना पुत्र स्व. रतनलाल, दीपचन्द पुत्र स्व. रतनलाल, सुरेश पुत्र स्व. किशोर, कलावती पत्नी स्व. किशोर, जाति जाटव हाल निवासी अम्बेडकर धर्मशाला के पास, मिर्जापुर गंगापुर सिटी तहसील व जिला गंगापुर सिटी लैण् होल्डर जरिये तहसीलदार गंगापुर सिटी, राजस्थान सरकार जरिये जिला कलेक्टर गंगापुर सिटी सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वादी हरिदास पुत्र सोनी द्वारा न्यायालय में दावा व प्रार्थना पत्र टी.आई. मं. पंजीबद्ध किया है आप इस न्यायालय में तारीक पेशी 07.08.2024 को दिन में 10:30 बजे दावे एवं प्रार्थना पत्र का उत्तर देने के लिए आप न्यायालय में स्वयं या अपने उत्तरदायी या अधिवक्ता के द्वारा उपस्थित/हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकते है।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे तो वाद एवं टी.आई. प्रार्थना पत्र की सुनवाई एवं उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 02.8.24 को जारी किया गया।
मोहर अदालत

आदेशानुसार
रीडर
उप जिला कलेक्टर गंगापुर सिटी (स.मा.)


# ढाई सौ साल पुराने मंदिर की दीवार बारिश से धंसी

## राधा-कृष्ण मंदिर की दीवार धंसी, घरों में दरारें आई

**चूरू, (कासं)।** शहर के सब्जी मंडी पार्क के पास स्थित 250 वर्ष पुराना राधा-कृष्ण भगवान का दिव्य मंदिर का आंगन व चारों तरफ की दीवार गुरूवार को आई बारिश से धंस गई।

जानकारी के अनुसार मंदिर के अंडरग्राउंड में बारिश का पानी भरने से वह धंस गया, जिससे मंदिर को काफी नुकसान हुआ है। यह मंदिर पूर्णतया क्षतिग्रस्त हो गया है। अब यह मंदिर गिरने के कगार पर है और गनिमत यह रही कि इसमें कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। मंदिर धंसने से आसपास के घरों में भी दरारें पड़ गई। मंदिर के पुजारी संजय राज सारस्वत ने बताया कि कई वर्षों पूर्व यह मूर्ति मंदिर



बारिश के कारण दीवार धंस जाने से गिरने के कगार पर पहुंचा मंदिर।

के अंडरग्राउंड में स्थापित थी। उस समय मंदिर की पूजा जगदीश प्रसाद पुजारी करते थे। 100 वर्ष पूर्व मूर्ति स्थापना ऊपर की गई थी।

# सायला में दिनभर चला बारिश का दौर

**सायला, (निसं)।** उपखण्ड मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में शनिवार को इन्द्रदेव मेहरबान रहे तथा दिनभर बारिश का दौर जारी रहा। यह बारिश कभी हल्की तो कभी तेज होती रही, जिससे लम्बे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरों से एकबारगी चिंता के बादल छट गए।

बारिश के कारण पुराना बस स्टेण्ड, पंचायत समिति मोड़, पीडब्ल्यूडी के आगे, पोस्ट ऑफिस रोड आदि स्थानों पर सड़क पर पानी जमा हो गया, जिससे राहगीरों एवं वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं खेतों में अच्छी बारिश से फसलों को भी संजीवनी मिली है। इधर बारिश के कारण मौसम ठंडा हो गया। अच्छी बारिश होने से किसानों के चेहरे पर खुशी छा गई है। उनका मानना है कि ये बारिश फसलों के लिए फायदेमंद साबित होगी।

# बालोतरा में तेज बारिश से मुख्य बाजार में तीन फीट पानी भरा

**बालोतरा, (निसं)।** बालोतरा में शनिवार अल सुबह बारिश का दौर शुरू हुआ। बारिश से शहर के मुख्य बाजार में तीन से चार फीट तक पानी भर गया। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामाना करना पड़ा। वहीं कई दुकानों में पानी घुस गया। इधर, मौसम विभाग के अलर्ट के बाद प्रशासन ने स्कूलों की छुट्टी भी घोषित कर दी है। बालोतरा शहर के शास्त्री चौक, घंटाघर मार्केट, गौर का चौक, नयापुरा, नेहरू कॉलोनी सहित आसपास के इलाकों में 20 मिनट की बारिश में जल भराव हो गया, जिससे बाजार की दुकानों के अंदर पानी चला गया, जिससे दुकानदारों व आने-जाने वाले लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। इधर नेहरू कॉलोनी भगत सिंह सभा स्थल के पास एक बुजुर्ग व्यक्ति सीवरेज के गड्ढे में गिरकर घायल हो गया। लंबे समय से सीवरेज के चेम्बर पर ढक्कन नहीं लगाया गया है।

# 'हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद स्वामी अवधेशाचार्य और उनके परिवारजनों को मुख्य द्वार से प्रवेश पर पुलिस ने रोका'

## गलताजी ठिकाने के स्वामी अवधेशाचार्य ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर राजस्थान हाईकोर्ट के द्वारा 2 अगस्त को जारी आदेश की पालना करवाने की मांग की

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** गलता पीठ ठिकाना की संपत्ति व महंत की नियुक्ति पर चल रहे विवाद में एक नया मोड आया है। स्वामी अवधेशाचार्य ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित को शिकायत भेजी है कि, राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद भी पुलिस अधिकारियों ने 2 अगस्त की रात को उन्हें घर के मुख्य द्वार पर ही 3 घंटे रोक लिया। हाईकोर्ट के आदेश की प्रतिलिपि दिखाने के बावजूद भी गलताजी थानाधिकारी और ए.सी.पी. रामगंज ने उनकी बात नहीं सुनी। जब कई बार समझाने पर भी पुलिस अधिकारी नहीं माने तो थक-हारकर स्वामी अवधेशाचार्य व उनके पुत्र राघवेन्द्र को धर्मशाला जाना पड़ा।

स्वामी अवधेशाचार्य ने बताया कि, राजस्थान हाईकोर्ट ने 2 अगस्त आदेश देते हुए कहा था कि ''स्वामी अवधेशाचार्य, मामले की अपील के फैसले तक महंत के पद से हटाए जा रहे हैं, वे महंत के पद पर दावेदारी नहीं करें, परंतु वे मंदिर परिसर में बने निवास पर रह सकते हैं और पूजा-अर्चना भी जारी रख सकते हैं।''

स्वामी अवधेशाचार्य की ओर से जयपुर कलेक्टर को लिखे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि, उनके घर के मुख्य द्वार, जो मंदिर परिसर की तरफ खुलते हैं, उसे सील करके बंद कर दिया गया है। इस कारण उन्हें अपने आवास तक आने-जाने के लिए रास्ता नहीं मिल रहा है। उन्हें अपने घर के पीछे बने गायों के बाड़े के रास्ते से घर में आना पड़ रहा है।



राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद पुलिस ने शुक्रवार देर रात गलताजी मंदिर परिसर स्थित आवास पर जाने से स्वामी अवधेशाचार्य और उनके पुत्र स्वामी राघवेंद्र को रोक लिया।

- **शिकायत में अवधेशाचार्य की ओर से कहा गया है कि, ''उनके घर के मुख्य द्वार, जो मंदिर परिसर की तरफ खुलते हैं, उसे सील करके बंद कर दिया गया है। इस कारण उन्हें अपने आवास तक आने-जाने के लिए रास्ता नहीं मिल रहा है। उन्हें अपने घर के पीछे बने गायों के बाड़े के रास्ते से घर में आना पड़ रहा है।''**
- **शिकायत में कहा गया है कि, ''राजस्थान हाईकोर्ट की ओर से 2 अगस्त को स्वामी अवधेशाचार्य को मंदिर परिसर में बने अपने निवास पर रहने और आने-जाने के लिए छूट दी है।'' उन्होंने इस आदेश की प्रतिलिपि भी पुलिस अफसरों को दिखाई, इसके बावजूद उन्होंने शुक्रवार रात को करीब 3 घंटे तक उन्हें मुख्य द्वार पर रोककर रखा, जो कि हाईकोर्ट के आदेश की सरासर अवहेलना है।**

अवधेशाचार्य ने अपनी शिकायत में कहा कि, ''2 अगस्त को रात करीब पौने 9 बजे वह अपने पुत्र के साथ निवास की तरफ जा रहे थे, तो उन्होंने देखा कि मंदिर परिसर की तरफ खुलने वाले उनके घर के मुख्य द्वार को सील कर दिया गया है। इसके अलावा उन्हें और उनके पुत्र को घर के दरवाजे पर तैनात पुलिस अफसरों ने 3 घंटे तक रोककर रखा। मंदिर परिसर में मौजूद ए.सी.पी. रामगंज व गलता थानाधिकारी का कहना था कि, ''प्रशासन द्वारा उन्हें आदेश दिए गए हैं कि, इस द्वार से किसी की एंट्री नहीं होने दी जाए। दरवाजे पर सील प्रशासन के आदेशों पर ही लगाई गई है, जिसे खोलने के लिए उन्हें कोई आदेश नहीं मिला है।''



स्वामी अवधेशाचार्य के मुख्य निवास पर प्रशासन द्वारा लगाई गई पेपर सील की फोटो उनके पुत्र स्वामी राघवेंद्र द्वारा साझा की गई।

स्वामी अवधेशाचार्य ने शिकायत में लिखा है कि, पुलिस के दोनों वरिष्ठ अफसरों ने उन्हें घर के द्वार पर रोकते हुए कहा कि आपके पास कोई अधिकार नहीं है सील खोलने का। एस.एच.ओ. ने कहा कि मेरी अतिरिक्त कलेक्टर (एडीएम) से बात हो गयी है, वे यहां पहुंच रहे हैं। रात को करीब 2 घंटे तक स्वामी अवधेशाचार्य व उनके पुत्र राघवेन्द्र, जिला प्रशासन के मौके पर पहुंचने का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई नहीं आया। पुलिस द्वारा टोकाटाकी व घर में प्रवेश से रोकने के प्रयास का वीडियो भी स्वामी अवधेशाचार्य की ओर से रिकॉर्ड किया गया है। स्वामी अवधेशाचार्य ने पुलिस अधिकारियों को कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए रोकने से मना भी किया, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं सुना। थानाधिकारी लिखमाराम ने यहां तक कह दिया कि, चाहे कुछ भी हो जाए, लेकिन हम आपको सील खोलकर अंदर जाने नहीं दे सकते।''

स्वामी अवधेशाचार्य ने जिला कलेक्टर को इस पूरे प्रकरण की शिकायत करते हुए लिखा कि, जिला प्रशासन की ओर से ऐसा स्पष्ट आदेश पारित किया जाए, जिससे कि मंदिर परिसर में तैनात सरकारी अधिकारी व पुलिस, राजस्थान हाईकोर्ट के आदेशानुसार उनके घर के मुख्य द्वार पर लगाई गई पेपर सील को हटाए।

## आर्यिका निरंजनमती माताजी का यमसल्लेखना पूर्वक समाधि मरण



बिलवा स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में गणिनी आर्यिका नंगमती माताजी के सानिध्य में हुई समाधि।

**जयपुर।** टोंक रोड के बिलवा स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, सुधर्म नंग अहिंसा ट्रस्ट के परिसर में गणिनी आर्यिका रत्न सुपार्श्वमती माताजी एवं गणिनी आर्यिका रत्न गौरवमती शिष्या आर्यिका निरंजनमती माताजी का यम सल्लेखना पूर्वक सम्यक समाधिमरण गणिनी आर्यिका नंगमती माताजी के सानिध्य में हो गया। जिसके पश्चात जैन परंपराओं के अनुसार ब्रह्मचारी जिनेश भैया के निर्देशन में निरंजनमती माताजी की अंतिम डोल यात्रा निकाली गई और मंत्रोच्चारण के साथ माताजी के शरीर को पंचतत्व में विलीन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए और पूज्य माताजी को नम आंखों के साथ विदाई दी।

अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू ने जानकारी देते हुए बताया कि आर्यिका निरंजनमती माताजी को सर्व प्रथम छुल्लिका दीक्षा 15 फरवरी 2015 को गणिनी आर्यिका रत्न गौरवमती माताजी द्वारा मानसरोवर स्थित वरुण पथ जैन मंदिर पर प्रदान की गई थी, उस समय माताजी को श्रेयांशमती नाम प्रदान किया गया था, क्योंकि उस दिन तीर्थंकर श्रेयांसनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक पर्व था। इसके पश्चात वर्ष 2021 में गणिनी आर्यिका गौरवमती माताजी का देवलोक हो जाने के बाद छुल्लिका श्रेयांशमती माताजी गणिनी आर्यिका नंगमती माताजी के संघ में सम्मिलित हो गई थी, नंगमती माताजी द्वारा 31 जुलाई 2024 को ही आर्यिका दीक्षा प्रदान की गई थी, तब माताजी को निरंजनमती नाम प्रदान किया गया।



**राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने शनिवार को दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। उन्होंने उनसे विभिन्न विषयों पर संवाद किया। राज्यपाल बागडे की जोशी से यह शिष्टाचार भेंट थी।**

## अधिकारियों के विरुद्ध लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन को संवेदनशील, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं अभियोजन स्वीकृति के विचाराधीन विभिन्न प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण किया।

मुख्यमंत्री ने 7 प्रकरणों में सेवारत अधिकारियों को सीसीए नियम 16 एवं 17 के अन्तर्गत दण्डित करने तथा 4 सेवानिवृत्त अधिकारियों पर आरोप के समानुपातिक पेंशन रोकने का निर्णय किया। साथ ही, सेवानिवृत्त अधिकारी के विरूद्ध संचालित एक अन्य प्रकरण में प्रमाणित आरोप का अनुमोदन तथा 2 प्रकरणों में आरोप अप्रमाणित पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को दोषमुक्त किया।

शर्मा ने राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत भ्रष्टाचार के प्रकरणों में न्यायालय से दोषसिद्धि के 2 प्रकरणों में दोषी चिकित्सकों को राजकीय सेवा से पदच्युत किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया तथा भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत प्रस्तुत 3 प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति भी प्रदान की।

मुख्यमंत्री ने सीसीए नियम 34 में प्रस्तुत 3 पुनरावलोकन याचिकाएं संतोषजनक तथ्यों के अभाव में खारिज तथा अनिवार्य सेवानिवृति के 1 प्रकरण में प्रस्तुत अपील अंतर्गत नियम 53(4) को अस्वीकार किया। साथ ही, धारा 17-ए के 2 प्रकरणों में प्रथम दृष्टया कार्यवाही योग्य नहीं होने से परिवाद पंजीबद्ध कर विस्तृत जांच एवं अनुसंधान करने की अनुमति प्रदान नहीं की।

## पत्थर से युवक का सिर फोड़ा

**जयपुर।** शिवदासपुरा थाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाशों ने पत्थर से हमलाकर पैदल जा रहे मजदूर का सिर फोड़ दिया और फिर मारपीट कर उससे मोबाइल व नकदी छीनकर ले गए। पुलिस के अनुसार मूलतरू यूपी हाल रामचंद्रपुरा निवासी नाजीमुल ने मामला दर्ज करवाया कि वह पिरामिड कम्पनी में काम करता है। एक अगस्त की दोपहर वह कम्पनी से खाना खाने पैदल ही अपने रुम पर जा रहा था। दुर्लभ कॉलेज के पास पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और बदमाशों से पत्थर से उसका सिर फोड़ दिया। इसके बाद वह सड़क पर गिर गया। बदमाशों ने उसके साथ लात-घूसे से मारपीट की और उससे मोबाइल व जेब में रखे 5200 रुपए निकाल कर ले गए। राहगिरों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उससे छुट्टी दे दी गई। इसके बाद पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## राज्यपाल हरिभाऊ बागडे राज्यपालों के सम्मेलन में शामिल हुए

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने शुक्रवार और शनिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में आयोजित राज्यपालों के सम्मेलन में भाग लिया।

बागडे राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस सम्मेलन में एक भारत श्रेष्ठ भारत, 'एक वृक्ष मां के नाम' और प्राकृतिक खेती अभियान, राज्यपालों का जनता से सतत संपर्क, राज्यपालों की भूमिका और विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में राज्यपालों की भूमिका जैसे विषयों के विभिन्न सत्रों में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आदि ने संबोधित किया।

# पहले 10 ब्लॉक कांग्रेस को भंग किया विरोध पर दो को फिर बहाल किया

- **प्रदेश कांग्रेस के आदेशों में हुई गफलत**

**जयपुर,** (का.प्र.)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस ने फीडबैक के आधार पर संगठन को पुनर्गठन कर मजबूत करने के लिए अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर 100 ब्लॉक कांग्रेस एवं मंडल कांग्रेस कमेटियों को भंग किया, लेकिन इस काम में गफलत हुई तो दौसा के दो ब्लॉक को भंग करने का आदेश निरस्त भी कर दिया।

प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशों पर सभी जिला कांग्रेस कमेटियों की बैठक प्रदेश पदाधिकारी प्रभारियों द्वारा ली गई थी तथा निष्क्रिय तथा सक्रिय पदाधिकारियों का फीडबैक प्रदेश कांग्रेस को कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों, विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव लड़े प्रत्याशियों तथा प्रभारी पदाधिकारियों से प्राप्त हुआ था। इस फीडबैक के आधार पर संगठनात्मक पुर्नगठन के लिए प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा के निर्देशानुसार सिरोही जिले की रेवदर एवं आबूरोड़, करौली जिले की हिण्डौन शहर व हिण्डौन देहात, टोंक जिले की टोडारायसिंह, देवली, अलीगढ़-उनियारा, दौसा जिले के दौसा एवं लवाण तथा हनुमानगढ़ जिले ब्लॉक भादरा शहर के ब्लॉक अध्यक्ष व ब्लॉक कार्यकारिणी एवं मण्डल अध्यक्ष तथा मण्डल कार्यकारणी की नियुक्तियों को तुरन्त प्रभाव से भंग किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला पदाधिकारी प्रभारियों, जिलाध्यक्षों तथा जिले के प्रमुख कांग्रेस नेताओं से 15 दिवस में प्रस्ताव लेकर इन ब्लॉक एवं मण्डल कांग्रेस कमेटियों का पुनः गठन किया जाएगा। 10 ब्लॉक और मंडल भंग करने के आदेश के तुरंत बाद भूल सुधार करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी दौसा के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दौसा तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवाण के ब्लॉक अध्यक्ष व ब्लॉक कार्यकारिणी एवं मण्डल अध्यक्ष तथा मण्डल कार्यकारिणियों की नियुक्तियों को भंग किए जाने के आदेशों पर तुरन्त प्रभाव से रोक लगायी जाकर यथावत रखा गया है।

## पूर्व पत्नी से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को सजा

**जयपुर,** (का.सं.)। महानगर द्वितीय की महिला उत्पीडन प्रकरण मामलों की विशेष अदालत ने पूर्व पत्नी के घर में घुसकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त पूर्व पति को दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी आशुतोष कुमावत ने अपने आदेश में कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं के साथ इस प्रकृति के अपराध बढ़ रहे हैं। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक ने बताया की घटना को लेकर पीडिता ने 14 अक्टूबर, 2021 को आमेर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि वह अपने पुत्र और पुत्री के साथ रहती है। उसका अपने शौहर से 9 अप्रैल, 2021 को तलाक हो चुका है। इसके बावजूद वह आए दिन उसे व बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर बलात्कार करता है।

## चार बैट्रियां चोरी

**जयपुर।** विद्याधरनगर स्थित परिवहन कार्यालय द्वितीय के नाले के पास वाली दीवार फांदकर चोर अंदर घुसे और ई रिक्शा की चार बैट्रियां खोलकर ले गए। घटना के सम्बंध में जिला परिवहन अधिकारी ने विद्याधर नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार जिला परिवहन अधिकारी संजय शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि जिला परिवहन कार्यालय द्वितीय की नाले के पास वाली दीवार फांदकर चोर अंदर घुसे। एक सीज ई रिक्शा की चार बैट्रियां खोलकर ले गए।

# पशुपालकों के सशक्तिकरण के लिए राज्य बजट में दी गई ढेरों सौगातें : भजनलाल शर्मा

- **'राज्य की अर्थव्यवस्था में पशुपालकों का अहम योगदान'**
- **'250 करोड़ रुपये से किया जाएगा मुख्यमंत्री पशुपालन विकास कोष का गठन'**

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि परिवर्तित राज्य बजट 2024-25 में की गई घोषणाओं से विकसित राजस्थान का सपना साकार होगा। प्रदेश की 8 करोड़ जनता की आकांक्षाएं एवं उम्मीदें इस बजट से पूरी होंगी। उन्होंने कहा कि किसान, पशुपालक, युवा, महिला सहित सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर सिरोही एवं बाली सहित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से राज्य बजट में की गई घोषणाओं के लिए धन्यवाद देने आए देवासी समाज के प्रतिनिधिमण्डल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र के सभी वादों को हमारी सरकार पूरा कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान है और राज्य की अर्थव्यवस्था में पशुपालकों का अहम योगदान है। इसी को ध्यान में रखते हुए बजट में पशुपालकों के सशक्तिकरण के लिए ढेरों सौगातें दी गई हैं। पशुपालन संवर्द्धन, संरक्षण एवं विकास हेतु 250 करोड़ रुपये से मुख्यमंत्री पशुपालन विकास कोष का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुधारू पशुओं के नस्ल विकास एवं नर गौवंश की समस्या के समाधान के लिए अनुदान राशि 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत की जाएगी। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पशु चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए 125 पशु चिकित्सकों तथा 525 पशुधन सहायकों के नये पदों के सृजन, ग्राम पंचायतों में इस वर्ष 500 नवीन पशु चिकित्सा उपकेन्द्र खोले जाने सहित विभिन्न घोषणाएं राज्य बजट में की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न पशु चिकित्सा संस्थानों में चरणबद्ध रूप से आधारभूत सुविधाओं के विकास, भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य व उपकरण आदि के लिए 200 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। साथ ही, मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना प्रारम्भ की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऊँटपालकों को दी जाने वाली सहायता राशि को 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रतिवर्ष किया जाएगा एवं पंजीकृत गौशालाओं को देय अनुदान में 10 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी।




**बजट सौगातों के लिए देवासी समाज के प्रतिनिधियों ने आभार जताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अभिनंदन किया। इस दौरान पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना, विधायक पुष्पेन्द्र सिंह राणावत, समाराम एवं गोपीचंद मीणा सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में देवासी समाज के लोग उपस्थित रहे।**

शर्मा ने कहा कि दुग्ध उत्पादकों की सुविधाओं में वृद्धि के लिए भी बजट में कई प्रावधान किए गए हैं। लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से सरदारशहर-चूरू, रानीवाड़ा-सांचौर, झालावाड़, भरतपुर, नागौर तथा बीकानेर में मिल्क प्रोसेसिंग प्लांटस का सुदृढ़ीकरण, 95 करोड़ रुपये की लागत से पाली में 30 मीट्रिक टन क्षमता का अत्याधुनिक मिल्क पाउडर प्लांट तथा 25 करोड़ रुपये से कोटा में केटल फीड प्लांट स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2 हजार नये डेयरी बूथ खोले जाएंगे। इस वर्ष शहरी क्षेत्रों में एक हजार सरस मित्र बनाएंगे, 2 वर्षों में 1 हजार 500 नई दुग्ध सहकारी समितियां तथा किसानों को दूध का उचित मूल्य दिलाने हेतु 2 हजार दुग्ध संकलन केन्द्र खोले जायेंगे। इस दौरान पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना, विधायक पुष्पेन्द्र सिंह राणावत, समाराम एवं गोपीचंद मीणा सहित जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में देवासी समाज के लोग उपस्थित रहे।

## रोबोटिक फिजियोथैरेपी से मरीज फिर सामान्य हुआ

- **2 साल पहले ब्रेन स्ट्रोक से मरीज के शरीर में दाहिने हिस्से ने काम करना बंद कर दिया था।**

**जयपुर।** दो साल पहले 63 वर्षीय संजीव शर्मा (परिवर्तित नाम) को ब्रेन स्ट्रोक हुआ था, जिसके बाद उनके शरीर का दाहिना हिस्सा काम करना बंद कर दिया था। इस घातक घटना ने उनकी जिंदगी को बिस्तर तक सीमित कर दिया। उन्हें सामान्य कार्यों के लिए अपने परिवारजनों पर निर्भर रहना पड़ा। ऐसे में रोबोटिक फिजियोथैरेपी उनके लिए वरदान साबित हुई और उनका जीवन पुनः सामान्य हो सका।

संजीव शर्मा का इलाज जयपुर के सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. आशीष अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। डॉ. आशीष अग्रवाल ने बताया कि संजीव शर्मा के शरीर के दाहिने तरफ़ में काफ़ी कमजोरी आ गई थी। सामान्य फ़िज़ियोथेरेपी से ज़्यादा सुधार नहीं आ रहा था। रोबोटिक फ़िज़ियोथेरेपी से पैर की कमजोर मांसपेशियों को सुधारने के लिए लोअर लिंब एंड गैट रोबोट का उपयोग किया गया। यह रोबोट उन्हें खड़ा होने और चलने में सहायता प्रदान करता है, जिससे उनकी गतिशीलता में सुधार हुआ और मरीज़ अब बिना किसी सहारे के चल पा रहा है। स्ट्रोक के बाद, संजीव शर्मा की बोलने की क्षमता भी प्रभावित हुई थी। जिसके लिए मरीज़ के ब्रोकाज एरिया को ब्रेन में नए न्यूरल कनेक्शन बनाने के लिए थ्री टेस्ला ब्रेन स्टिम्यूलेशन की सहायता से स्टिम्यूलेट किया गया, जिससे मरीज़ की बोलने के क्षमता में सुधार हुआ। कंधे एवं हाथ की मांसपेशियों में जीरो पावर होने के कारण वह हाथ नहीं उठा पा रहे थे, उन्हें सक्रिय करने के लिए लूना ईएमजी नेक्स्ट जेनरेशन रोबोट का उपयोग किया गया। डॉ. आशीष ने बताया कि इस तकनीक से मरीज़ जीरो पावर होने पर भी ब्रेन से कमांड देकर एक्टिव एक्सरसाइज करता है जिससे मरीज का दिमाग पहले से बेहतर ढंग से हाथ और पैर को नियंत्रित करने में सक्षम हो सका।

# जालोर पुलिस ने गमैती गैंग के छह जनों को गिरफ्तार किया

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले के बिशनगढ पुलिस एवं जिला डी.एस.टी. टीम ने गमैती गैंग के अज्ञात छह चोरो को ट्रेस आउट कर गिरफतार किया। गैंग का मुख्य सरगना भारमाराम जो थाना पिण्डवाड़ा का हिस्ट्रीशीटर एवं हार्डकोर अपराधी है जिनके विरूद्ध बारह अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

जालोर जिले के पुलिस थाना बिशनगढ के गाांव बोकडा में 7 जुलाई को हनुमानपुरी के घर में रात्रि में घुस कर चोरी की गई। उम्मेदाबाद में 19 जुलाई को लाबुराम के घर में रात्रि में घुस कर चोरी सहित विभिन्न जगहो पर चोरी के मामले का पर्दाफाश किया। सर्कल जालोर में घटित हुई चोरी/नकबजनी की वारदातो में मुलजिम अज्ञात होने से पुलिस अधीक्षक जालोर द्वारा गम्भीरता से लेकर स्वंय द्वारा सभी मौके पर पहुंच कर सभी घटना स्थल का निरीक्षण कर जिला डी.एस.टीम एवं पुलिस थाना बिशनगढ में अलग-अलग टीमो का गठन किया घटना स्थलो से साक्ष्य एकत्रित करने हेतु एम.ओ.बी. टीम, एफ.एस.एल. टीम को मौके पर बुलाया जाकर घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण कर साक्ष्यो का संकलन किया गया। जिला साईबर टीम से कॉल डिटेल, मोबाईल टॉवर डाटा विश्लेषण हेतु तकनीकी सहयोग प्राप्त किया गया।

जिला पाली के नाणा, सिरोही के पिण्डवाड़ा, रेवदर एवं उदयपुर साईड में कैम्प करवाया जाकर संदिग्धो की पहचान शुरू करवाई गई तो सर्वप्रथम संदिग्ध आरोपी भारमाराम पुत्र सोपाराम जाति गमेती उम्र 30 साल निवासी भोगिया फली मोरस थाना पिण्डवाडा जिला सिरोही को 10 कि.मी. पैदल पीछा कर दस्तयाब किया गया, जो पिण्डवाड़ा थाने का हिस्ट्रीशीटर एवं हार्डकोर अपराधी होना पाया गया। जो बहुत ही शातिर चोर होने से उससे तकनीकी सहायता से मनोविज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर उसने चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूल किया गया तथा सहयोगियो के नाम पता बताये। जिन्हें उक्त टीम द्वारा कड़ी मेहनत से दुलर्भ पहाड़ियों से घिरे हुए के स्थानों से गिरफ्तार किया।



जालोर कोतवाली पुलिस ने चोरी व नकबजनी के मामले में छह जनों को गिरफ्तार किया। फोटो-राष्ट्रदूत

पुलिस ने भारमाराम पुत्र सोपाराम जाति गमेती उम्र 30 साल निवासी भोगिया फली मोरस थाना पिण्डवाडा जिला सिरोही, राजु उर्फ दादिया पुत्र अजाराम उर्फ अर्जुन जाति गमेती निवासी मालेरा थाना पिण्डवाडा जिला सिरोही , रामाराम पुत्र सिंगाराम गरासिया निवासी कालाबोर उपरला भीमाणा थाना नाणा जिला पाली , शम्भु पुत्र जगाराम जाति गमेती निवासी खिला पीएस बेकरिया जिला उदयपुर, साहिबाराम पुत्र मोहन जाति गमेती उम्र 23 साल निवासी भोगिया फली मोरस थाना पिण्डवाडा जिला सिरोही , शेराराम पुत्र रणछाराम जाति गमेती उम्र 25 साल निवासी क्यारी थाना बेकरिया जिला उदयपुर को गिरपतार किया।

चोरी का माल खरीदने वाला अभियुक्त नाम पता हितेश सोनी पुत्र पुखराज जाति सोनी निवासी घांचीवाडा पिण्डवाडा थाना पिण्डवाडा जिला सिरोही बताया गया।

गमैती गैंग के गिरफतारशुदा मुलजिमानो ने पूछताछ के दौरान बताया कि सभी मुलजिमाना अपने अपने गांवो से शाम के समय पिण्डवाडा मे एक जगह पर एकत्रित होकर चोरी की वारदातो को अंजाम देने के लिए पहले प्लान बनाकर शाम के समय मोटरसाईकल पर सवार होकर जालोर जिले के गांवो के आस पास आकर जंगल में छिप जाते व शराब पार्टी करते उसके बाद रात्री के समय गांवो के अंदर पैदल पैदल जाकर सुने मकानो व मंदिरो के ताले तोडकर नगदी व सोने चांदी के आभुषणो को चुराकर ले जाकर पुन जंगल मे आकर सो जाते है फिर सुबह अपनी अपनी मोटरसाईकलो से पिण्डवाडा जाकर चुराये गये आभुषणो को सस्ते भाव मे वहां सुनार को बेच देते थे, उससे प्राप्त हुये रूपयो से अपनी शौक मौजा व शराब पार्टी मे खर्च करते थे। मुलजिमान द्वारा वारदातों को अंजाम देते समय अपने मोबाईल साथ नहीं रखते थे।

## मसूरड़ी व दामोदरा गांवों के खड़ीन लबालब

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** कोई समय में अकाल का पर्याय जिला शनिवार को विपरीत दिशा में चलता देखा गया।

जिले में शनिवार की अच्छी बरसात से मसूरड़ी,जाजिया, और दामोदरा गांवों के खड़ीन और तालाब लबालब हो गए हैं।

बीते 24 घंटों में भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक 76.6 एमएम और उसके बाद शाम साढ़े पांच बजे तक 3.3 एमएम बारिश दर्ज की गई। चालू मानसून मौसम में बारिश का आंकड़ा कुल 215.3 एमएम तक पहुंच गया है। क्षेत्र का वार्षिक औसत 165 एमएम है। बारिश ने जहां एकओर किसानों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है, वहीं दूसरी ओर शहर और गांवों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। शहर से लेकर गांवों तक हर जगह पानी भर गया है। डाबला गांव में पानी घरों में घुसने से ग्रामीण परेशान हैं। शहर की बाबा बावड़ी के घरों में पानी घुस गया है।

## आभूषणों के साथ सामान चुराया

**जोधपुर, (कासं)।** कमिश्नरेट में चोरों द्वारा सूने मकानों और दुकानों में सैंधमारी की घटनाएं नहीं रूक रही। चोर अब घरवालों की मौजदूगी में सैंध मारने लगे है। डांगियावास के दांतीवाड़ा क्षेत्र में एक साथ दो मकानों से चोर नगदी और आभूषण ले गए। घटना के समय परिवार के लोग सो रहे थे। वहीं सालावास रोड पर एक फैक्ट्री और जयपुर बाइपास रोड पर वेयरहाउस में सैंध लगाकर वहां से कार्टन चोरी कर ले गए। संबंधित थाना पुलिस चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# मानव श्रृंखला बनाकर पौधारोपण का संदेश दिया



जालोर में सघन पौधारोपण अभियान के तहत मानव श्रृंखला बनाई। फोटो राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान हरियालो-राजस्थान (एक पेड़ मां के नाम) के तहत 1 से 8 अगस्त तक चलाये जा रहे सघन पौधारोपण सप्ताह के तहत शनिवार को जिला मुख्यालय पर मानव श्रृंखला व पौधारोपण गतिविधि का आयोजन किया गया।

सघन पौधारोपण सप्ताह के तहत शनिवार को जिला मुख्यालय पर नगर परिषद जालोर द्वारा भगत सिंह स्टेडियम में मानव श्रृंखला बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसी प्रकार नगर परिषद द्वारा शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम परिसर जालोर में पौधारोपण किया गया। नगर परिषद के एटीपी शिवदान जांगिड सहित नगर परिषद के कार्मिक व नरेगा श्रमिक उपस्थित रहे।

## महिला व युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**जोधपुर, (कासं) ।** कमिश्नरेट के राजीव गांधी नगर और बासनी क्षेत्र में एक महिला और युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

आत्महत्याओं का कारण सामने नहीं आया है। संभवत: मानसिक परेशानी के चलते यह कदम उठाया होगा। पुलिस ने शवों को कार्रवाई के परिजन के सुपुर्द कर दिया।

राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि उम्मेद सागर बांध, नयापुरा चौखा क्षेत्र में रहने वाले रवि पुत्र प्रेम वैष्णव ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसकी परिचित 40 वर्षीय निर्मला पत्नी स्व. मांगीलाल राव ने घर पर कमरे में ओढने का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चल पाया। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया।

वहीं बासनी पुलिस ने बताया कि पश्चिम बंगाल के अलीपुर जिले के बेरियाडा थानान्तर्गत रामजहिरा चाय बागान हाल बासनी सैकेण्ड फेस निवासी पतरस मुण्डा पुत्र बेने मुण्डा ने रिपोर्ट दी कि उसके भाई 30 वर्षीय पोलुस मुण्डा ने यहां कमरें में फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। वह फैक्ट्री में काम करता था। आत्महत्या का कारण पता नहीं चल पाया। बासनी पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शव परिजन को सौंपा।

## रोलर स्केटिंग प्रति. 12 को

**पाली, (नि.सं.)।** जिला स्केटिंग संघ अध्यक्ष आनंद कवाड व मुख्य सचिव अजय शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय पांचवी रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता 12 अगस्त को बांगड़ उच्च माध्यमिक विद्यालय में होगी। 5 वर्ष से 19 वर्षीय बालक बालिकाएं भाग ले पाएंगे। हार्ड हेलमेट व स्केटिंग ड्रेस अनिवार्य है।

### सार-समाचार

## पत्रकार पृथ्वीराज गोयल को मातृ शोक

**भीनमाल, (निसं)।** भीनमाल शहर के वरिष्ठ पत्रकार पृथ्वीराज गोयल की माता मंजू देवी धर्मपत्नी मांगीलाल सेन का आकस्मिक निधन शुकवार को दोपहर बाद सवा चार बजे हो गया। उनकी आयु 74 वर्ष के करीब थी। मगर वह शुगर से पीडित थी। गुरुवार सुबह में उनकी तबीयत खराब होने पर उन्हें भीनमाल हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जीबीएच हॉस्पिटल एम्स उदयपुर के लिए रैफर किया गया था। जहां पर करीब 24 घंटे के इलाज के बाद शाम को पांच बजे अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव सेवडी में शनिवार को हुआ। सोमवार को उनके पीछे तिये की बैठक रखी गई है। वे अपने पीछे पोते पोतियों व दोहिते दोहितियो सहित भरा पूरा परिवार छोड गई है। पत्रकार गोयल के पिताजी सेवानिवृत प्राचार्य है। पत्रकार गोयल के छोटे भाई चंद्रप्रकाश सेन राजस्व विभाग में आर आई के पद पर दांतलावास में कार्यरत है।



मंजू देवी पत्नी मांगीलाल सेन

## अभिनय व रंगमंच की तकनीकी पर संवाद

**जोधपुर, (कासं) ।** शहर के नवांकुर कलाकारों के समूह चाबियंस द्वारा फिल्म, थिएटर व ज़िंदगी पर आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला दिशा के दूसरे दिन राष्ट्रीय नाट्यय विद्यालय से प्रशिक्षित व शहर के वरिष्ठ रंगकर्मी अरू व्यास व स्वाति व्यास ने अभिनय व रंगमंच के तकनीकी पहलुओं पर कलाप्रेमियों से संवाद किया। चाबियंस सदस्या पुलकित सिंह ने बताया कि प्रशिक्षिका स्वाति व्यास ने अभिनय पर बात करते कहा कि अभिनय कला अन्य कलाओं से भिन्न है क्योंकि अभिनय में एक अभिनेता को काल्पनिक दृश्य बनाने होते है। अभिनेता, अभिनय व्यक्त करने में किसी यंत्र की सहायता नहीं ले सकतें है क्योंकि इस कला में अभिनेता स्वयं एक यंत्र होता है। वहीं अरू व्यास ने अभिनय के साथ ही तकनीकी विषयों पर बात करते हुए बताया कि कलाकार को सदैव सीखने के लिए लालायित रहना चाहिए। एक लक्ष्य निर्धारित करते हुए हमेशा विनम्रता के साथ सीखते रहिए निरंतरता के साथ आगे बढते रहिए। कार्यक्रम के पश्चात सवाल-जवाब सत्र में शरद शर्मा, नरेश, लेखराज सिंह, नीतिशा टाक, टीना राठौड़, अशोक ढाका, स्वरूप जोशी ने अतिथियों से सवाल कर अपनी उलझनों को दूर किया। कार्यक्रम के अंत में अब्दुल्ला कुरैशी ने सभी का आभार प्रकट किया।

## पानी की मोटर चोरी मामले में दो पकड़े

**जालोर, (कासं)।** जालोर जिले के भीनमाल पुलिस ने शनिवार को पानी की मोटर चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक चोरी गई पानी की मोटर को जब्त की है। पुलिस ने बताया कि रुस्तम खान पुत्र दिनुखान जाति मुसलमान उम्र 20 साल निवासी लेदरमेर व निम्बाराम पुत्र राणाजी जाति भील उम्र 19 साल निवासी खजुरिया वाला के पास भीनमाल को दस्तयाब कर पुछताछ की गई तो मुलजिम द्वारा कस्बा भीनमाल से पानी की मोटर चोरी कर ले जाना कबुल करने पर उपरोक्त दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर अग्रीम अनुसंधान व पुछताछ जारी हैं। वारदातों का खुलासा ओर भी वारदातें खुलने की संभावना:- मुलजिमानों द्वारा कस्बा भीनमाल से 01 पानी की मोटर व 01 मिनी पंखा चुराना स्वीकार किया हैं, ओर भी वारदातें खुलने की संभावना है। मुलजिमान दिन के समय सूनसान जगह घर पर कोई न होने की जानकारी प्राप्त कर मौका देखकर पानी की मोटर व पंखे चुराकर ले जाते है।

## काव्य कलरव पुस्तक का विमोचन आज

**जोधपुर, (का.सं.)।** काव्य कलरव संस्थान के तत्वाधान में काव्य कलरव पुस्तक का विमोचन, स्नेह मिलन व विराट कवि सम्मेलन रविवार 4 अगस्त को राम सिंह स्मृति भवन, सुमेर स्कूल के पीछे ,महामंदिर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत होंगे व अध्यक्षता पूर्व विधायक व अखिल भारतीय चारण गढवी महासभा के अध्यक्ष सीडी देवल एवं विशिष्ट अतिथि राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नित के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, मुख्य सचेतक विधानसभा जोगेश्वर गर्ग , पूर्व सांसद भुज पुष्प दान, पूर्व कुलपति प्रो हाकम दान चारण, पूर्व डीन सौराष्ट्र विश्वविद्यालय प्रो अंबादान रोहड़िया , इतिहासकार प्रोफेसर जहूर खाँ मेहर व प्रो सोहन दान चारण होंगे। प्रात: 10 से 12 बजे तक समूह सदस्य परिचय, दोपहर 3:00 से 6:00 तक काव्य कलरव पुस्तक विमोचन समारोह व सांय 7 से रात्रि 10 बजे तक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा।

## महाविद्यालय में क्लस्टर कैंप लगाया

**जालोर, (कासं)।** वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ईएलसी के माध्यम से महाविद्यालय में अध्यनरत 17 एवं 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के विद्यार्थियों का मतदाता के रूप में पंजीकरण करने के लिए क्लस्टर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करके उनका मतदाता के रूप में पंजीकरण करवाया गया। कैंप में ईएलसी प्रभारी डॉ प्रताप सिंह राठौड, ईएलसी मैटर डॉक्टर शिवकुमार शर्मा , दिनेश कुमार मीणा, किशोर कुमार, राजकुमार जलवानिया एवं महाविद्यालय के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## स्थापना दिवस मनाया

**जोधपुर, (कासं) ।**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर ने अनुसंधान अनुदान, पुरस्कार और रणनीतिक समझौता ज्ञापनों के साथ 17वां स्थापना दिवस मनाया। इस दिन की शुरुआत 42 संकाय सदस्यों को लगभग 6.5 करोड़ के अनुसंधान आरंभ अनुदान के वितरण के साथ हुई । इस पहल का उद्देश्य संकाय सदस्यों को बुनियादी अनुसंधान सुविधाएं स्थापित करने और अनुसंधान गतिविधियाँ शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### सार-समाचार

## बाड़मेर में पुलिस ने 17 जने पकड़े

**बाड़मेर, (निसं)।** वांछित अपराधियों की दस्तयाबी व अवैध गतिविधियो की रोकथाम के लिए दिये गये निर्देशों की पालना में बाडमेर पुलिस ने शनिवार को अल सुबह अपराधियो की दस्तयाबी हेतु ऐरिया डोमिनेशन के तहत विशेष अभियान वजघात चलाया गया। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि इस अभियान में जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व समस्त वृताधिकारिगण के नेतृत्व में जिले के समस्त थानाधिकारियों के साथ कार्य योजना बनाकर पुलिस की 31 विशेष टीमें बनाकर 144 पुलिस अधिकारियों व जवानों को शामिल कर वांछित अपराधियों के रहवासी विभिन्न स्थलों को चिन्हित कर अपराधियों की धरपकड के लिए दंबिशे देने के आवश्यक निर्देश दिये गये। गठित विशेष पुलिस टीमों द्वारा अलसुबह अपराधियों को टारगेट करते हुए 90 चिन्हित स्थानों पर दबिशे दी गई। पुलिस की विशेष टीमों द्वारा दबिशे देकर कार्यवाही करते हुए कुल 17 अपराधियों को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की गई जिसमें टॉप-10 में चिन्हित 2 अपराधी, 2 गिरफ्तारी वारंटी, प्रकरणों में वांछित 2 व 11 गैर सॉयल को धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किये गये टॉप-10 अपराधी पुलिस थाना गुडामालानी टीम द्वारा वृत स्तर के टॉप-10 श्रेणी मे चिन्हित अपराधी भैराराम पुत्र पदमाराम जाति मेगवाल निवासी बांड व पुलिस थाना रीको टीम द्वारा थाना स्तर के टॉप-10 श्रेणी के अपराधी तिलाराम पुत्र नगाराम जाति जाट निवासी मुढो की ढाणी नागाणा को गिरफ्तार किया गया।

## राशन डीलरों की हड़ताल, सख्ती के निर्देश

**बालोतरा, (निसं)।** राज्य के उचित मूल्य दुकानदारों की हडताल के मद्देनजर प्रमुख शासन सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने राशन डीलरों की हडताल के मद्दनेजर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। जिला रसद अधिकारी कंवराराम ने बताया कि प्रमुख शासन सचिव ने जिला रसद अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये कि जिले में कार्यरत समस्त दुकानदारों को निर्देशित करावे कि राष्टीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत चयनित परिवारों को समय पर दुकान खोल कर राशन सामग्री का वितरण करे। जिसमें प्राथमिक रूप से ग्राम सेवा सहकारी समिति / लेम्पस (गृहतर क्षेत्रीय बदुउद्देषीय सहकारी समिति) / दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति, जो कि सहकारी अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत हैं उनको कल से राशन की दुकान खोल कर कार्य करने के लिए सहकारिता विभाग के माध्यम से पाबंद करावे। जो उचित मूल्य दुकानदार राशन सामग्री का वितरण नही करता है उसके विरूद्ध विभागीय नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उन उचित मूल्य दुकानों का संचालन सहकारी संस्थाओं को तत्काल प्रभाव से दिया जावे। उन्होंने जिले के समस्त उचित मूल्य दुकानदारों को अपनी उचित मूल्य दुकान नियमित रूप से खोलकर पात्र उपभोक्ताओं में वितरण कार्य करना सुनिश्चित करने बाबत निर्देशित किया। अन्यथा खाद्य विभाग के निर्देशानुसार उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाकर दुकानें तत्काल प्रभाव से सहकारी संस्थाओं को आवंटित करवायी जायेगी।

## लक्ष्य का प्रमाणीकरण पत्र मिला

**जोधपुर, (कासं) ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत नेशनल हैल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर द्वारा गत 24 जुलाई को मथुरादास माथुर अस्पताल के मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्र के लक्ष्य प्रमाणीकरण के लिए निरीक्षण किया गया था। इस निरीक्षण की रिपोर्ट प्राप्त हुई है जिसमे जनाना विंग मथुरादास माथुर अस्पताल को लक्ष्य का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। निरीक्षण से पूर्व जिला स्तर से डॉ गिरीश माथुर, डॉ अशोक विश्नोई राज्य स्तर से डॉ प्रदीप सिंह, डॉ अदिति का विशेष सहयोग रहा। राजस्थान के मेडिकल कॉलेज स्तर पर सर्वप्रथम डॉ. एस.एन. मेडिकल कॉलेज के उम्मेद महिला एवं शिशु चिकित्सालय को लक्ष्य प्रमाणित केन्द्र का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया था। इसी क्रम मे मथुरादास माथुर अस्पताल,जोधपुर को राजस्थान का दूसरा लक्ष्य प्रमाणित मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्र रबना है। डॉ रंजना देसाई, प्रधानाचार्य एवं नियत्रंक एवं डॉ. नवीन किशोरिया, अधीक्षक, मथुरादास माथुर अस्पताल द्वारा जनाना विंग की लक्ष्य टीम को बधाई दी गई।

## पुलिस-छात्रा संवाद कार्यक्रम हुआ

**रेवदर, (निसं)।** रेवदर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पेरवा की 27 छात्राओं ने पुलिस-छात्रा संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस थाना रेवदर जाकर पुलिस की कार्य प्रणाली समझी। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजपाल यादव ने बताया की जिला कलेक्टर सिरोही के निर्देशानुसार विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक श्री पूनमाराम एवं पूर्णिमा मैडम के नेतृत्व में कक्षा 11 व 12 की बालिकाओं का दल पुलिस थाना रेवदर भेजा गया। जिसमें पुलिस थाना रेवदर के पदाधिकारियों ने बालिकाओं को संपूर्ण पुलिस कार्य प्रणाली से अवगत कराया।प्रधानाचार्य ने बताया कि इससे छात्राओं में आत्मविश्वास की वृद्धि, आत्म सुरक्षा, निर्भीकता, महिला अधिकारों के प्रति सजगता एवं पुलिस सेवा में रोजगार आदि जानकारी बालिकाओं ने प्राप्त की।

## फल व छायादार पौधे लगाए

**सायला, (निसं)।** संत राजेश्वर भगवान की 81 वीं पुण्यतिथि पर विशाल जन महाअभियान के तहत एक पेड संत राजेश्वर भगवान के नाम अभियान के तहत संत राजेश्वर पब्लिक माध्यमिक स्कूल सायला में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूल प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। यह जानकारी प्रधानाध्यापक जितेन्द्र चौधरी ने दी।

# मुकेश ने सीनियर किक बॉक्सिंग में कांस्य जीता



राजकीय महाविद्यालय जालोर के छात्र मुकेश कुमार ने गोवा में 24 से 28 जुलाई को आयोजित सीनियर राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एम ए के छात्र मुकेश कुमार ने गोवा में 24 से 28 जुलाई को आयोजित सीनियर राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खेल प्रभारी डॉ प्रताप सिंह राठौड ने बताया कि छात्र ने सीनियर राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग (लो किक) 51 किलोग्राम प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा छात्र का स्वागत कर बधाई दी गई।

# बोकड़ा में गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

**जालोर, (कासं)।** भारत विकास परिषद्,जालोर की ओर से संस्कार प्रकल्प के तहत जालोर शहर के निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बोकड़ा में शनिवार को परिषद् के प्रान्तीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी, शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र भूतङा, विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार व विद्यालय प्रबन्धन कमेटी के अध्यक्ष वचनसिंह की मौजूदगी में गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



जालोर के पास राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोकडा में भारत विकास परिषद् की ओर से गुरू वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फोटो-राष्ट्रदूत

प्रारंभ में भारत माता, मां सरस्वती व स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर वंदे मातरम के राष्ट्र गीत के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। इस मौके प्रांतीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी ने अपने उद्बोधन में बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत की प्राचीन गुरू -शिष्य परम्परा को पुर्नस्थापित कर विद्यार्थियों में गुरूजनों व अपने माता पिता के प्रति आदर व सम्मान का भाव विकसित करना है तथा जीवन में उन्नति के लिये उनका आशीर्वाद प्राप्त करना है। उन्होंने कई प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से गुरू की गरिमा व महत्ता बताते हुए विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्ति के टिप्स बताये। शाखाध्यक्ष व योग प्रशिक्षक राजेन्द्र भूतङा ने विद्यार्थियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोंगो को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत करते हुए उन्हें नियमित योगाभ्यास करने हेतु प्रेरित किया। सचिव संतोषकुमार दवे ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए भारत विकास परिषद संस्था का परिचय दिया तथा विद्यार्थियों को संस्कारवान बनने की सीख दी। विद्यार्थियों को किया सम्मानित समारोह में विद्यालय के 14 प्रतिभावान व उत्कृष्ट छात्र- छात्राओं को शिक्षा क्षेत्र, खेलकूद, पर्यावरण - संरक्षण, स्वच्छता, अनुशासन आदि विभिन्न गतिविधियों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने पर परिषद् की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया। इसी क्रम में विद्यालय में कार्यरत 14 शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी पुरस्कृत कर उनको सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भी सभी शिक्षकों का तिलक लगाकर, अंग वस्त्र पहनाकर तथा माल्यार्पण कर उनका चरण स्पर्श कर वंदन किया एवं उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

### नशे से दूर रहने की शपथ ली

अनूठी पहल के तहत समारोह में उपस्थित सभी बालक बालिकाओं को जीवन में नशा प्रवृत्ति से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। साथ ही माता पिता, शिक्षकों, नारी जाति व बडों का सम्मान करने का भी प्रण लिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढी में संस्कारों के सृजन में इस तरह के आयोजन का महत्वपूर्ण योगदान है। परिषद् द्वारा उनके विद्यालय में इस तरह का आयोजन करने पर उन्होंने परिषद् पदाधिकारीयों का आभार जताया। कार्यक्रम के अंत में शाखा के अध्यक्ष राजेन्द्र भूतङा ने सभी आगंतुकों व अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में जन-गण मन राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान परिषद् की ओर से विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।

इस अवसर पर शाखा उपाध्यक्ष महेन्द्र आनंद वैष्णव, निलेश, विद्यालय के शिक्षक मालाराम चौधरी,मुकेश कुमार, छविकान्त शर्मा,शिवानी मीणा, विनोद कुमार,रघुनाथसिंह, देवाराम चौधरी रताराम्परमार, रमेशकुमार, रेखा जोशी, कल्पेश कुमार सहित विद्यालय स्टाफ व 306 विद्यार्थी उपस्थित थे।



चौथा स्थान हासिल करना निश्चित रूप से बहुत अच्छा नहीं लगता लेकिन अगली बार निश्चित तौर पर परिणाम मेरे अनुकूल होगा। अब मेरे पास दो पदक हैं और अगली बार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए ढेर सारी प्रेरणा है। - मनु भाकर

भारतीय निशानेबाज, पेरिस ओलंपिक में अपने प्रदर्शन को लेकर।




आज का खिलाड़ी

## कुमार संगकारा



श्रीलंका के पूर्व दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगकारा इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल टीम के हेड कोच बनेंगे या नहीं? इसे लेकर जमकर अटकलें लग रही हैं। संगकारा ने अब अटकलों पर खुद चुप्पी तोडी है। संगकारा का कहना है कि इंग्लैंड का कोच बनना किसे के लिए भी रोमांचक होगा लेकिन उन्हें अभी तक औपचारिक तौर पर अप्रोच नहीं किया गया है। बता दें कि मैथ्यू मॉट ने हाल ही में व्हाइट-बॉल हेड कोच के पद से इस्तीफा दे दिया। मॉट का चार साल का अनुबंध था लेकिन दो साल में ही उनकी राहें अलग हो गईं।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत की ओर से डब्लूटीए टूर्नामेंट जीतने वाली पहली खिलाड़ी सानिया मिर्जा है। सानिया ने फरवरी, 2005 में हैदराबाद टूर्नामेंट जीतते हुए यह उफलब्धि हासिल की।

## शूटिंग : अनंत जीत सिंह नरूका पुरुषों की स्कीट फाइनल से चूके

पेरिस, 3 अगस्त। भारतीय निशानेबाज अनंत जीत सिंह नरूका शनिवार को पेरिस 2024 ओलंपिक में पुरुषों के स्कीट क्वालिफिकेशन राउंड में 24वें स्थान पर रहे। चेटेउरौक्स में, नरूका ने पांच राउंड में कुल 116 का स्कोर बनाया, लेकिन उनका यह प्रदर्शन उन्हें ओलंपिक डेब्यू पर फाइनल में ले जाने के लिए काफी नहीं रहा। केवल शीर्ष छह निशानेबाज आज बाद में पुरुषों के स्कीट फाइनल में हिस्सा लेंगे। भारत ने ओलंपिक में निशानेबाजी में सात पदक जीते हैं। हालांकि, भारतीय निशानेबाज अभी तक ग्रीष्मकालीन खेलों की स्कीट स्पर्धा में पदक नहीं जीत पाए हैं।

## नौकायन : विष्णु सरवनन 23वें स्थान पर खिसके

पेरिस, 3 अगस्त। भारत के विष्णु सरवनन शनिवार को पेरिस 2024 ओलंपिक में पुरुषों की डिंगी इवेंट में रेस 5 में 21वें और रेस 6 में 13वें स्थान पर रहे। सभी नावें शुरुआती सीरीज में 10 रेस में हिस्सा लेंगी। सीरीज के बाद शीर्ष 10 नेट स्कोर वाली नौकाएं मेडल रेस में शामिल होंगी। रेस 6 के बाद, एशियन गेम्स के कांस्य पदक विजेता सरवनन 83 नेट स्कोर (कुल 117 अंक) के साथ 23वें स्थान पर हैं। वह कल अपने प्रदर्शन से एक स्थान नीचे खिसक गए हैं। रेस 7 और रेस 8 कल यानी चार अगस्त को आयोजित की जाएंगी।

## दिल्ली में शुरू होगी सब जूनियर पुरुष और महिला अकादमी चैम्पियनशिप

नई दिल्ली, 3 अगस्त। दूसरी हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला अकादमी चैंपियनशिप 2024 जोन ए और बी रविवार से नई दिल्ली में पुरुष वर्ग के मैचों के साथ शुरू होगी। इसके बाद पांच अगस्त से महिला वर्ग के मैच शुरू होंगे। पुरुष और महिला दोनों फ़ाइनल 11 अगस्त को होंगे। पुरुष वर्ग के मैच मेजर ध्यानचंद हॉकी ग्राउंड, घुम्मनहेड़ा, दिल्ली में होंगे, वहीं महिला वर्ग के मैच झिलमिल हॉकी सेंटर, नई दिल्ली में खेले जाएंगे। अकादमी चैम्पियनशिप के पुरुष वर्ग में भाग लेने वाली टीमें पूल ए में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी, चीमा हॉकी अकादमी और रितु रानी हॉकी अकादमी हैं। पूल बी में घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी, जय भारत हॉकी अकादमी और आर के रॉय हॉकी अकादमी शामिल हैं। पूल सी राजा करण हॉकी अकादमी, नामधारी स्पोर्ट्स अकादमी और तिरुमावलवन हॉकी अकादमी से बना है।

## जय शाह ने दिखाई नई नेशनल क्रिकेट एकेडमी की पहली झलक, जल्द उद्घाटन

नई दिल्ली, 3 अगस्त। बेंगलुरु में जल्द ही एक नई नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) का उद्घाटन होने वाला है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने नए एनसीए की पहली झलक दिखाई है। उन्होंने चार तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें एनसीए का नजारा देखा जा सकता है। बीसीसीआई सचिव ने साथ ही बताया कि यहां क्या-क्या सुविधाएं होंगी? उन्होंने कहा कि नए एनसीए में तीन विश्व स्तरीय खेल मैदान के साथ 45 प्रैक्टिस पिच होंगी। यहां ओलंपिक साइज का स्विमिंग पूल भी होगा। जय शाह ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि बीसीसीआई की नई नेशनल क्रिकेट एकेडमी लगभग पूरी हो गई है और जल्द ही बेंगलुरुमें खुलेगी। नए एनसीए में तीन वर्ल्ड क्लास खेल मैदान, 45 प्रैक्टिस पिच, इनडोर क्रिकेट पिच, ओलंपिक साइज स्विमिंग पूल और अत्याधुनिक ट्रेनिंग, रिकवरी और खेल विज्ञान सुविधाएं होंगी। इस पहल से हमारे देश के वर्तमान और भविष्य के क्रिकेटरों को सर्वोत्तम संभव माहौल में अपना कौशल विकसित करने में मदद मिलेगी। बीसीसीआई सचिव की पोस्ट पर क्रिकेट फैंस के जमकर रिएक्शन आ रहे हैं। एक यूजर ने कहा, युवाओं के लिए बेहतर अभ्यास करने का यह सबसे अच्छा अवसर होगा। दूसरे ने कमेंट किया, सभी युवा खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर। रिकवरी प्रोसेस और भी आसान होगा। तीसरे ने कहा, अच्छी सुविधाओं से ही खिलाड़ियों को अच्छी प्रैक्टिस मिलेगी। अन्य ने लिखा, देश में क्रिकेट की बेहतरी के लिए इसी तरह से पैसे का निवेश किया जाना चाहिए।

## मान ने सिंह को अगले मुकाबलों के लिए दी शुभकामनायें

चंडीगढ़, 3 अगस्त। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शनिवार को भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को फोन करके पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल मैच के लिये शुभकामनायें दीं। मान ने टेलीफोन पर बातचीत के दौरान अफसोस जताया कि वह पेरिस जाकर भारतीय हॉकी टीम का हौसला बढ़ाना चाहते थे, लेकिन दुर्भाग्यवश केंद्र सरकार ने इसकी अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को अच्छी तरह पता होने के बावजूद, राजनीतिक कारणों से मंजूरी देने से इनकार कर दिया गया। श्री मान ने कहा कि वह मैच के दौरान भारतीय हॉकी टीम के साथ रहना चाहते थे, लेकिन अब उन्हें टीवी स्क्रीन पर मैच का सीधा प्रसारण देखना पड़ेगा। उन्होंने कहा, भले ही मुझे अनुमति देने से इनकार किया गया है, लेकिन पूरा देश और खास तौर पर पंजाब इस मैच के दौरान हॉकी के नायकों के साथ होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में देश के लिये स्वर्ण पदक जीतकर सफलता की नयी कहानी लिखेगी। उन्होंने कहा कि पूरा देश इस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। पदक लेकर घर लौटने वाली हॉकी टीम का भव्य स्वागत किया जायेगा। मान ने खेल के कुछ तकनीकी पहलुओं को सांझा करते हुये हरमनप्रीत को सलाह दी कि वे टीम के सेंटर में स्थित उन जगहों पर ध्यान दें, जहां से हाल ही के मैचों में ऑस्ट्रेलिया की टीम द्वारा अधिक पास दिये गये थे। उन्होंने कहा कि यह बहुत गर्व और संतुष्टि की बात है कि भारत ने 52 साल के लंबे अंतराल के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम को हराया।

## बैडमिंटन में भारत को स्वर्ण की उम्मीद

# लक्ष्य सेन पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचे



नई दिल्ली, 3 अगस्त। पिछले दो ओलंपिक खेलों में चीनी दबदबा वाले समझे जाने वाले बैडमिंटन में भारतीय महिला खिलाड़ियों ने काफी बेहतर प्रदर्शन किया है। बैडमिंटन दो खिलाड़ियों या युगल टीमों द्वारा कोर्ट पर खेला जाने वाला एक रैकेट और शटल के साथ खेला जाने वाला गेम बैडमिंटन कहलाता है।

इस खेल का नाम इंग्लिश काउंटी ग्लोस्टरशायर में ड्यूक ऑफ़ ब्यूफोर्ट के घर बैडमिंटन हाउस से लिया गया है। वर्तमान में बैडमिंटन मैच बेस्ट ऑफ 3 गेम के लिए खेले जाते हैं, जिसके अनुसार पहले जो भी खिलाड़ी 2 सेट अपने नाम कर लेता है वह विजेता घोषित कर दिया जाता है। बैडमिंटन का प्रत्येक राउंड 21-21 पॉइंट का होता है। इस खेल में इस्तेमाल होने वाले कोर्ट की लंबाई 13.4 मीटर होती है। तो वहीं, सिंगल्स के लिए कोर्ट की चौड़ाई 5.8 मीटर और डबल्स के लिए 6.01 मीटर होती है। खेल में प्रयुक्त नेट की निर्धारित ऊंचाई 1.2 ही मीटर रखी जाती है। मैदान के चारों ओर प्रयुक्त डबल लाइन और सिंगल लाइन भी बनी होती है, जिसे सिंगल्स और डबल्स स्पर्धाओं में अलग-अलग तरह से उपयोग में लाया जाता है।

बैडमिंटन का ओलंपिक में डेब्यू 1992 में हुआ था। तो वहीं, मिश्रित युगल स्पर्धा की शुरुआत 1996 के अटलांटा ओलंपिक गेम्स में हुई थी। 2024 के पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत को लक्ष्य सेन से स्वर्ण पदक की पूरी-पूरी उम्मीद है। जो सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर चुके हैं। तो वहीं, पिछले दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु इस बार क्वार्टरफाइनल में हारकर टूर्नामेंट से पहले ही बाहर हो चुकी हैं।



## 12 साल बाद धोनी से मिले टी-20 वर्ल्ड कप 2007 फाइनल के हीरो जोगिंदर शर्मा

नई दिल्ली, 3 अगस्त। 2007 टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल के हीरो जोगिंदर शर्मा की हाल ही में मुलाकात पूर्व कप्तान एमएस धोनी से हुई। जोगिंदर पूरे 12 साल बाद माही से मिले और वह इस दौरान काफी खुश नजर आएं। जोगिंदर शर्मा ने इस मुलाकात की कुछ झलकियां अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। धोनी से हुई मुलाकात की झलकियां शेयर कीं और कहा कि वह 12 साल बाद धोनी से मिलकर वाकई बहुत खुश हैं। जोगिंदर ने ऐ यार सुन यारी तेरी नाम का एक पुराना हिंदी गाना इस्तेमाल किया और पोस्ट को कैप्शन दिया, "बहुत लंबे समय के बाद धोनी से मिलकर अच्छा लगा। लगभग 12 साल बाद आपसे मिलने का मजा आज अलग था।" जोगिंदर शर्मा ने भारत को 2007 टी20 वर्ल्ड कप का चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। धोनी ने फाइनल का आखिरी ओवर जोगिंदर शर्मा को देकर एक जुआ खेला था और जोगिंदर उनकी उम्मीदों पर खरे उतरे थे। माही का जोगिंदर को आखिरी ओवर देना एक निर्णायक फैसला साबित हुआ, मिस्बाह उल हक का विकेट लेकर जोगिंदर शर्मा ने भारत को पहला टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीताया था।

## सात्विक-चिराग के कोच मैथियास बो ने किया संन्यास का ऐलान

पेरिस, 3 अगस्त। भारतीय पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के कोच मैथियास बो ने पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों के बाद अपने संन्यास की घोषणा की है। बो ने सोशल मीडिया पर कहा, मेरे लिए मेरे कोचिंग के दिन समाप्त होते हैं, मैं कम से कम अभी के लिए भारत या कहीं और कोचिंग जारी नहीं रखूंगा। मैंने बैडमिंटन हॉल में बहुत अधिक समय बिताया है और कोच बनना भी काफी तनावपूर्ण है। बो के सानिध्य में भारतीय जोड़ी सात्विक-चिराग ने कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में खिताब जीते जबकि विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता। उन्होंने अपनी पोस्ट में सात्विक-चिराग की प्रशंसा की। उन्होंने अपने पेरिस 2024 अभियान के बाद कहा, मुझे पता है कि आप लोग निराश हैं, मुझे पता है कि आप भारत के लिए पदक वापस लाना चाहते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होना था। बो ने आगे कहा, लेकिन आपके पास गर्व करने के लिए सबकुछ है, आपने इस ओलंपिक कैंप में कितनी मेहनत की है। आपने पिछले वर्षों में बहुत कुछ जीता है और आप भविष्य में भी बहुत कुछ जीतने जा रहे हैं।

## हर हॉकी अकादमी, आर्मी बॉयज स्पोर्ट्स कंपनी रिपब्लिकन स्पोर्ट्स क्लब और अश्विनी स्पोर्ट्स अकादमी को पूल-डी में रखा गया

नई दिल्ली, 3 अगस्त। महिला वर्ग में दो पूल हैं। पूल ए में हर हॉकी अकादमी, खालसा हॉकी अकादमी (अमृतसर), अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी और रितु रानी हॉकी अकादमी शामिल हैं। पूल बी में जय भारत हॉकी अकादमी, सिटीजन हॉकी इलेवन, राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी और आर के रॉय हॉकी अकादमी शामिल हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, खिलाड़ियों के पूर्ण विकास को सुनिश्चित करने के लिए हमें युवाओं को उनके करियर के शुरुआती चरण में पर्याप्त मैच अनुभव प्रदान करना चाहिए। सब जूनियर अकादमी चैंपियनशिप युवाओं को वर्षों से की गई कड़ी मेहनत के परिणामों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच देगी।

## भारत की तीरंदाजी में पदक का 52 साल का इंतजार और लंबा हुआ

पेरिस, 3 अगस्त। ओलंपिक में तीरंदाजी पदक के लिए भारत का 52 साल पुराना इंतजार शनिवार को यहां चार बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी के बाहर होने के साथ और भी लंबा हो गया। भारतीय मिश्रित टीम के चौथे स्थान पर रहने के एक दिन बाद शनिवार को 30 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने प्री-क्वार्टर फाइनल में जर्मनी की ओलंपिक रजत पदक विजेता मिशेल क्रोपेन को 6-4 (27-24, 27-27, 27-29, 27-27) से हराकर अच्छी शुरुआत की लेकिन वह क्वार्टर फाइनल में 19 वर्षीय कोरियाई खिलाड़ी नाम सुहयोन से 6-4 (26-28, 28-25, 28-29, 29-27, 29-27) से हार गयीं। अपने चौथे ओलंपिक में भाग ले रही अनुभवी भारतीय खिलाड़ी ने धैर्य के साथ संघर्ष किया, दूसरे सेट में अंक बांटे और तीसरे सेट में सात का स्कोर करने के बाद भी अपनी बढ़त 5-1 कर ली।

# ब्रिटेन से भिड़ेगी भारतीय हॉकी टीम



नई दिल्ली, 3 अगस्त। भारतीय हॉकी टीम का पेरिस ओलंपिक 2024 में अभी तक का प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा है। ग्रुप स्टेज में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और आयरलैंड को हराने वाली भारतीय टीम की अगली भिड़ंत तय हो गई है। दरअसल, भारत का अगला मुकाबला ग्रेट ब्रिटेन से है। ब्रिटेन अपने ग्रुप ए में तीसरे स्थान पर है, जबकि भारत ग्रुप बी में दूसरे पर काबिज है। वहीं बता दें कि, टोक्यो ओलंपिक में भारत ने क्वार्टर फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन को ही हराया था।

भारतीय हॉकी ने अपने पिछले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हराकर इतिहास रच दिया था। भारत ने ओलंपिक्स में कंगारू टीम को 52 साल बाद हराया है। लेकिन भारत को ऑस्ट्रेलिया से पहले बेल्जियम के हाथों हार झेलनी पड़ी। वहीं अर्जेंटीना से भारत ने ड्रॉ खेला था। वहीं ब्रिटेन की बात करें तो उसे अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में जर्मनी के खिलाफ 1-2 से हार झेलनी पड़ी। भारत और ब्रिटेन के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला 4 अगस्त रविवार को खेला जाएगा। वहीं ये मुकाबला भारतीय समयानुसार दोपहर 1.30 बजे से शुरू होगा।

## अनवर ने बिना उचित कारण के मोहन बागान से तोड़ा नाता : एआईएफएफ

कोलकाता, 3 अगस्त। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने शनिवार को कहा कि डिफेंडर अनवर अली (23) द्वारा अपने क्लब मोहन बागान सुपर जायंट के साथ खिलाड़ी ऋण समझौते से संबंधित समाप्ति बिना किसी उचित कारण के की गई। एआईएफएफ की प्लेयर्स स्टेटस कमेटी ने अपने अंतरिम आदेश में अनवर अली द्वारा अपने क्लब मोहन बागान सुपर जायंट के साथ खिलाड़ी ऋण समझौते से संबंधित बर्खास्तगी को बिना किसी उचित कारण के पाया। समिति ने दो अगस्त 2024 को आयोजित अपनी बैठक में विवाद के दोनों पक्षों को सुना और निष्कर्ष निकाला कि खिलाड़ी द्वारा बिना किसी उचित कारण के अनुबंध समाप्त करने के लिए प्रतिवादी क्लब के लिए उपाय केवल क्षतिपूर्ति/मुआवजा और संबंधित विनियमों से उत्पन्न होने वाले अन्य संबंधित परिणामों में निहित है। समिति ने दिल्ली एफसी और ईस्ट बंगाल एफसी को प्रभावित पक्ष पाया और उन्हें अपना लिखित जवाब प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया, साथ ही खिलाड़ी और क्लब को आठ अगस्त, 2024 तक मुआवजे और इस तरह की समाप्ति से उत्पन्न होने वाले किसी भी अन्य परिणाम तक सीमित एक और जवाब प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई है। समिति सभी उत्तरों की प्राप्ति पर मुआवजे के मुद्दे और या बिना किसी उचित कारण के ऋण अनुबंध की समाप्ति से उत्पन्न होने वाले किसी भी अन्य परिणाम पर निर्णय लेने के लिए अगली सुनवाई की तारीख तय करेगी।

## मनु भाकर पदकों की हैट्रिक लगाने से चूकी

नई दिल्ली, 3 अगस्त। भारतीय निशानेबाज मनु भाकर पेरिस ओलंपिक खेलों की 25 मीटर महिला स्पोर्ट्स पिस्टल निशानेबाजी स्पर्धा में शनिवार को यहां चौथे स्थान पर रहते हुए पदक से चूक गयी। बाइस साल मनु ने आठ महिलाओं के फाइनल में 28 का स्कोर किया और इस खेलों में पदकों की हैट्रिक पूरी करने से चूक गईं। वह शूट-ऑफ में हंगरी की कांस्य पदक विजेता वेरोनिका मेजर से हार गईं। इससे पहले उन्होंने गुरुवार को प्रिसिजन में 294 और रेपिड में 296 अंक के साथ कुल 590 अंक जुटाकर क्वालीफिकेशन में दूसरा स्थान हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया था। मनु भाकर ने व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीतने के बाद सरबजोत सिंह के साथ मिलकर मिश्रित टीम वर्ग में भी कांस्य पदक जीता। वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं।

## मीराबाई चानू से इस बार गोल्ड मेडल की आस



नई दिल्ली, 3 अगस्त। टोक्यो ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीतने वाली स्टार वेटलिफ्टर सेखोम मीराबाई चानू से देश को इस बार गोल्ड मेडल की आस है। 49 किलो भारवर्ग में वजन उठाकर गोल्ड मेडल का जोर लगाने के लिए मीराबाई पूरी जोरों शोरों से तैयारी कर रही हैं। साथ ही दिलचस्प बात ये है कि भारत की तरफ से इस इवेंट में मीराबाई एकलौती एथलीट हैं जो पेरिस में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

वहीं 49 किग्रा की कैटेगरी में क्वॉलीफाई कर चुके बाकी एथलीट्स को देखें तो फिलहाल पूरी दुनिया में सिर्फ एक ही वेटलिफ्टर हैं जिसने मीराबाई से ज्यादा वजन उठाया है। मीराबाई ने 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में भी गोल्ड अपने नाम किया था। उन्होंने वर्लड चैंपियनशिप में भी सिल्वर मेडल जीता था। हालांकि, वह 2022 एशियाई खेलों में अपना जलवा नहीं दिखा पाई थीं।

भारतीय फैंस इस बार उनके स्नैच, क्लीन और जर्क राउंड में बेहतरीन तालमेल को देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मीराबाई ने कॉमनवेल्थ गेम्स में कुल 201 किलो वजन उठाकर सोने का तमगा अपने नाम किया था, तब उनके मुकाबले में उनके आसपास भी कोई नहीं थी। इन खेलों में सिल्वर मेडल अपने नाम करने वाली उनकी प्रतिद्वंद्वी ने सिर्फ 172 किलो भार ही उठाया था। चानू का टारगेट इस बार अपने दोनों राउंड की वेटलिफ्टिंग में ज्यादा से ज्यादा 115 किलो का वजन उठाने पर होगा।

### उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी थे

# आरसीए का एंपायर व स्कोरर (पुरुष व महिला) फ्रेशर सेमीनार शुरू

जयपुर, 3 अगस्त। आरसीए के 3 दिवसीय आरसीए एम्पायर व स्कोरर (पुरुष व महिला) फ्रेशर सेमिनार व परीक्षा का उद्घाटन आज दिनांक 3 अगस्त 2024 को प्रात: 11 बजे होटल विएना, गाँधी पथ वैशाली नगर में हुआ। सेमिनार के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी थे साथ इस इस अवसर पर आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य रतन सिंह शेखावत, धर्मवीर सिंह शेखावत व हरीश चंद्र सिंह, सेमिनार के सह संयोजक सतीश व्यास, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी पंकज सिंह, राजस्थान के पूर्व रणजी कप्तान रोहित




झालानी, विनीत सक्सेना, आरसीए क्यूरेटर तापोश चटर्जी सहित आरसीए ऑफिशियल मौजूद थे। सेमिनार के उद्घाटन आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक श्री जयदीप बिहाणी जी ने कहा की जब से एडहॉक कमेटी का गठन हुआ है उनका व सभी सदस्यों का पूरा प्रयास रहा है की राज्य के युवा खिलाडियों के लिए हर स्तर पर उचित खेल का वातावरण व सहायता उपलब्ध कराई जाये जिससे उन्हें आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र में न केवल खेलने का मौका मिले साथ ही उन्हें उच्च स्तरीय विकेट, मैदान व प्रशिक्षित मैच ऑफिशल्स उपलब्ध हो सके।

## मनु आपने कम उम्र में स्थापित की उल्लेखनीय विरासत : बिंद्रा

नई दिल्ली, 3 अगस्त। बीजिंग ओलंपिक 2008 के स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने भारतीय महिला शूटर मनु भाकर का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि उन्होने मात्र 22 साल की उम्र में एक उल्लेखनीय विरासत स्थापित कर ली है। मनु ने पेरिस ओलंपिक 2024 में 10 मीटर पिस्टल की व्यक्तिगत और मिश्रित स्पर्धा में कांस्य पदक जीत कर देश को गौरवान्वित किया है हालांकि शनिवार को वह 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में हैट्रिक पदक पर निशाना लगाने से चूक गयी और उन्हे चौथे स्थान पर संतोष करना पड़ा। बिंद्रा ने मनु के प्रयास की सराहना करते हुये एक्स पर पोस्ट किया मनु, आपने पूरे देश को अपनी अविश्वसनीय उपलब्धि की सराहना करने के लिए मजबूर कर दिया है। तीसरा ओलंपिक पदक जीतना एक असाधारण उपलब्धि होती, लेकिन आपने पेरिस में जो हासिल किया वह वास्तव में स्मारकीय है। आपकी यात्रा अथक परिश्रम और समर्पण का प्रमाण है। मात्र 22 साल की उम्र में, आपने पहले ही एक उल्लेखनीय विरासत स्थापित कर ली है, और यह केवल शुरुआत है। मनु भाकर ऐसी चौथी भारतीय निशानेबाज है जो मामूली अंतर से हार कर ओलंपिक में चौथी पायदान पर आयी हैं। इससे पहले मौजूदा ओलंपिक में भारतीय पुरुष शूटर अर्जुन बाबूता 10 मीटर एयर राइफल में चौथे स्थान पर आये थे जबकि 2012 के लंदन ओलंपिक में जॉयदीप कर्माकर को पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन में चौथे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। 2008 के ओलंपिक गोल्ड मैडेलिस्ट अभिनव बिंद्रा रियो ओलंपिक 2016 में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में पदक जीतने से चूके थे।

# प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में चार संयुक्त उपक्रमों की स्थापना को मंजूरी

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में निर्णय लिया गया

- इन उपक्रमों से 1 लाख 34 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा।
- इन संयुक्त उपक्रमों से प्रदेश में मेट्रो परियोजनाओं को गति मिलेगी।

जयपुर, 3 अगस्त (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को हुई राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक में ऊर्जा क्षेत्र में चार संयुक्त उपक्रमों की स्थापना को मंजूरी दी गई। इन उपक्रमों से प्रदेश में 1 लाख 34 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसके अलावा जॉइंट वैंचर (जे.वी.) कंपनी से प्रदेश में मेट्रो परियोजनाओं का संचालन होगा। वहीं संस्कृत शिक्षा विभाग में पदनाम परिवर्तन, इसी के साथ चिकित्सा शिक्षा विभाग में सुपर स्पैशिएलिटी शिक्षकों की कमी दूर करने से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेट्रो रेल नीति 2017 के अनुसार, केंद्र सरकार और राज्य के बीच संयुक्त उद्यम (जे.वी.) कंपनी के गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। यह संयुक्त उद्यम राजस्थान में वर्तमान में चल रही एवं भविष्य की मेट्रो रेल परियोजनाओं के विकास, परिचालन एवं क्रियान्वयन के लिए होगा। मेट्रो रेल नीति-2017 के अनुसार इस जे.वी. को भारत सरकार से मेट्रो परियोजना लागत में वित्तीय सहयोग (अंशपूंजी एवं ऋण के रूप में) प्राप्त हो सकेगा। साथ ही, राज्य की मेट्रो परियोजनाओं के लिए तकनीकी एवं प्रशासनिक सहयोग प्राप्त हो सकेगा।

मंत्री ने बताया कि प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से गत 10 मार्च को राज्य सरकार और विभिन्न केन्द्रीय पब्लिक सेक्टर यूनिट (पी.एस.यू.) के बीच हुए एम.ओ.यू. की अनुपालना में मंत्रिमंडल की बैठक में भारत सरकार की विभिन्न पी.एस.यू. के साथ जॉइंट वैंचर कंपनियों के गठन के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। इन परियोजनाओं में राज्य सरकार की कंपनियों की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत और केन्द्रीय पी.एस.यू. कंपनियों की हिस्सेदारी 74 प्रतिशत रहेगी।

उन्होंने बताया कि कोल इंडिया लिमिटेड और राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड (आर.वी.यू.एन.एल.) के बीच दो अलग अलग जॉइंट वैंचर की स्थापना की जाएगी। इसमें एक तापीय परियोजना एवं दूसरी अक्षय ऊर्जा परियोजना होगी। इन जेवी से बिजली की बेस लोड और पीक लोड डिमांड पूरी होगी। साथ ही बिजली उत्पादन में प्रदेश के वित्तीय भार में कमी आएगी। पहली परियोजना के अंतर्गत कालीसिंध तापीय परियोजना झालावाड़ परिसर में 800 मेगावाट की इकाई या किसी अन्य पीटहैड ग्रीनफील्ड कोयला परियोजना की स्थापना की जाएगी। दूसरी जेवी के तहत दो हजार से ढाई हजार मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना, पंप स्टोरेज परियोजना और पवन ऊर्जा परियोजना की स्थापना की जाएगी। इन परियोजनाओं से 17 हजार 200 करोड़ से 24 हजार 400 करोड़ रूपये का प्रदेश में निवेश होगा।

मंत्री ने बताया कि अक्षय ऊर्जा परियोजना की स्थापना के लिए एन.टी.पी.सी. ग्रीन एनर्जी एवं आर.वी.यू.एन.एल. के मध्य जॉइंट वैंचर होगा। यह उपक्रम 25 हजार मेगावाट की सोलर/विंड/हाइब्रिड एनर्जी सहित नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना करेगा। इसके माध्यम से प्रदेश में एक लाख करोड़ रूपये का निवेश होगा।

उन्होंने बताया कि विद्युत प्रसारण परियोजनाओं की स्थापना के लिए पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड एवं राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के मध्य जॉइंट वैंचर कंपनी की स्थापना की जाएगी। इससे राजस्थान में बढ़ती विद्युत लोड की मांग की पूर्ति के लिए ट्रांसमिशन प्रणाली का विकास हो सकेगा। यह जे.वी. (निर्माण, स्वामित्व, संचालन एवं रखरखाव) आधार पर ट्रांसमिशन सिस्टम का संचालन करेगी और अपने द्वारा बनाई गई संपूर्ण ट्रांसमिशन क्षमता राजस्थान डिस्कॉम को उपलब्ध करवाएगी। इस जे.वी. के माध्यम से प्रदेश में 10 हजार करोड़ का निवेश होगा।

मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2024-25 के लेखानुदान में प्रसारण निगम में केन्द्र सरकार के ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) लाने की घोषणा की गई है। इसकी अनुपालना में राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड इनविट का गठन करेगा तथा इसे सेबी में पंजीकृत किया जाएगा। आर.वी.पी.एन. को इनविट के माध्यम से अपनी परिचालन ट्रांसमिशन परिसंपति के मुद्रीकरण के लिए अधिकृत करने का प्रस्ताव आज अनुमोदित किया गया है।



*भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा मुख्यालय में शनिवार को कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी मौजूद थीं।*

# ''बन्ना म्हारो केशरियो हजारी गुल रो फूल...'', मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं का आव्हान किया

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा, भाजपा की सरकार ने सत्ता संभालते हुए एस.आई.टी. गठित की और 7 माह में 115 पेपर माफियाओं को सलाखों के पीछे पहुंचाया

- नए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने कहा, केंद्रीय नेतृत्व ने सहज, सरल और जमीन से जुड़े हुए कार्यकर्ता को प्रदेश की कमान सौंपी।
- इस अवसर पर वसुंधरा राजे ने कहा, राजनीति में पद, मद और कद महत्वपूर्ण है। जनता के प्यार और विश्वास से अर्जित करें स्थाई कद।

जयपुर, 3 अगस्त, (का.सं.)। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पदभार ग्रहण करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रर्ताओं के सम्मान और स्वाभिमान के लिए खून पसीना एक कर दूंगा। उन्होंने कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति को देखकर भावविभोर होकर कहा कि जो स्नेह और सम्मान मुझे दिया गया है, उसका मैं ऋणी हूं। जो मार्गदर्शन मुझे मिला है, उसके अनुसार संगठन और सत्ता के मध्य सेतु बनकर शीर्ष नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरा करूंगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जिस मोहल्ले में रहते हैं, वो वहां सरकार के प्रतिनिधि हैं। आज राज कार्यकर्ताओं का है, सरकार कार्यकर्ताओं की है और सरकार के द्वारा किए गए कार्यों को जनता तक ले जाने की जिम्मेदारी भी कार्यकर्ताओं की है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने राजस्थानी गीत का उदाहरण देते हुए कहा, विवाह में दूल्हे के लिए परिजन महिलाएं गीत गाती हैं कि ''बन्ना म्हारो केशरियो हजारी गुल रो फूल...''। वैसे ही देश का नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राजस्थान का नेतृत्व करने वाले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हम सबके दूल्हा हैं। राठौड़ ने कहा कि मेरे पूर्ववर्ती नेतृत्वकर्ताओं ने संगठन को मजबूती देने का और आगे बढ़ाने का काम बड़ी शिद्दत से किया है। मैं उनसे प्रेरणा लेकर और उनके मार्गदर्शन में जो विश्वास केन्द्रीय नेतृत्व ने जताया है और जो भरोसा कार्यकर्ताओं ने किया है, उस पर खरा उतरने में कोई कोर कसर नहीं छोडूंगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का अभिनंदन करते हुए कहा कि मदन राठौड़ के नेतृत्व में हम सब भाजपा के विचार की इस यात्रा को आगे बढ़ाएंगे। हमारे कार्यकर्ताओं ने विचार और संस्कार के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कुशासन में जनता परेशान थी, पेपरलीक हो रहे थे। भाजपा की सरकार बनने के साथ ही एस.आई.टी. का गठन कर पेपर माफियाओं की कमर तोड़ने का काम किया गया। आज 115 से ज्यादा पेपर माफिया जेल की सलाखों के पीछे हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के नेता कहते हैं कि अभी तो मछलियां पकड़ी गई हैं, मगरमच्छ बाहर हैं, मैंने उनको भी कहा है और आपको विश्वास दिलाता हूं कि जल्द ही मगरमच्छ भी शिंकजे में होंगे।

भाजपा के निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस जाति और मजहब के नाम पर देश को बांटने का षडयंत्र कर रही है। उसे रोजे में रोजेदारों के लिए अलग से व्यवस्थाएं करना अच्छा लगता है लेकिन श्रावण के पवित्र माह में कावड़ियों की आस्था का सम्मान करना नागवार गुजरता है।

उन्होंने कहा, केन्द्रीय नेतृत्व ने मदन राठौड़ जैसे सहज, सरल और जमीन से जुड़े हुए कार्यकर्ता को प्रदेश की कमान सौंपी है। इसके लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार, और हम सब मिलकर उनके नेतृत्व में काम करेंगे।

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने इस अवसर पर कहा कि राजनीति में उतार-चढाव आते रहते हैं, हर किसी को इस दौर से गुजरना पड़ता है। राजनीति में तीन चीजें महत्वपूर्ण हैं, पद, मद और कद। पद और मद तो आते जाते हैं लेकिन, जो व्यक्ति अपने काम से कद को बना लेता हैं, यही उसकी पूंजी है। जनता के प्यार और विश्वास से अर्जित कद स्थाई है, जिसे कोई छीन नहीं सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल पार्टी नहीं है, एक परिवार है और इस परिवार की सदस्य होकर मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस करती हूं।

भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि वसुंधरा जी की पूर्ववर्ती सरकार हो या वर्तमान की हमारी भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार, हमारे लिए लोक कल्याण सर्वोपरि है। उन्होंने कहा, हम सबका पूरा विश्वास है कि अपने अनुभव से संगठन की ऊर्जा का उपयोग करते हुए मदन राठौड़ भाजपा को एक नए मुकाम पर ले जाएंगे।

इस अवसर पर मंच संचालन भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल ने किया और प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने आभार व्यक्त किया। मंच पर राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, सतीश पूनिया व अरुण चतुर्वेदी सहित अनेक वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम के बाद भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की।

### कार्यक्रम में संत शक्ति का मिला आशीर्वाद

कार्यक्रम में अलग से बने एक मंच पर प्रदेश के प्रख्यात साधू-संत उपस्थित थे। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को संतजनों ने अपना आशीर्वाद दिया। वे मंच पर पहुंचते ही सबसे पहले संत शक्ति के मंच पर पहुंचे और आशीर्वाद लिया।

### जयपुर एयरपोर्ट से प्रदेश मुख्यालय तक जोरदार स्वागत

भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के राजधानी दिल्ली से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचने पर भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाव-भीना स्वागत किया। इसके बाद युवा मोर्चा के नेतृत्व में बाइक रैली एयरपोर्ट से भाजपा प्रदेश मुख्यालय तक निकालकर नए प्रदेश अध्यक्ष की अगवानी की गई। इस दौरान रास्ते में भाजपा के विभिन्न मोर्चा, प्रकोष्ठों और सामाजिक संगठनों की ओर से पुष्पवर्षा एवं ढोल-नगाड़ों के साथ नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया।

### विधि विधान पूर्वक संभाली जिम्मेदारी

भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचने पर वैदिक पूजा अर्चना के बाद नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी से प्रदेश के नए अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, संगठन सह प्रभारी विजया राहटकर, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल, पूर्व मंत्री कैलाश चौधरी, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित प्रमुखजन उपस्थित थे।

## सुप्रीम कोर्ट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वर्गीकृत कर दें तथा यह कारण बता दें कि उन लोगों के पास तो नौकरी हैं। लेकिन यह एक अन्याय होगा क्योंकि स्वीपर का काम करने वाली जातियों के साथ बहुत अधिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक भेदभाव होता आ रहा है। संविधान-निर्माताओं ने, एस.सी./एस.टी. के सजातीय वर्गों के प्रति ''ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा आर्थिक भेदभाव के आधार पर, उनको आरक्षण दिया था। इस विचार की दलील है कि आरक्षित कोटा के अन्दर उपश्रेणी बना देने से संविधान की भावना ही पीछे छूट जायेगी। चिराग पासवान ने कहा ''एस.सी./एस.टी. कोटा में क्रीमी लेयर निर्धारित करने की अनुमति हरगिज़ नहीं दी जा सकती। एस.सी./एस.टी. कोटा के अन्दर उपश्रेणियाँ बनाने से उस सामाजिक रूप से उपेक्षित तबके के उत्थान का उद्देश्य ही पूरा नहीं होगा, जो छुआछूत का शिकार रहा है।

यह भी सम्भव है कि शीर्ष अदालत का यह निर्णय दलित राजनैतिक के नए ब्रान्ड के उभरने का कारण बन जाये, क्योंकि दलित और आदिवासी वर्गों के विभिन्न श्रेणियों या उप-श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करने वाले नेता तथा राजनैतिक दल उभर कर आ सकते हैं।

इसके साथ ही, राष्ट्रीय जातिगत जनगणना की माँग भी सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद जोर पकड़ सकती है क्योंकि राज्य सरकारों को उन जातियों की उप-श्रेणियों के सामाजिक-आर्थिक पैटर्न से सम्बन्धित आँकड़ों की जरूरत पड़ेगी।

## पश्चिमी देशों में भारतीय मूल के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नीतियों, खासकर आतंक समन्वय को रोकने में इन्टरनेट सेवाओं को निलम्बित करने को लेकर की गई उनकी आलोचना ने भारतीय हितों को नुकसान पहुंचाया।

भारतीय मूल की होने और भारत के साथ पारिवारिक रिश्ते होने के बावजूद जयपाल ने अमेरिकी कांग्रेस में भारत के खिलाफ एक भ्रामक प्रस्ताव पेश किया, जिसका उद्देश्य प्रकट रूप से अमेरिका की सरकार को प्रभावित करना था, लेकिन विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस मामले में एक सटीक फटकार लगाई, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि ऐसी राजनीतिक शोशेबाजी के बावजूद भारत के पास अपने हितों की रक्षा करने की सामर्थ्य है।

निक्की हैली, प्रीत भरारा, बॉबी जिन्दल और सुएला ब्रेवरमैन जैसे भारतीय मूल के अन्य राजनेता ऐसी ही मनोवृत्तियों का प्रदर्शन करते हैं। अग्रणी रिपब्लिकन एवं संयुक्त राष्ट्रसंघ में अमेरिका की पूर्व राजदूत रह चुकीं हेली ने प्राय: ऐसा स्टैण्ड लिया, जो उनकी पार्टी की नीतियों से तो मेल खाता था किन्तु भारतीय हितों के विपरीत था। इस बात का एक उदाहरण यह है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर हुई चर्चा में उन्होंने भारत और चीन को ''दो प्रदूषक'' देश बताया था। यह भाषण अमेरिका में तो राजनीतिक दृष्टिकोण से लाभप्रद है किन्तु भारत की विकासात्मक चुनौतियों और ऊर्जा के सतत प्रयासों की अनदेखी करता है।

अमेरिका के दक्षिणी जिले में यू.एस.अटॉर्नी रह चुकी प्रीत भरारा ने भारतीय कूटनीतिक देवयानी खोब्रागडे के कथित वीज़ा घोटाले के लिए हुए अभियोजन में प्रमुख भूमिका निभाई थी। इस मुद्दे पर भारत और अमेरिका के बीच एक बड़ी कूटनीतिक जंग भी चली। खोब्रागड़े को अपने कपड़ों की तलाशी न लिए जाने की कूटनीतिक छूट प्राप्त थी, लेकिन इस मामले में भरारा का कहना था कि यह एक नियमित प्रक्रिया है, और इससे भारतीय नाराज़ हो गए थे। भरारा का रुख प्राय: इन धारणाओं को जन्म देता है कि वह अपनी खुद की नस्ल के लोगों को ही निशाना बनाती हैं।

यू.के. की पूर्व गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन को अपने ''प्रवासी-रोधी'' रुख के लिए जाना जाता था। उन्होंने प्रवासन को आंधी-तूफान की संज्ञा दी थी। विडम्बना यह है कि ब्रेवरमैन के स्वयं के माता-पिता ने 1960 के दशक में यू.के. में भारत के साथ एक व्यापार समझौते की यह कहकर आलोचना की थी कि भारतीय अपनी वीज़ा अवधि खत्म होने के बावजूद यू.के. में जमे रहते हैं।

अमेरिकी इतिहास में पहले भारतीय-अमेरिकी गवर्नर बने बॉबी जिन्दल ने स्वयं को भारतीय वंशक्रम से हटाकर ईसाई धर्म ग्रहण कर अपनी अमेरिकी पहचान स्थापित की। इससे उन्हें रिपब्लिकन राजनीति में आगे बढ़ने में मदद मिली।

लेकिन इन दबावों के बावजूद भारतीय मूल के सभी नेताओं ने अपनी जड़ों को पूर्णतया नहीं त्यागा है, यद्यपि विदेशों में उनके राजनीतिक अभ्युदय की परिणति भारत के लिए वास्तविक लाभों में नहीं होती। उदाहरण के लिए यू.के. के प्रधानमंत्री के रूप में ऋषि सुनक के कार्यकाल में, उनके भारतीय मूल और हिन्दू पहचान के बावजूद भारत-यू.के. व्यापार समझौते में थोड़ी-बहुत प्रगति हुई।

## 2023 में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के आरम्भ में एक अग्रणी ग्लोबल इन्वैस्टमैंट माइग्रेशन एडवायज़री फर्म ने खुलासा किया था कि गत तीन वर्षों में 17,000 से ज्यादा करोड़पतियों, जिनमें प्रत्येक की नैटवर्थ एक मिलियन डॉलर से अधिक थी, ने भारत छोड़ दिया है। उच्च नैटवर्थ और कुशल भारतीयों के भारत छोड़ने का कारण अपारदर्शी कर नीतियों और मनमाने का प्रशासन का परिणाम हो सकता है, इसके अलावा गत एक दशक से भारत में भय का माहौल है। उन्होंने कहा कि ये लोग सिंगापुर, यू.ए.ई., यू.के. और अन्य जगहों को पसंद कर रहे हैं। यह एक ऐसी आर्थिक स्थिति जो हमारे राजस्व के आधार को भारी नुकसान पहुंचाएगा।

## कांग्रेस ने भाजपा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उन्होंने यह भी कहा कि अंतिम मतदान आंकड़े जारी करने में चुनाव आयोग को इतना अधिक समय क्यों लगा, जबकि तकनीकी आधुनिक तकनीकी प्रक्रिया हर दो घंटे में आंकड़े अपडेट होते हैं। उन्होंने कहा, पहले चरण के मतदान के लिए फाइनल आंकड़े जारी करने में चुनाव आयोग को ग्यारह दिन लग गए, दूसरे चरण के लिए उसने 6 दिन लिए तथा बाद के चरणों के लिए 4 से 5 दिन।

दीक्षित ने कहा, इससे ना केवल भारतीय चुनाव आयोग, की विश्वसनीयता परा सवाल खड़े हुए हैं, बल्कि समस्त चुनाव प्रक्रिया को लेकर संदेह पैदा हो गया है। दीक्षित चुनाव आयोग के इस स्पष्टीकरण से सहमत नहीं थे कि मतदान के फाइनल आंकड़े देर से जारी करने के पीछे संचार व इन्टरनैट मुख्य कारण थे। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट टैक्नोलॉजी की उपलब्धता के कारण प्रारंभिक तथा अंतिम आंकड़ों में अधिक अंतर नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सन् 2019 में, प्रारंभिक तथा अंतिम मतदान आंकड़ों में करीब एक प्रतिशत का अंतर था और पांच सालों के बाद औसत अंतर बढ़कर 4.7 प्रतिशत हो गया है। दीक्षित ने कहा, अगर चुनाव आयोग संतोषजनक जवाब नहीं दे सका तो कांग्रेस इस मामले में जाँच के लिए उच्चस्तर पर संपर्क करेगी।

## 21 साल से कम ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वित्त सचिव, कर्मचारी चयन बोर्ड और राजकोष निदेशक के साथ राजस्व मंडल के रजिस्ट्रार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश संदीप व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने 20 जून, 2023 को कनिष्ठ लेखाकार और तहसील राजस्व लेखाकार के पदों पर भर्ती निकाली थी, जिसमें अभ्यर्थी की उम्र न्यूनतम 21 साल रखी गई थी। इसके अलावा आरक्षित वर्ग के अलावा अन्य अभ्यर्थी के भर्ती की लिखित परीक्षा में कम से कम चालीस फीसदी अंक होने चाहिए थे।

याचिका में कहा गया कि भर्ती विज्ञापन की इन दोनों शर्तो की अवहेलना हुई है। कर्मचारी चयन बोर्ड ने बड़ी संख्या में ऐसे अभ्यर्थियों का चयन कर लिया है, जिनके पास भर्ती की लिखित परीक्षा में चालीस फीसदी अंक नहीं हैं। इसके साथ ही कई अभ्यर्थियों को 21 साल की उम्र पूरी नहीं होने के बावजूद चुन लिया गया है, जिसके चलते दूसरे पात्र अभ्यर्थी चयन से वंचित हो गए हैं। याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए भर्ती विज्ञापन की इन दोनों शर्त पूरी नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने पर रोक लगा दी है।

## महाराष्ट्र के चुनाव की गहमा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ए.एन.आई. की खबर के अनुसार, शाह ने कहा था कि ''महा विकास अघाड़ी गठबंधन औरंगजेब फैन क्लब है। यह औरंगजेब फैन क्लब भारत की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता है। उद्धव ठाकरे इस औरंगजेब फैन क्लब के मुखिया हैं। यह फैन क्लब महाराष्ट्र व भारत की सुरक्षा नहीं कर सकता है। यह तो सिर्फ भाजपा ही है जो सबकी सुरक्षा व रक्षा कर सकती है।''

शाह ने यह भी आरोप लगाया कि ''उद्धव ठाकरे ने कसाब के साथ संलप्ति लोगों के साथ बैठकर खाना खाया था और वो पी.एफ.आई. का समर्थन करते हैं और ठाकरे, औरंगाबाद का नाम बदलकर ''संभाजी नगर'' रखने वालों के खिलाफ हैं।

ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, जब शाह ने शिव सेना (यू.बी.टी.) के अध्यक्ष पर सार्वजनिक रुप से हमला बोला है। उन्होंने ठाकरे पर लोकसभा चुनावों के दौरान भी सत्ता के लिए अपनी विचारधारा छोड़ने का आरोप लगाया था।

उद्धव ठाकरे को जून 2022 उस समय मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा था, जब एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिव सेना में बगावत हुई थी। इसके फलस्वरुप, उनकी सरकार गिर गई थी। फरवरी 2023 में भारतीय निर्वाचन आयोग ने शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े को असली शिव सेना के रुप में मान्यता प्रदान की थी। 288 सीटों वाली महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव इस वर्ष के आखिर में होने की संभावना है।

## 'मृत कर्मचारियों ....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता जितेन्द्र के पिता करौली जिले की स्कूल में प्रबोधक पद पर तैनात थे।

इस दौरान नवंबर, 2014 में उनकी मौत हो गई। इस पर याचिकाकर्ता की मां ने अपनी अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया, लेकिन काफी दिनों तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसके लिए विभाग के उच्चाधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण भी मांगा, लेकिन तय समय पर उसे अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी गई।

वहीं, याचिकाकर्ता के वयस्क होने पर विभागीय अधिकारियों ने याचिकाकर्ता की मां के आवेदन को निरस्त कर याचिकाकर्ता से आवेदन ले लिया। इसके बाद उसे नियुक्ति देने की कार्रवाई भी शुरू कर समस्त औपचारिकताएं पूरी कर लीं, लेकिन उसे नियुक्ति नहीं दी। वहीं, 5 फरवरी 2024 को उसका अनुकंपा नियुक्ति का आवेदन यह कहते हुए खारिज कर दिया कि कर्मचारी की मौत के इतने सालों बाद उसे अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी जा सकती है।

इसी प्रकार दूसरे याचिकाकर्ता राहुल गुप्ता का आवेदन भी देरी के आधार पर खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता के पिता वरिष्ठ लिपिक के पद पर करौली जिले में कार्यरत थे। उनका जून 2018 में असामयिक निधन हो गया था। उनके स्थान पर याचिकाकर्ता ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था, लेकिन 24 नवंबर 2023 को इसका आवेदन भी देरी के आधार पर खारिज कर दिया गया। याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## हिमाचल में 47 लापता लोगों का अब तक सुराग नहीं मिला

शिमला, 03 अगस्त। हिमाचल प्रदेश में बादल फटने की तीन घटनाओं में लापता हुए 47 लोगों का अभी भी पता नहीं चला है, इन सभी की तलाश की जा रही है। बुधवार रात को मंडी, शिमला व कुल्लू में बादल फटने की घटनाओं से भारी तबाही हुई है। शिमला के समेज में 33 लोग लापता हैं जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इसके अलावा कुल्लू में नौ और मंडी में पांच लोग लापता हैं। अभी तक छ: लोगों के शव बरामद किए गए हैं। जिनमें पांच मंडी के और एक कुल्लू का है। फिलहाल सेना, एन.डी.आर.एफ. और स्थानीय प्रशासन के 400 लोग तलाशी अभियान में जुटे हुए हैं।

## 'कोचिंग इन्स्टिट्यूट्स ....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कांग्रेस महासचिव सूचना-प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि आंकड़े राज्यसभा को उपलब्ध कराए गए हैं उनसे पता चलता है कि वर्ष 2019 से 2024 के द्वारा कोचिंग संस्थानों से प्राप्त जी.एस.टी. की राशि में तीव्र गति से वृद्धि हुई है और यह राशि 2,241 करोड़ रुपये से बढ़कर 5,517 करोड़ पहुंच गई है।

कांग्रेस की इस मांग को बढ़ते हुए कोचिंग उद्योग के परिप्रेक्ष्य में देखने की आवश्यकता है जिसे टाला नहीं जा सकता है क्योंकि यह आवश्यकता आधारित मांग है, अत: इसके समाधान की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि इन संस्थानों से जी.एस.टी. के संग्रहण में 146 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि हुई है, इसके कुछ हिस्से का उपयोग इसे अच्छे तरीके से लागू करने में लगाया जाना चाहिए परन्तु इसका हिस्सा उभरते हुए इसके बाजार के आकार में होना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि बेशुमार बढ़ते हुए कोचिंग संस्थानों की समस्या से निपटने के लिए भारत में एक समग्र समाधान नीति लाने की जरूरत है। पाठ्यक्रम को भी संशोधित किए जाने की आवश्यकता है और इसे स्कूलों की अन्य गतिविधियों के साथ लाना चाहिए, सभी परीक्षा-आयोजकों को और अधिक संसाधन उपलब्ध कराए जाने की जरूरत है इसके साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि के लिए और अधिक निवेश किए जाने की जरूरत है।

# झारखंड सरकार महिलाओं को प्रतिवर्ष 12,000 रुपए देगी

रांची, 03 अगस्त। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा (जे.एम.एम.) सरकार ने महिलाओं के कल्याण के लिए नई योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत राज्य सरकार 21 से 50 साल की महिलाओं को हर साल 12 हजार रुपये देगी। इस योजना को मईया सम्मान योजना नाम दिया गया है। झारखंड में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होंगे। माना जा रहा है कि महिला मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए हेमंत सोरेन सरकार यह योजना लेकर आई है।

झारखंड सरकार ने इस योजना के ऐलान के साथ ही इसे अमल में लाने के लिए जोरशोर से काम शुरू कर दिया है। राज्य का महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग पात्र महिलाओं को इससे जोड़ने के लिए शिविरों का आयोजन कर रहा है। राज्य के सभी जिलों के संबंधित अधिकारियों को इस योजना को सफल बनाने के लिए जरूरी निर्देश दिए गए हैं।

झारखंड एजेंसी फॉर प्रमोशन ऑफ इन्फॉर्मेशन टैक्नॉलजी ने इस योजना का पोर्टल तैयार किया है। इस पोर्टल के जरिए ही आवेदनों का सत्यापन होगा। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार का दावा है कि पोर्टल पर एक घंटे में ही 36 हजार हिट हुए और एक दिन में करीब 15 लाख हिट हो गए। उन्होंने भरोसा जताया कि मईया योजना राज्य की महिलाओं के उत्थान में कारगर साबित होगी।

## वित्तीय ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बाद ट्रम्प ने दावा किया कि आज के विपरीत उन्होंने अमेरिकन बंदियों को जल्दी छुड़वाया था और रुस को कोई छूट नहीं दी गई थी। लेकिन जानकार सूत्रों का कहना है कि तब भी रुस के बंदियों की रिहाई का सौदा हुआ था। अमेरिकन मध्यस्थों ने एक फाइनैंशियल अखबार ''वॉलस्ट्रीट जर्नल'' के पत्रकार की रिहाई सुनिश्चित करवाई थी। वर्तमान सौदे में अमेरिकन नेवी के कर्मियों की रिहाई करवाने की बात भी चल रही है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908